आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 24°C |

इनसाइड न्यूज

त्रिवेणी नगर और फैजुल्लागंज क्षेत्र का निरीक्षण: सफाई में लापरवाही...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 04 जून, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 230 | www.janexpresslive.com/epaper



'वन नेशन वन हसबैंड' पर सियासी बवाल... 12

# यूपी पुलिस में अग्निवीरों को 3 साल की छूट

## योगी कैबिनेट के 10 फैसले: पर्यटकों को किराए पर कमरा दे सकेंगे, होम स्टे नीति को मंजूरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी में अब लोग पर्यटकों को अपना घर किराए पर दे सकेंगे। यह व्यवस्था ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों के लिए लागू की गई है। इसके लिए होम स्टे का लाइसेंस लेना होगा। इसके अलावा, भारतीय सेना के पूर्व अग्निवीरों को यूपी में नौकरी में सबसे ज्यादा आरक्षण मिलेगा। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को 10 प्रस्तावों को मंजूरी दी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया- अग्निवीरों को पुलिस सिपाही, घुड़सवार, फायरमैन, पीएसी सिपाही की सीधी भर्ती में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। आयु सीमा में 3 साल की छूट दी जाएगी। अग्निवीर का पहला बैच 2026 में आएगा। शर्त यह है कि वह यूपी का मूल निवासी होना चाहिए। मंत्री खन्ना ने दावा किया कि सीआईएसएफ, बीएसएफ ने 10 प्रतिशत, हरियाणा में 10 प्रतिशत और ओडिशा में भी 10 प्रतिशत आरक्षण अग्निवीरों को दिया जा रहा है। ऐसे में यूपी में उन्हें सबसे ज्यादा आरक्षण दिया जाएगा।



### पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मिलेगी सस्ती आवास सुविधा

अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, वाराणसी सहित प्रमुख तीर्थ और पर्यटन स्थलों पर अब लोगों को सस्ती आवास सुविधा मिलेगी। योगी कैबिनेट की मंगलवार को आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) एवं होम स्टे नीति 2025 को मंजूरी दी गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि एक से छह कमरे तक के घर को अब होम स्टे का लाइसेंस लेकर संचालित किया जा सकेगा। यह व्यवस्था ग्रामीण एवं शहरी इलाके दोनों के लिए लागू की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में होम स्टे सिस्टम चलाने के लिए 500 से 750 रुपए तक का शुल्क लिया जाएगा। वहीं, शहरी या सिल्वर श्रेणी के होम स्टे के लिए 2000 का आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। लाइसेंस के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जाएगी। होम स्टे का लाइसेंस भी नवीनीकरण कराना होगा। होम स्टे की व्यवस्था लागू होने से श्रद्धालुओं को सहूलियत होगी। वे एक साथ सात दिन तक रह सकेंगे। इससे ज्यादा दिन रहने पर सूचना देनी होगी। होम स्टे का लाइसेंस शुल्क 500 से 3500 रुपए रखा गया है।

### औद्योगिक निवेश वाली कंपनियों को सब्सिडी मिलेगी

औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोन्साहन नीति -2017 के तहत निवेश करने वाली कंपनियों को सब्सिडी देने का प्रस्ताव मंजूर किया है। एसीसी लि, जिला सोनभद्र (पूर्वांचल क्षेत्र) की लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) को निरस्त किया है।

### कंपनी क्षेत्र सब्सिडी

- एसएलएमजी बेवरेजेस प्रा लि बाराबंकी (पूर्वांचल क्षेत्र) 38.73 करोड़ रुपए
- सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्रा लि मुजफ्फरनगर (पश्चिमांचल क्षेत्र) 1.88 करोड़ रुपए
- एसीसी लि अमेठी (पूर्वांचल क्षेत्र) 17.28 करोड़ रुपए
- वंडर सीमेंट लि अलीगढ़ (पश्चिमांचल क्षेत्र) 38.32 करोड़
- मून बेवेरजेस लि हापुड़ (पश्चिमांचल क्षेत्र) 8.68 करोड़

### यह प्रस्ताव पास किए गए

- उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोन्साहन नीति 2022 के तहत गठित समिति की संस्तुति पर अनुमोदन किया गया।
- औद्योगिक विकास एवं रोजगार प्रोन्साहन नीति 2017 के निवेश करने वाली कंपनियों को सब्सिडी मिलेगी।
- डेटा सेंटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को बिजली सप्लाई का लाभ मिलेगा।
- अयोध्या में निजी क्षेत्र में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय की स्थापना होगी।
- गाजियाबाद में निजी क्षेत्र में अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जाएगा।

### सभी जिलों में बनाए जाएंगे अन्नपूर्णा भवन

यूपी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जाएगा। अभी तक राशन की दुकानें गलियों में होने से वहां ट्रक या वाहन जाने में समस्या होती थी। अब 484 वर्ग फीट का अन्नपूर्णा भवन ऐसी जगह बनाया जाएगा, जहां वाहन भी जा सके। राशन विक्रेता दुकान में राशन के साथ दूसरे खाद्य सामग्री की बिक्री भी कर सकेंगे। इस साल के बजट में 266 करोड़ का प्रावधान किया है। अभी तक 3524 अन्नपूर्णा भवन ग्रामीण क्षेत्रों में तैयार किए हैं। 2000 भवन निर्माणाधीन है। मनरेगा के साथ सांसद, विधायक निधि, बुंदेलखंड विकास निधि, पूर्वांचल विकास निधि से भी इसका निर्माण कराया जाएगा। हर जिले में एक साल में 75 अन्नपूर्णा भवन बनाए जाएंगे। इनका निर्माण शहरी क्षेत्रों में भी किया जाएगा।

### शिक्षा क्षेत्र में तीन महत्वपूर्ण फैसले

- अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी।
- गाजियाबाद में अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय को निजी क्षेत्र में खोलने की अनुमति।
- सिद्धार्थ विश्वविद्यालय (सिद्धार्थनगर) के भवन निर्माण के पुनरीक्षित प्रस्ताव को स्वीकृति।

### ओडीओपी 2.0 योजना को मिली हरी झंडी

राज्य की लोकप्रिय 'एक जनपद एक उत्पाद' योजना को नया रूप देते हुए ओडीओपी 2.0 को मंजूरी दी गई। इसके तहत स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए नवाचार और संशोधन किए जाएंगे। इससे एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# सेवा अस्पताल से वेदांता तक

## उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य तंत्र के नाम पर मौत का कारोबार!

### एक तरफ़ फर्ज़ी पंजीकरण का खेल, दूसरी ओर मासूम की जान लेती डॉक्टरों की हैवानियत क्या यही है 'जनता की सेहत' का सरकारी मॉडल?

जन एक्सप्रेस फॉलोअप

लखनऊ

उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा इन दिनों शर्म और सवालों से घिरा है। एक ओर हरदोई के कोथावां क्षेत्र में सेवा अस्पताल नाम से चल रहा कथित चिकिन्सा केंद्र, जिसकी पंजीकरण प्रक्रिया से लेकर स्टाफ तक हर स्तर पर फर्जीवाड़ा खुलकर सामने आ चुका है वहीं दूसरी ओर लखनऊ के न्यू वेदांता अस्पताल में इलाज के नाम पर हुई पांच साल के मासूम प्रांजल की मौत ने पूरे प्रदेश की आन्मा झकझोर दी है। जन एक्सप्रेस की विशेष पड़ताल में यह खुलासा हुआ है कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग अब न सिर्फ लापरवाह हो गया है, बल्कि मौत के दलालों का संरक्षक बन गया है।

### मौत के बाद भी छुपाव

न ऑपरेशन का कोई दस्तावेज़ दिया गया, न मृन्यु का प्रमाण। वेदांता अस्पताल ने सबूत मिटाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। परिवार बिलखता रह गया, और डॉक्टर वही सरकारी अभयदान लिए, मुस्कराते रहे।





### सेवा अस्पताल: सरकारी मुहर पर फर्जी अस्पताल की मुस्तैदी!

हरदोई के मुख्य चिकिन्सा अधिकारी द्वारा 19 जून 2024 को जारी पंजीकरण संख्या सीएमईई 24104975 में जिस सेवा अस्पताल और हड्डी अस्पताल को 8 बेड और ओपीडी-आईपीडी सुविधाओं के साथ मान्यता दी गई, वह अस्पताल असल में कागज़ों से परे जमीनी हकीकत में बेमेल है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे किसी ने प्रमाण पत्र को शराब के नशे में टाइप किया हो और कार्यालय ने आंख मूंदकर उस पर सरकारी मुहर ठोक दी हो। न जांच, न सन्यापन, न आधार। जैसे सेहत का प्रमाणपत्र कोई किराये की दुकान का रसीद हो!

### स्टाफ भी कागज़ी, योग्यता संदिग्ध

अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर योगेन्द्र कुमार के एमबीबीएस होने का दावा किया गया है, मगर उनके रजिस्ट्रेशन की पुष्टि नहीं हो सकी। पैरा मेडिकल स्टाफ नीतू मौर्य और दीपा शुक्ला के नाम तो दर्ज हैं, लेकिन रजिस्ट्रेशन नंबर हवा में गायब। अस्पताल की पूरी संरचना एक ऐसे महल की तरह है, जिसकी नींव ही फर्जी दस्तावेज़ों पर टिकी है।

- क्या सीएमओ कार्यालय ने रिश्वत लेकर ये फर्जीवाड़ा पास किया?
- क्या प्रदेश के अन्य जिलों में भी ऐसे ही कागज़ी अस्पतालों की भरमार है?

### वेदांता अस्पताल: इलाज के नाम पर मासूम की हत्या!

लखनऊ के न्यू वेदांता अस्पताल में जो हुआ, वो सिर्फ़ लापरवाही नहीं, बल्कि साफ-साफ़ हन्यारूपी चिकिन्सा अपराध है। बैजनाथ मौर्य अपने पांच साल के बेटे प्रांजल को लेकर मामूली फुंसी के इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि जिस डॉक्टर के भरोसे बेटे को छोड़ा है, वो उनकी दुनिया उजाड़ देगा।

### बिना दस्तावेज-सीधे ऑपरेशन थियेटर

30 मई को डॉक्टरों ने अचानक ऑपरेशन की बात कही। बिना एक भी दस्तावेज़ दिखाए, बिना माँ-बाप की सहमति, सीधे बच्चे को ऑपरेशन थिएटर में धकेल दिया गया। बच्चा चीखता रहा, माँ-बाप बाहर तड़पते रहे। दो घंटे बाद डॉक्टरों ने बताया बच्चा बेहोश हो गया है। जब अंदर देखा तो प्रांजल मृत पड़ा था- होंठ नीले, जीभ सूजी हुई और शरीर ठंडा। डॉक्टरों ने लाश थमा दी और कहा, यहाँ इलाज नहीं होगा, बाहर ले जाओ!

### क्या यही है सरकारी जवाबदेही?

जब आम जनता सवाल पूछती है, जब मीडिया सच्चाई सामने लाने की कोशिश करती है, तो जिम्मेदार अफसर अपना दामन झाड़ने में एक पल की देर नहीं करते।

### इस तरह कुछ भी निकालने से क्या फायदा?

अधिकारी ने सवाल उठाया, लेकिन जवाब देना जरूरी नहीं समझा। उल्टा मीडिया को ही नसीहत दे डाली कुछ भी छापने से पहले 10 बार सोच लिया करें...

### किसकी जिम्मेदारी है फिर?

जब क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट से जुड़े सवालों पर अफसर हाथ खड़े कर लें, जब कोई पूछने वाला न रहे, तो फिर आम जनता कहां जाए? अफसर कहते हैं— आप प्राइवेट क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट नोडल से बात करिए... मानो ये मामला उनका नहीं, किसी और की ज़मीन का हो।

### प्रशासन का ये रवैया गंभीर सवाल खड़े करता है

जब सिस्टम का हर अफसर यही कहे कि मेरा कोई लेना-देना नहीं, तो फिर जवाबदेही का क्या मतलब रह जाता है?

### जनता पूछ रही है

क्या अफसरों का काम सिर्फ पद पर बैठे रहना है? या फिर जिम्मेदारी उठाना भी उनकी ड्यूटी में आता है?

- जन एक्सप्रेस आज पूरे प्रदेश की ओर से पूछता है
- कब जागेगी सरकार? कब थमेगा यह 'मौत का इलाज'?
- यह रिपोर्ट सिर्फ एक जिला नहीं, पूरे उत्तर प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था का आईना है।
- इस बार बात सिर्फ सवालों की नहीं, न्याय और कार्रवाई की होनी चाहिए।

*जन एक्सप्रेस: सच के साथ, सत्ता से सवाल*

### जन एक्सप्रेस की मांग, अब चुप्पी नहीं, कार्रवाई चाहिए!

- सेवा अस्पताल की पंजीकरण प्रक्रिया की उच्चस्तरीय जांच हो।
- अस्पताल की जमीन, भवन और स्टाफ के दस्तावेज़ों की पारदर्शी जाँच हो।
- यदि फर्जीवाड़ा साबित हो, तो मनीष अग्निहोत्री, फर्जी डॉक्टरों और जिम्मेदार सीएमओ पर आपराधिक मुकदमा दर्ज हो।
- न्यू वेदांता अस्पताल के खिलाफ तन्काल हन्या का मुकदमा हो।
- ऑपरेशन में शामिल डॉक्टरों की मेडिकल डिग्री निलंबित की जाए।
- प्रांजल के परिवार को तन्काल मुआवज़ा और सुरक्षा दी जाए।
- प्रदेश के सभी निजी अस्पतालों की डिजिटल मेडिकल ऑडिट कराई जाए।

### उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री से सवाल

- क्या अब भी इन घटनाओं को आम लापरवाही कह कर टाल दिया जाएगा?
- क्या हर जिला ऐसे ही फर्जी अस्पतालों का अड्डा बनता रहेगा?
- कब तक मासूम बच्चे ऐसे लालचियों की लाश बना दिए जाते रहेंगे?

### सीएचसी अधीक्षक कोथांवा डॉ0 विपुल वर्मा नें एसएमएस के माध्यम से किए सवाल

- जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते अफसर! न अस्पताल से लेना-देना, न जवाबदेही तय!
- क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट से जुड़े एक गंभीर मामले पर जब जवाब मांगा गया, तो अफसर का जवाब चौकाने वाला था। देर रात 12:58 बजे दिए गए संदेश में संबंधित अधिकारी ने साफ कहा, ना मैं नोडल ऑफिसर हूं, ना मेरा सेवा अस्पताल से लेना-देना!

# गंगा दशहरा: दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर पांच तक नहीं चलेंगे भारी वाहन





### इन रास्तों से गुजरेंगे भारी वाहन

मुरादाबाद से मेरठ, बिजनौर और मुजफ्फरनगर की ओर जाने वाले भारी वाहन वाया टीएमयू अंडरपास, शेरूआ चौराहा, छजलैट, नूरपुर, बिजनौर होते हुए जाएंगे। मुरादाबाद से हापुड़ गाजियाबाद और दिल्ली की तरफ जाने वाले भारी वाहन बिलारी, चंदौसी, बबराला नरौरा, डिबाई बुलंदशहर होते हुए जाएंगे।

जन एक्सप्रेस। मुरादाबाद

पांच जून को गंगा दशहरा पर ब्रजघाट और तिगरी धाम में स्नान को देखते हुए मंगलवार से हाईवे पर भारी वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। गंगा घाटों पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए यातायात विभाग ने तीन जून दोपहर 12 बजे से पांच जून की रात दस बजे तक के लिए ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर दिया है। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि डायवर्जन को लागू कराने के लिए मंगलवार की दोपहर में जगह-जगह फोर्स तैनात कर दी जाएगी। डायवर्जन के दौरान दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर भारी वाहन, मालवाहक वाहन जैसी निजी बसें, ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली के संचालन पर रोक रहेगी। एसपी ने बताया कि फिलहाल बाइक-कार व रोडवेज बसों पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, अगर भीड़ बढ़ी तो हल्के वाहनों और रोडवेज बसों को भी बदले हुए मार्गों से गुजारा जाएगा।

> मार्च 2026 तक आरओबी का काम पूरा हो जाएगा। पुल का निर्माण होने से शहर के कारोबारियों के अलावा चंदौसी, संभल और बदायूं के वाहन चालकों को काफी सहूलियत मिलेगी।
> – शशिकांत, पीडी, सेतु निगम

# भ्रष्टाचार के खिलाफ सीएम धामी सरकार की निर्णायक कार्रवाई

### हरिद्वार भूमि घोटाले में हरिद्वार डीएम व एक अन्य आईएएस समेत दस अधिकारियों पर गिरी गाज

- मुख्यमंत्री धामी का सख्त संदेश कर्तव्य से बड़ा कोई पद नहीं
- उत्तराखंड में पारदर्शी प्रशासन की नई नींव रख रही है सरकार

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड में भ्रष्टाचार के विरुद्ध राज्य सरकार ने एक बार फिर अपनी ज़ीरो टॉलरेंस नीति का परिचय देते हुए सख्त कार्रवाई की है। हरिद्वार नगर निगम में जमीन की अनियमित खरीद को लेकर उभरे विवाद के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शासन ने त्वरित निर्णय लेते हुए दो आईएएस अधिकारियों समेत कुल 10 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। यह कदम प्रदेश में ईमानदार प्रशासन और जवाबदेही की दिशा में एक निर्णायक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है।

### निलंबित अधिकारियों की सूची में बड़े नाम शामिल

निलंबित अधिकारियों में वर्तमान में हरिद्वार के जिलाधिकारी पद पर तैनात कर्मेन्द्र सिंह (तत्कालीन नगर निगम प्रशासक), पूर्व नगर आयुक्त वरुण चौधरी, तत्कालीन एसडीएम अजयवीर सिंह, वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की, कानूनगो राजेश कुमार और तहसील के मुख्य प्रशासनिक



अधिकारी कमलदास शामिल हैं। इससे पहले तीन अधिकारी प्रभारी अधिशासी अभियंता आनंद सिंह मिश्रवाण, कर एवं राजस्व अधीक्षक लक्ष्मी कांत भट्ट, और अवर अभियंता दिनेश चंद्र कांडपाल को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। वहीं दो अन्य अधिकारी - सहायक नगर आयुक्त रविंद्र कुमार दयाल और संपत्ति लिपिक वेदपाल की सेवा समाप्त कर दी गई है।

### भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं: धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस कार्रवाई के बाद एक स्पष्ट संदेश देते हुए कहा, उत्तराखंड सरकार की नीति साफ है - पद की नहीं, कर्तव्य और जवाबदेही की प्राथमिकता है। जो भी जनता के हितों और नियमों की अवहेलना करेगा, उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह किसी भी स्तर का अधिकारी हो। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति विकसित करना सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है और यह केवल नारों तक सीमित नहीं, बल्कि धरातल पर क्रियान्वयन की दिशा में ठोस प्रयास हैं।

### भूमि खरीद में भारी अनियमितता, जांच से हुआ खुलासा

प्रकरण हरिद्वार नगर निगम द्वारा ग्राम सराय क्षेत्र में कचरे के ढेर के पास स्थित 2.3070 हेक्टेयर अनुपयोगी भूमि की ऊंची कीमत पर खरीद से जुड़ा है। इस पर स्थानीय स्तर से लेकर शासन तक कई सवाल उठे थे। मुख्यमंत्री धामी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तन्काल जांच के आदेश दिए थे। कार्मिक सचिव रणवीर सिंह चौहान की प्रारंभिक जांच में अनियमितताएं प्रमाणित पाई गईं, जिसकी रिपोर्ट 29 मई को शासन को सौंपी गई। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से बताया गया कि नियमों को दरकिनार कर, बिना समुचित प्रक्रिया और मूल्यांकन के, नगर निगम को आर्थिक क्षति पहुँचाई गई।

### पारदर्शी प्रशासन की ओर मजबूत कदम

इस कार्रवाई को राज्य प्रशासनिक इतिहास की एक बड़ी जवाबदेहीपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# एलन मस्क के पिता एरोल मस्क आज करेंगे रामलला के दर्शन, राम मंदिर ट्रस्ट स्वागत के लिए तैयार

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

अमेरिकी अरबपति और टेस्ला व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के सीईओ एलन मस्क के पिता एरोल मस्क इस वक्त भारत के दौरे पर हैं। एक जून को भारत पहुंचे एरोल मस्क चार जून को अयोध्या आएंगे। यहां पर वह रामलला के दर्शन करेंगे। मस्क दिल्ली से विमान से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से सड़क मार्ग से राम मंदिर तक आएंगे। रामलला के दर्शन करने की इच्छा उन्होंने खुद जताई है। एरोल मस्क ने अपने एक बयान में कहा है कि वह राम मंदिर आने के लिए बेहद उत्सुक हैं। भारत



पहुंचे मस्क ने भारतीय संस्कृति की तारीफ की है। उन्होंने खुद कहा कि राम मंदिर का दौरा करने के लिए वह बेहद उत्सुक हैं। वह भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को अद्भुत मानते हैं। राम मंदिर जाने को लेकर उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बेहद खास अनुभव होगा। मस्क का अयोध्या आगमन उनकी भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रति जुड़ाव को भी दर्शाता है। इतना ही नहीं अपने एक बयान में मस्क भगवान शिव की महिमा का भी बखान कर चुके हैं। उन्होंने कहा है कि यदि पूरी दुनिया शिव को फॉलो कर ले तो सभी तरह की समस्याओं का समाधान संभव है। मस्क ने सनातन धर्म की भी खूब तारीफ की है। दूसरी तरफ राम मंदिर ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने कहा कि यदि एलन मस्क के पिता अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत राम मंदिर आते हैं, तो उन्हें रामलला का दर्शन पूजन कराया जाएगा।

# 15 केंद्रों पर पॉलीटेक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा कल से, हर परीक्षार्थी की होगी बायोमीट्रिक जांच

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ के 15 केंद्रों पर बृहस्पतिवार से पॉलीटेक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा शुरू हो रही है। इसमें शामिल होने वाले हर अच्यर्थी की बायोमीट्रिक जांच होगी। इस दौरान गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई होगी। उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद ने इस संबंध में सभी प्रधानाचार्य व नोडल अधिकारियों को आदेश जारी किया है। परीक्षा में इस बार 45 हजार से अधिक अच्यर्थी शामिल होंगे। मंगलवार को नोडल अधिकारी और केंद्र पर्यवेक्षक ने केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मॉक टेस्ट भी किया गया। नोडल अधिकारी की ओर से कंप्यूटर नोड्स की जांच कर संबंधित केंद्रों की रिपोर्ट परिषद के कंट्रोल रूम को भेजा गया। संयुक्त प्रवेश परीक्षा के सचिव संजीव कुमार ने बताया कि 5 से 13 जून तक राजधानी सहित प्रदेश के 171 केंद्रों पर तीन पालियों में पॉलीटेक्निक की प्रवेश परीक्षा होगी। पहली पाली सुबह 8 से 10:30 तक, द्वितीय पाली दोपहर 12 से 2:30 बजे तक और तीसरी पॉली शाम 4 बजे से 6:30 तक होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा निगरानी के लिए नोडल अधिकारी एवं केंद्र पर्यवेक्षक को दिशा निर्देश जारी किया गया है। परीक्षा केंद्र पर कंप्यूटर सर्वर के अलावा किसी तरह के इंटरनेट कनेक्शन नहीं होंगे।

## करंट लगने से किसान की मौत, लाइनमैन सहित तीन लोग झुलसे

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचीपुरा कला में नलकूप की लाइन पर अचानक हाईटेंशन लाइन का तार गिर गया। जिसमें उतरे करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। जबकि लाइनमैन सहित तीन मजदूर झुलस गए। नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचीपुरा कला निवासी किसान संजय पटेल 34 वषज़ के खेत पर लगे नलकूप की विद्युत लाइनें ढीली हो जाने के कारण उसने विभाग में इन्हें कसवाने के लिए प्राथज़्ना पत्र दिया था।मंगलवार की दोपहर लाइनमैन सूरज ग्राम ढरगुवा जिला टीकमगढ़, मजदूर भजन, कल्लू व अनिल के साथ किसान के खेत पर पहुंच गया। बताया गया कि इसके बाद लाइनमैन शट डाउन लेकर मजदूरो के साथ लाइन को खींच रहा था। तभी हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर नलकूप की लाइन पर गिर गया, और उसमें आ रहे करंट की चपेट में आने से किसान संजय पटेल, लाइनमेन सूरज व तीनों मजदूर बुरी तरह से झुलस गए। इस दौरान वहां मौजूद अन्य किसानों ने तुरंत उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां पर डाक्टर ने जांच पड़ताल के बाद किसान संजय पटेल को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल लाइनमैन व मजदूरों का इलाज चल रहा है।

# चकबंदी कार्यों को लेकर ग्रामवासियों के बीच बनाए सहमतिः डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी व जिला उपसंचालक चकबंदी अधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने जनपद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश।

बैठक में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि भू-चित्र पुनरीक्षण अंतर्गत 11 ग्रामों में चकबंदी की धारा सात के स्तर का कार्य प्रारंभ हो गया है, लेकिन ग्राम औदहा, दरसेडा एवं भदेहदू बांगर में जन विरोध के कारण अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसी प्रकार धारा आठ पड़ताल के स्तर पर कुल नौ ग्राम हैं, जिसमें से दो ग्रामों में पड़ताल का कार्य चल रहा है, शेष ग्रामों के चकबन्दीकर्ताओं के कब्जा परिवर्तन में लगे होने के कारण पड़ताल कार्य बाधित है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की इन गांवों में बैठक कर ग्रामवासियों से सहमति बनाकर चकबंदी कार्य प्रारंभ कराएं। सहायक चकबंदी अधिकारी ने बताया कि ग्राम गढ़वारा में जन विरोध के कारण पड़ताल का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इस पर भी जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गांवों में बैठकें आयोजित कर कृषकों को समझाते हुये कार्य प्रारंभ कराए। बताया कि ग्राम ऐचवारा, मिर्जापुर, डुडौली तथा महरुच व तेरा बुजुर्ग में चक सीमांकन कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि कब्जा परिवर्तन वाले ग्रामों में अपने पर्यवेक्षण में उपस्थित रहकर कब्जा परिवर्तन का कार्य कराए, जिससे कब्जा परिवर्तन के सत्यापन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इस दौरान चकबन्दी न्यायालयों में विचाराधीन मुकदमों की समीक्षा में पाया गया कि जनपद में पांच वर्ष से अधिक अवधि के मुकदमें विचाराधीन नहीं है। जिलाधिकारी ने चकबंदी कार्य में लगे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि जो शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा निर्धारित के अनुसार ही चकबंदी के कार्यों को शासन की मंशानुरूप पूरा कराएं।

इस मौके पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्धन, चकबंदी अधिकारी शैलेंद्र द्विवेदी, संजय शुक्ला, शरद चंद्र यादव, सहायक चकबंदी अधिकारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, रमाकांत यादव, श्यामलाल, मुन्नालाल, कल्लू सहित सम्बन्धित अधिकारी, लेखपाल व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कदौरा बीडीओ की फंडिंग का सरगना कंप्यूटर ऑपरेटर

### वीडियो के आवास पर हाजिरी देने के बाद क्षेत्र पंचायत कार्यालय पहुंचता ऑपरेटर

- चर्चित कंप्यूटर ऑपरेटर ने अपने बदले दूसरे युवक को लगा दिया निर्वाचन ड्यूटी में

**जन एक्सप्रेस । उरई/जालौन**

क्षेत्र पंचायत कार्यालय कदौरा में कुछ न कुछ तो गड़बड़झाला जरूर पक रहा है। लेकिन जो बातें कायाज़्लय सूत्रों से बाहर निकलकर आ रही और उनकी चचायेज़् चल रही है उनकी मानें तो बीडीओ कदौरा की कथित फंडिंग का गहरा राजदार बताया जा रहा है। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि वह हर रोज उरई स्थित बीडीओ के आवास पर हाजिरी लगाता बाद में क्षेत्र पंचायत कायाज़्लय पहुंचता है। सवाल यह है कि कंप्यूटर ऑपरेटर से बीडीओ कदौरा का ऐसा कौन सा काम रहता है कि उसे हर रोज अपने गांव से जिला मुख्यालय आना पड़ता है। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि यही कंप्यूटर ऑपरेटर ग्राम प्रधानों से पहले डॉगल लगाने के नाम पर नजराना की मांग करता है बाद में शुकराना और फिर हकराना की हिसाब देने आवास पर दस्तक देखा दिखायी देता है।

गौरतलब हो कि जब से कदौरा में नवागंतुक बीडीओ ने कायज़्भार संभाला है तब से क्षेत्र पंचायत कायाज़्लय में सब कुछ सामान्य नहीं चल रहा है यह बात अनेकों ग्राम प्रधानों के मुह से क्षेत्र पंचायत कायाज़्लय में आसानी से सुनी जा सकती हैं। लगभग हर रोज ही अनेक ग्राम प्रधान अपने-अपने गांवों के कायाजेज़् को लेकर क्षेत्र पंचायत कायाज़्लय में आते रहते हैं जहां वह बीडीओ से मुलाकात करते हैं तो वह प्रधानों को सीधा इशारा करते हैं कि वह हमारे गहरे राजदार नजदीकी कंप्यूटर को अपनी समस्या बता दें ताकि काम करने में आसानी हो सके। बीडीओ के इसी प्रकार के झांसे में ग्राम प्रधान फंस जाते हैं और जैसे ही वह कंप्यूटर ऑपरेटर को अपनी बात बताते हैं तो वह बताये गये काम का नजराना बताने से नहीं चूकता है जिससे ग्राम प्रधान हैरान रह जाते हैं। ग्राम प्रधानों का आरोप है कि उक्त कंप्यूटर ऑपरेटर अपना कायज़् दिन में कतई नहीं करता है बल्कि रात्रि के अंधेरे में उसे काम करने में आसानी रहती है। जब कायाज़्लय बंद हो जाता है उस दौरान उसके कमरे में रौनक बिखरी नजर आती है।

### चर्चित कंप्यूटर ऑपरेटर ने अपने बदले दूसरे युवक को लगा दिया निर्वाचन ड्यूटी में

**उरई।** कदौरा क्षेत्र पंचायत कायाज़्लय में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर की 30 सितंबर 2024 को कालपी में निवाज़्चन कायज़् करने में ड्यूटी करने का एक पत्र निगज़्त किया गया था। लेकिन उसने अपने स्थान पर एक प्राइवेट युवक को वहां भेजकर उससे निवाज़्चन का कायज़् करवा रहा है जबकि स्वयं हर रोज क्षेत्र पंचायत कायाज़्लय में ड्यूटी करता है। कहने के लिये क्षेत्र में कायाज़्लय में यही अकेला कंप्यूटर ऑपरेटर नहीं है और भी कंप्यूटर ऑपरेटर हैं लेकिन उनसे गोपनीय कायज़् नहीं कराये जाते हैं ताकि बीडीओ की गोपनीयता बरकरार रहे और उनका काम भी होता रहे। जिससे वह अपनी ड्यूटी अवधि में मायूस होकर बैठे रहते हैं।

### कंप्यूटर ऑपरेटर से नोंकझोंक के बाद फाड़ दी थी फाइल

**उरई।** क्षेत्र पंचायत कायाज़्लय में पॉवरफुल कंप्यूटर आपरेटर की हिम्मत तो देखिये क्षेत्र के जिन ग्राम प्रधानों को अपने गांव में कराये गये विकास कायोज़् की फाइल लेकर आते हैं ताकि उसका भुगतान संभव हो सके। लेकिन यही कंप्यूटर ऑपरेटर ग्राम प्रधानों से खुलेआम नजराना की डिमांड करता है जिस ग्राम प्रधान ने उसकी मांग पूरी कर दी तो उसके भुगतान का डॉगल लगा दिया जाता है और यदि किसी प्रधान ने आनाकानी की तो ऐसे प्रधानों को वह खुलेआम फाइल जीरो करने की धमकी देने से नहीं चूकता है। यह बात अनेकों ग्राम प्रधानों ने नाम न छापने की शतज़् पर बतायी। कुछ समय पूवज़् एक ग्राम प्रधान इसी कंप्यूटर ऑपरेटर के पास अपनी फाइल लेकर पहुंचे तो वहां पर किसी कारण बात बिगड़ तो तीखी नोंकझोंक होने के बाद फाइल को ही फाड़ दिया गया है। ऐसा नहीं कि ऐसे प्रकरण से बीडीओ कदौरा अनभिज्ञ हों उन्हें इस तरह के मामले की सबसे पहले जानकारी मिल जाती हैं लेकिन वह ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लेते है जिससे ग्राम प्रधानों में भी आक्रोश गहराने लगा है।

# चित्रकूट में बनाया जाए एक और नया ब्लॉक

## पंकज, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ने सीएम योगी से की मांग

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कर्वी नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता के साथ लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जनपद चित्रकूट में एक ब्लाक बढ़ाए जाने की मांग की। सीएम योगी से मुलाकात कर लौटे जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बताया कि कर्वी ब्लाक में 96 ग्राम सभा और 165 राजस्व ग्राम है। जो कि मिला मुख्यालय से होते हुए जनपद बांदा की सीमा तक के कार्यक्षेत्र में है। क्षेत्र में भरतकूप एक पौराणिक और ऐतिहासिक क्षेत्र है। उद्योग की दृष्टि से क्रेसर व्यवसाय के माध्यम से भी प्रसिद्ध है। ऐसे में सदर ब्लाक को दो हिस्सों में विभक्त कर भरतकूप को अलग से ब्लाक का दर्जा दिया जाना चाहिए। इसके अलावा देवांगना एयरपोर्ट की बंद पड़ी हवाई सेवा को पुनः सुचारू रूप से चालू कराया जाए। उन्होंने बताया कि जनपद चित्रकूट के ग्राम खोह में बने 100 बेड का मातृ-शिशु अस्पताल स्टाफ की समस्या की वजह से सुचारू रूप से चालू नहीं है। ऐसे में स्टाफ की कमी को पूरा कराया जाना चाहिए। इसी प्रकार प्रस्तावित बाईपास रोड़ का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराया जाए एवं धर्मनगरी की मंदाकिनी नदी की गंदगी एवं प्रदूषण को देखते हुए शासन द्वारा सफाई के लिए एक मशीन प्रदान की जाए। साथ ही बंद पड़े जल स्त्रोतों को खुलवाया जाए।

# पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला डेयरी संचालक का शव

**जन एक्सप्रेस । उरई**

रामपुरा थाना क्षेत्र में पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका डेयरी संचालक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। दूध डेयरी संचालक का शव खेतों में नीम के पेड़ से फांसी पर लटका हुआ मिला है। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। रामपुरा थाना क्षेत्र में नगर पंचायत ऊमरी के मोहल्ला कंजौसा निवासी जितेंद्र सिंह परिहार 32 वषज़् उफज़् भूरे पुत्र अभिलाख सिंह परिहार दूध डेयरी संचालक था। जिसका शव मंगलवार को माधौगढ़ रोड से टीहर माइनर के पास खेतों में खड़े नीम के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन व ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया है कि मृतक अपने पिता के दो पुत्रों में दूसरे नंबर का था और वह तीन वषीज़्य एक पुत्र का पिता भी था। बताया कि वह दूध डेयरी के साथ बलकट पर खेत लेकर खेती भी करता था, इस वषज़् भी उसने बलकट पर खेती जोती थी। लेकिन उसे खेती में बड़ा नुकसान हुआ इसके कारण वह कजज़्दार हो गया था। इसी के चलते 8-10 दिन पूवज़् वह लापता हो गया था। परिवार वालों ने पुलिस की मदद से उसका मोबाइल सविज़्लांस पर लगवा कर जगम्मनपुर पंचनद के जंगल में उसे सुरक्षित खोज लिया था। सोमवार की शाम को वह फिर लापता हो गया और काफी खोजने पर नहीं मिला। मंगलवार की सुबह नीम के पेड़ से फांसी पर झूलता शव मिला है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमाटज़्म के लिए भेज दिया।

# अवैध शराब बरामद, पांच आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने पांच आरोपियों को 91 क्वार्टर देशी शराब व 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

अभियान के तहत थाना राजापुर के उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह व उनकी टीम आरक्षी रोहित आर्य, मुकेश कुमार, शिवधनी द्वारा आरोपी बबलू सोनकर निवासी कुसेली थाना राजापुर को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ, चैकी प्रभारी गनीवां यदुवीर सिंह व उनकी टीम आरक्षी रामकेश, वीरेन्द्र सिंह द्वारा आरोपी राजेन्द्र रैदास निवासी गोहानी कला थाना राजापुर को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना राजापुर के उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार व उनके हमराही आरक्षी पवन राजपूत द्वारा आरोपी अमृतलाल गुप्ता निवासी भटरी थाना राजापुर को 23 क्वार्टर देशी के साथ, उपनिरीक्षक कन्हैयालाल बक्श व उनके हमराही आरक्षी शाकिर अली द्वारा आरोपी कमलेश निषाद निवासी कलवलिया थाना राजापुर को 23 क्वार्टर देशी

# बाइक पर डिस्काउंट पाने की लालच में ठगी का युवक हुआ शिकार

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी जुबैर अहमद कार चालक है। बताया गया कि सोमवार को उसके पास एक युवक आया और खुद को नगर के आलमपुर स्थित हीरो एजेंसी में कायज़्रत बताकर उसकी कार बुक कर ली। जिसके बाद वह दिन भर कार से नगर में घूमता रहा। जब वह वापस उसे बाइक एजेंसी में छोड़ने जा रहा था तभी रास्ते मे चालक जुबैर ने उससे नई बाइक खरीदने में डिस्काउंट दिलाने की बात कही। जिस पर कार में बैठे युवक ने उसे डिस्कांउट दिलाने की बात कही और चालक जुब्रे ने उसे एजेंसी में छोड दिया। इस के बाद कार चालक अपने बच्चों को लेकर एजेंसी पहुचा और एक बाइक पंसद कर ली। उसके बाद उसने जुबैर से 35 हजार नगद ले लिये और 22 सौ रूपये की किश्त महीने देने की बात कहकर उसे एजेंसी में बैठा दिया। इसके बाद वह एजेंसी में काम करने वाले एक युवक के साथ बाइक में बैठकर निकल गया और एक रेस्टोरेंट के समीप बाइक चालक से फोटो कापी करवाने कही। इस, दौरान कार चालक ने एजेंसी में कायज़्रत लोगों से उसके बारे में जानकारी ली। जिस पर कमज़्चारियों ने बताया कि वह हमारे यहां काम नही करता है। इतना सुनते ही कार चालक पसीने पसीने हो गया और उसने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही कोतवाल परमहंस तिवारी पुलिस बल के साथ मौकेपर पहुचे और घटना की जानकारी ली। मामले में कोतवाल ने बताया कि कैमरे में युवक की तस्वीर कैद हुई है। लेकिन पहचान नही हो? पा रही है और अभी घटना की कोई तहरीर भी नही दी गई है।

# जिला कारागार में 51 कुण्डीय महायज्ञ के जरिए बंदियों की सोच को सकारात्मक बनाएगा गायत्री परिवार



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गायत्री शक्तिपीठ द्वारा जिला कारागार में मंगलवार को 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बंदियों को भविष्य में अच्छे मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान बंदियों को पुस्तकें भी वितरित की गईं। बैठक में गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने बंदियों से कहा कि ऐसा कार्य न करें, जिससे जेल में आना पड़े। प्रेरित किया कि अच्छे मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सुखमय बनाए। बताया कि आगामी 23 व 24 जून को जिला कारागार परिसर में 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने गायत्री का पाठ कराकर नियमित जाप कर जीवन को आध्यात्मिक बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम समन्वयक प्रेमलाल कुशवाहा ने बंदियों का गायंत्री मंत्र का लाभ बताते हुए मंत्र का लेखन करने के लिए प्रेरित किया। जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय ने बदियों को बताया कि गायंत्री मंत्र का प्रयोग कर वह सकारात्मक रूप से जीवन को साधना में बदल कर समय का सदुपयोग कर सकते है। कहा कि व्यक्ति की सोच का परिणाम ही सुख-दुःख का कारण बनता है, इसलिये गायत्री मन्त्र साधना से विचार को शुद्ध करने की साधना करें।

## लापता छात्र का पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला शव

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** पांच दिन से लापता छात्र का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलौली निवासी 15 वषीज़्य छात्र वासित खान बीते शुक्रवार से लापता चल रहा था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चलने पर परिजनों ने तहरीर पुलिस को दी थी। मंगलवार की दोपहर को सुरौली मौजा में बबूल के पेड़ में छात्र का शव फंदे से लटका हुआ मिला। जिसकी सूचना राहगीरों व ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और पहचान होने के बाद घटना की खबर उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वह रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। मृतक छात्र के पिता ने बताया कि वह गांव में ही रहकर मदरसे में पढ़ाई करता था।

# कांग्रेस की बैठक में ब्लॉक कमेटियों के गठन पर हुई चर्चा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला कांग्रेस समिति की मासिक बैठक मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें संगठन को मजबूत करने के लिए जनपद के पांचों ब्लाकों में नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चर्चा की गई।

बैठक में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि जनपद के पांचो ब्लाकों में संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से नई ब्लाक कार्यकारिणियों का गठन भी किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को घरों में पार्टी का झंडा लगाने के लिए कहा। पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि जनपद में संगठन को मजबूत करने में सभी लोग सहयोग करें। सत्येंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय समस्याओं एवं मुद्दों को लेकर प्रत्येक ब्लाकों में विरोध प्रदर्शन एवं घेराव किया जाएगा। जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के पांचो ब्लाकों की ग्राम पंचायतो में सरकार द्वारा 14वां वित्तीय एवं राज्य वित्तीय निधि द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों में भारी लूट खसोट करते हुए सरकारी धन का बंदर बांट किया जा रहा है, जिसकी कौंग्रेस पार्टी जांच कराएगी। रामकृपाल वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही हर घर पेयजल नल योजना पूरी तरह से फ्लॉप है।

इस मौके पर जिला समन्वयक आदित्य स्वरूप पांडेय, कौंग्रेस नेता राकेश वर्मा, अनिल गुप्ता, कामता प्रसाद द्विवेदी, यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, सविता पाल, मेहंदी हसन, मोहन सिंह, जगजाहिर सिंह पटेल, ओमप्रकाश गुप्ता, योगेंद्र कुमार रैकवार, इंद्रजीत उपाध्याय, हरिहर साहब विश्वकर्मा, महेंद्र सिंह पटेल, पुरुषोत्तम सिंह, अतुल राजपूत, हरिओम पांडेय, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# बैठक कर किसानों को किया प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

दीनदयाल शोध संस्थान के कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां द्वारा चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक सहित कृषि एवं उद्यान विभाग व पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में किसानों के साथ बैठक कर कृषि सम्बन्धित समस्याओं को सुना। साथ ही कृषि में नई तकनीकों के प्रयोग की जानकारी दी।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पाल, अहिरगांव एवं मौहारी कटरा गांव में किसानों से सीधा संवाद किया गया। जिसमें कृषि वैज्ञानिकों ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को कृषि में कम लागत में ज्यादा उत्पादन, उन्नत कृषि तकनीकी, मृदा परीक्षण, पराली प्रबंधन एवं प्राकृतिक खेती की जानकारी दी। इसके साथ ही किसानों को केन्द्रीय एवं राज्यीय योजनाओं की भी जानकारी दी गई। उद्यान विभाग के अधिकारियों ने किसानों को आगामी खरीफ फसलों के लिए खेत को तैयार करने के लिए कृषि की उन्नत तकनीकों व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कृषि वैज्ञानिक डॉ नवीन शर्मा ने किसानों को फसलों की नई उन्नत किस्मों के बारे मे जानकारी दी। साथ ही धान की सीधी विजाई तथा उससे होने वाले लाभों से अवगत कराया। डॉ हेमराज द्विवेदी ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया। कृषि विभाग के एसके सिंह चैहान ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना की जानकारी दी। साथ ही मृदा परीक्षण के बारे मे बताया।

कृषि विज्ञान केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ पुष्पेंद्र सिंह गुर्जर, प्रसार वैज्ञानिक

# जिलाधिकारी ने तालाबों के संरक्षण और सौंदयीज़्करण पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा नगर पंचायत कदौरा के कायोज़् का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अमृत सरोवर योजना के अंतगज़्त बन रहे सदर तालाब के निमाज़्ण कायज़् की प्रगति का जायज़ा लिया और अन्य जल ाेतों की स्थिति का भी स्थलीय निरीक्षण किया। नाला सफाई कायज़् पर असंतोष जताते हुए सफाई कायज़् को वषाज़्त से पूवज़् निधाज़्रित अवधि में पूणज़् करने के निदेज़्श दिए। नगर में वाडोज़् में नालियो की सफाई कायज़् को अनुश्रवण किए जाने पर बल दिया। उपजिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी को नगर सफाई कायज़् योजना के अनुसार करने के निदेज़्श दिए गए। नगर भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने धोबीपुर, बम्होरी, खेड़ापति और मंशामता तालाब सहित नगर क्षेत्र के कुल 13 तालाबों के संरक्षण और विकास पर विशेष ध्यान देने के निदेज़्श दिए। थानाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कदौरा को स्पष्ट रूप से निदेज़्शित कर कहा कि नगर स्थित जलाशयों को प्रदूषित करने वाले कारकों और व्यक्तियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कायज़्वाही करें ताकि जल निमज़्ल रहे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निदेज़्श दिया कि जलाशयों की महत्ता को देखते हुए इनकी साफ-सफाई, गहरीकरण, सौंदयीज़्करण और नियमित रखरखाव को प्राथमिकता दी जाए। विश्व पयाज़्वरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम की शुरुवात सरोवर के किनारे वृक्षारोपण कर किराया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निदेज़्शित किया कि तालाबों के पाथवे (मागज़्) पर सजावटी एवं छायादार पौधे लगाए जाएं, जिससे न केवल पयाज़्वरण संरक्षण को बल मिले, बल्कि तालाब परिसर का सौंदयज़् भी बढ़े। उन्होंने यह भी कहा कि पौधरोपण से आने वाले समय में क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और लोगों को शुद्ध वायु भी मिलेगी। उन्होंने तालाबों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, जलभराव की स्थिति बनाए रखने और स्थानीय लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के निदेज़्श भी दिए। उन्होंने कहा कि ÷वषाज़् जल के संचयन और जल संकट से निपटने के लिए तालाबों का संरक्षण बेहद आवश्यक है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कायज़् करें ताकि इन प्राकृतिक जल ाेतों को जीवंत और उपयोगी बनाया जा सके। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अचज़्ना शिवहरे ,उप जिलाधिकारी शुशील सिंह, सीओ अबधेश सिंह, अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर पंचायत कदौरा स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निदेज़्श दिए। जिलाधिकारी ने खुद अपने हाथों से गौवंशों को गुड़ और चना खिलाया, जिससे गौसेवा के प्रति उनका सरोकार स्पष्ट रूप से नजर आया। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, चारे-पानी की उपलब्धता और पशुओं के स्वास्थ्य की स्थिति की भी बारीकी से जायजा लिया। नगर पंचायत कदौरा के अधिकारियों व कमज़्चारियों को निदेज़्श दिए गए कि गौशाला की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें।



**ट्रंप के फोन पर पीएम नरेंद्र मोदी...**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया दी। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर समझौते को लेकर राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया। भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम...

पढ़ें पेज 12 पर...

# श्रद्धा का सैलाब और सेवा की हुंकार

## लोटस हॉस्पिटल ने कोथावां में रचा आस्था का नया इतिहास

■ श्रद्धा में डूबी नगवा की धरती, प्रसाद ग्रहण कर सैकड़ों भावुक हुए लोटस हॉस्पिटल के संचालक व जनसेवकों ने बाँटी आस्था की थाली



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

जहां एक ओर प्रदेश के कोने-कोने में आत्मीयता और सेवा की भावना दम तोड़ती नजर आती है, वहीं हरदोई जिले के कोथावां कस्बे से मंगलवार को उठी भक्ति की गूंज ने न केवल जनमानस को झकझोर दिया, बल्कि सत्ता के गलियारों तक स्पष्ट संदेश पहुंचा दिया। जनता जब श्रद्धा में उतरती है, तब वह मूक नहीं रहती, इतिहास लिखती है। लोटस हॉस्पिटल एवं जय श्री बालाजी ट्रेडर्स परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालु उमड़े। यह केवल 'भंडारा' नहीं था, यह जनआस्था का ज्वार था, जिसमें सेवा, भक्ति और भारतीय लोकसंस्कृति का समग्र स्वरूप दिखाई दिया। आयोजन ने यह साबित कर दिया कि जब अन्न और आत्मा एक साथ जुड़ते हैं, तब जनसामूहिक चेतना की शक्ति किसी तंत्र से कम नहीं होती।

### हनुमत भक्ति में सराबोर हुआ कोथावां जयघोषों से गूंजा आसमान

जैसे ही ज्येष्ठ मास के बड़े मंगलवार की सुबह प्रारंभ हुई, कोथावां की फिजा 'जय श्रीराम' और 'बजरंगबली की जय' के उद्घोष से भर उठी। श्रद्धालुओं का हुजूम संडीला रोड से लेकर आयोजन स्थल तक ऐसे उमड़ा जैसे कोई महायात्रा निकल पड़ी हो, जहां मंज़िल सेवा है और साधना—जनकल्याण।

### श्रद्धा से उपजा संदेश—नेतृत्व वही जो निस्वार्थ परोसे

जब नेता, डॉक्टर और व्यवसायी स्वयं पंक्तियों में खड़े होकर श्रद्धालुओं को प्रसाद परोसें, तब यह नज़ारा सिर्फ धार्मिक नहीं रहता, यह सामाजिक क्रांति की भूमिका बन जाता है। यही हुआ कोथावां में। श्रद्धालुओं की आंखों में नमी थी, लेकिन वो नमी दुःख की नहीं—कृतज्ञता की थी।

### प्रदेश के माथे पर कोथावां की बिंदी

इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रदेश की आत्मा अभी जीवित है, संवेदनाएं अभी खत्म नहीं हुई हैं। कोथावां की धरती ने यह सिखाया कि जनसेवा और लोकसंस्कारों का जब मिलन होता है, तब वह समारोह नहीं, आंदोलन बन जाता है ऐसा आंदोलन जो भूख को मिटाता है, और भीतर की रिक्तता को भी भर देता है।

### जन एक्सप्रेस का प्रणाम और जनचेतना का आह्वान

जन एक्सप्रेस इस पावन अवसर पर आयोजन समिति को साष्टांग नमन करता है और प्रदेश की जनता से कहता है—यह आयोजन आपके भीतर की लौ है, इसे बुझाने मत देना। जब अगली बार आपको प्रसाद की सौंधी महक आए, समझिए—कहीं न कहीं फिर जनता जाग चुकी है।

### यह भंडारा नहीं, सत्ता को चेताने वाली चेतना थी

लोटस हॉस्पिटल के संचालक विनीत सिंह, दुर्गेश सिंह, डॉ. श्रवण वर्मा और सामाजिक कार्यकर्ता अरुण सिंह, कोटेदार कमलेश सिंह समेत आयोजन समिति ने भक्ति और प्रशासनिक अनुशासन का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। व्यवस्था इतनी सटीक कि हजारों की भीड़ में भी कोई अव्यवस्था नहीं हुई—यह दृश्य यह बताने को पर्याप्त था कि जब सेवा इरादा बन जाए, तो अव्यवस्था दूर रहती है और विश्वास पनपता है।

# कोथांवा सीएचसी का अधीक्षक बना भ्रष्टाचार का सरगना!

## लगभग आठ साल से कुर्सी पर काबिज़ डॉ. विपुल वर्मा की शह पर फल-फूल रहा फर्जी अस्पतालों का साम्राज्य, सच्चाई छापने पर पत्रकार को दी मुकदमे की धमकी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



जिला हरदोई का कोथांवा ब्लॉक इन दिनों स्वास्थ्य विभाग की लाश ढो रहा है। सीएचसी कोथांवा के अधीक्षक डॉ. विपुल वर्मा, जो बीते आठ सालों से कुर्सी से ऐसे चिपके हैं मानो कुर्सी उनकी निजी जागीर हो, उन्होंने क्षेत्रीय नेताओं, दलालों और रसूखदारों के साथ मिलकर एक ऐसा भ्रष्ट तंत्र तैयार कर लिया है जहां न नियम की अहमियत बची है, न मरीज की जान की। आलम यह है कि सीएचसी के आसपास ठीक 500 मीटर के दायरे में ही सेवा हॉस्पिटल जैसे फर्जी व अवैध अस्पताल खुलेआम मौत का सौदा चला रहे हैं। लेकिन जब अधीक्षक डॉ. विपुल वर्मा से जन एक्सप्रेस ने फोन पर सवाल किए, तो उन्होंने आंखें मूंद लीं और कहा, "मुझे जानकारी नहीं है। क्या यह अंधापन जानबूझकर अपनाया गया है? या फिर इस भ्रष्टाचार में अधीक्षक की हिस्सेदारी इतनी गहरी है कि वो सच बोलने की हालत में ही नहीं हैं? जन एक्सप्रेस ने जब पूरे प्रमाणों के साथ सेवा हॉस्पिटल की पोल खोली और खबर प्रमुखता से प्रकाशित की, तो बौखलाए अधीक्षक ने अपने ड्राइवर प्रशांत शुक्ला से पत्रकार को मुकदमे की धमकी दिलवाने की घटिया हरकत की। यानी एक अफसर खुद सामने आने की हिम्मत नहीं रखता, तो अपने कर्मचारियों को आगे कर देता है। क्या यही है सरकार की स्वस्थ उत्तर प्रदेश की परिकल्पना?

### ड्राइवर से धमकी दिलवाना—कायरता की पराकाष्ठा

एक वरिष्ठ अधिकारी जो खुद को जिम्मेदार बताता है, अगर पत्रकारों से सवाल पूछे जाने पर डर के मारे ड्राइवर को धमकी देने के लिए मोहरा बनाए, तो इससे बड़ा मज़ाक लोकतंत्र के साथ और क्या हो सकता है?

### नान-मेडिको हॉस्पिटलों का गढ़ बन चुका है कोथांवा

कोथांवा ब्लॉक में सैकड़ों अवैध अस्पताल, झोलाछाप क्लीनिक और बिना डिग्री वाले डॉक्टरों के ठिकाने चल रहे हैं—सिर्फ इसलिए, क्योंकि अधीक्षक ने आंखें मूंदी हैं, और शायद जेबें भी भर ली हैं। किसी भी जिम्मेदार विभाग ने आज तक इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। क्यों?

### प्रशासनिक चुप्पी क्या बताती है?

कोथांवा की इस गंदगी में अगर आठ साल से अधीक्षक को हटाया नहीं गया, तो यह सीधा संकेत है कि जिले का स्वास्थ्य विभाग ही बीमारी का केंद्र बन चुका है। सवाल अब यह नहीं है कि अस्पताल फर्जी हैं या नहीं—सवाल यह है कि क्या शासन भी इस गुनाह में मौन सहभागी बन चुका है?

### जन एक्सप्रेस का एलान सच्चाई की कलम ना झुकेगी, ना रुकेगी!

यदि अधीक्षक के खिलाफ निष्पक्ष जांच नहीं हुई, यदि अवैध अस्पतालों पर ताले नहीं लगे, और यदि पत्रकारों को धमकाने की साजिश पर कार्रवाई नहीं हुई—तो जन एक्सप्रेस मुख्यमंत्री तक ये सच्चाई पहुंचाएगा, और प्रदेश भर में इस भ्रष्टाचार के खिलाफ कलम की मशाल जलाएगा।

# विश्व साइकिल दिवस पर लखनऊ में भव्य साइकिल रैली का आयोजन, 80 साइकिलिस्टों ने लिया भाग



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ में सोमवार की सुबह एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। ष्ट4ष्द्यश्चद्गस्त्रद्बड्डु और लखनऊ साइक्लिंग स्टार्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रैली में लगभग 80 साइकिलिस्टों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का उद्देश्य दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण तथा बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता फैलाना रहा। रैली की शुरुआत मुंशी पुलिया से हुई और यह पॉलीटेक्निक चौराहा, 1090 चौराहा, आंबेडकर पार्क होते हुए जनेश्वर मिश्र पार्क तक निकाली गई। साइकिल सवारों ने पूरे जोश और उमंग के साथ शहर की सड़कों पर पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर सामाजिक संस्था एक पहल मुस्कुराहट की संस्थापक डॉ. अंजू वार्ष्णेय ने साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और साइकिल से होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को आयोजनकर्ताओं की ओर से टी-शर्ट व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। रैली का समापन चायवाला.कॉम कैफे पर हुआ, जहां विशिष्ट साइकिलिस्टों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विवेक प्रकाश सिंह ने किया। इस मौके पर श्री अशोक कुमार, विशाल शर्मा, श्री संदीप श्रीवास्तव, पी.सी. सिंह, आर.पी. गुप्ता, कन्हैया जी दीक्षित, रिटायर्ड कर्नल शरद शुक्ला, नईम अंसारी, आनंद स्वरूप, राज स्मृति, आशीष, सुजाता, चंद्र भूषण अग्रवाल, देवनाथ, ओंकार, डॉ. प्रहलाद और भोजपुरी कवि कृष्णानंद राय सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी उत्साहजनक बना दिया और प्रतिभागियों व दर्शकों ने आयोजन की सराहना की।

# रहीमाबाद में मां वैष्णो ज्वेलर्स की तरफ से आयोजित किया गया विशाल भंडारा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मलिहाबाद लखनऊ जेठ माह के चौथे बड़े मंगल पर सभी हनुमान मंदिर बजरंग बली के जयकारों से गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर हनुमान जी से बल, बुद्ध व विवेक प्रदान करने की कामना की वही जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर श्री बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। बताते चलें कि जेठ माह के प्रत्येक मंगलवार को हनुमान जी की पूजा अर्चना करने से भक्तों के सभी संकट दूर हो जाते हैं। भक्तों के सभी मनोरथ बजरंग बली पूर्ण करते हैं। इसी मान्यता के अनुरुप जेठ माह के चौथे बड़े मंगलवार को मलिहाबाद के गोपेश्वर गौशाला कसमंडी कला महमूद नगर के मंदिरो में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी। मंदिरों में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा एवं हनुमान स्त्रोत की पाठ के लिए पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा।



भक्तों ने विधि विधान के साथ हनुमान जी की पूजा अर्चना कर परिवार का संकट हरने तथा बल, विद्या, बुद्धि का आशीर्वाद मांगा। वही रहीमाबाद औरास रोड पर मां वैष्णो ज्वेलर्स पर नरेंद्र वर्मा ने हनुमानजी का विधिवत पूजन अर्चन करने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जहां सुबह से देर शाम तक भक्तों ने पूड़ी सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया और कटरा में दिलीप सैनी ने बूंदी वितरित कर शक्कर का शरबत पिलाया तथा छोले चावल का प्रसाद बंटवाया जहां प्रसाद पाकर भक्तों ने हनुमान जी के जयकारे लगाए।

# त्रिवेणी नगर और फैजुल्लागंज क्षेत्र का निरीक्षण: सफाई में लापरवाही पर भड़कीं अपर नगर आयुक्त, दिए सख्त निर्देश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी के जोन-3 स्थित त्रिवेणी नगर और फैजुल्लागंज क्षेत्र की सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्यों की हकीकत जानने के लिए नगर निगम की अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह ने मंगलवार को क्षेत्रीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नालों की गंदगी और अधूरी सफाई पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जलजमाव की स्थिति किसी भी सूरत में उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त ने पाया कि कुछ नालों की सफाई अधूरी थी और कई स्थानों पर कचरा जमा था, जिससे संभावित जलभराव की स्थिति बन सकती है। इस पर उन्होंने जोन-3 के अधिशासी अभियंता और उपस्थित अधिकारियों को चेताया कि मानसून से पूर्व सभी नालों की पूर्ण सफाई सुनिश्चित करें, वरना लापरवाही पर जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सड़कों और जलनिकासी की चल रही परियोजनाओं की गुणवत्ता भी परखी और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए और किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नम्रता सिंह ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से वार्डवार प्रगति रिपोर्ट मांगी और कहा कि अब से प्रतिदिन के कार्यों की निगरानी की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ÷अब केवल कागज़ों पर सफाई नहीं चलेगी, जमीन पर असर दिखना चाहिए। साथ ही, उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छता व्यवस्था में नगर निगम का सहयोग करें और नालियों में कचरा फेंकने से बचें। निरीक्षण के समय जोन-3 के अधिशासी अभियंता सहित कई अन्य क्षेत्रीय अधिकारी मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## गौतमबुद्ध नगर में लगेगी हल्दीराम की नई फैक्ट्री: नन्दी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड गौतम बुद्ध नगर में 662 करोड़ रुपये से लिफाफा बंद खाद्य पदार्थों को तैयार करने की इकाई स्थापित करेगी। कैबिनेट की बैठक में इस संदर्भ में एलओसी लेटर आफ कंफर्ट जारी करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। पांच अन्य कंपनियों को निवेश को लेकर एलओसी जारी करने की स्वीकृति दी गई है।औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि हल्दीराम ने गौतम बुद्ध नगर में लिफाफा बंद खाद्य पदार्थों को तैयार करने के लिए इकाई की स्थापना का प्रस्ताव दिया था। इसे स्वीकृत किया गया है। कैबिनेट ने इम्पावर्ड समिति की 11 फरवरी को हुई बैठक में स्वीकृत किए गए पांच प्रस्तावों पर भी मोहर लगी है। बाराबंकी में एसएलएमजी बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड को उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोन्साहन नीति-2017 के तहत 38,73,01,888 रुपये की प्रोन्साहन राशि देने की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुजफ्फरनगर में सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड को 1,88,99,905 रुपये का वित्तीय प्रोन्साहन, अमेठी में स्थित मेसर्स एसीसी लिमिटेड को 17,28,07,828 रुपये का वित्तीय प्रोन्साहन, अलीगढ़ की मेसर्स वंडर सीमेंट लिमिटेड को 38,32,30,659 रुपये की वित्तीय प्रोन्सहन राशि को लेकर एलओसी जारी करने की स्वीकृति प्रदान की । हापुड़ की मून बेवरेज को 8,68,31,672 रुपये की वित्तीय प्रोन्साहन राशि देने के लिए एलओसी पर सहमति बनी, सोनभद्र की मेसर्स एसीसी लिमिटेड को वित्तीय प्रोन्साहन के लिए एलओसी जारी करने के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया है।

## दर्जन भर अपर महाधिवक्ताओ की तैनाती

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 12 अपर महाधिवक्ताओं की तैनाती की है। इसमें सात उच्च न्यायालय इलाहाबाद से आबद्ध रहेंगे। बाकी पांच उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ से जुड़े रहेंगे।अपर महाधिवक्ता सरकार की ओर से मुकदमों में प्रभावी पैरवी करेंगे। इस संबंध में विशेष सचिव न्याय लोकेश नागर ने महाधिवक्ता को सूचित करते हुए पत्र भेजा है। अपर महाधिवक्ताओं में दुर्ग विजय सिंह, अमित सक्सेना, महेंद्रनारायण, राहुल अग्रवाल, राजीव सिंह, कार्तिकेय सरन शामिल हैं। लखनऊ खंड पीठ से संबंद्ध महाधिवक्ताओं में अनुज कुदेसिया, सुदीप कुमार, प्रितीश कुमार, ज्योन्सना पाल व सूर्य मणि सिंह रैकवार हैं।

## बड़े मंगल पर कपिल देव ने किया भंडारे का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल द्वारा ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगल के पावन अवसर पर लखनऊ स्थित अपने मंत्री आवास में भंडारे का आयोजन कर भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि बड़ा मंगल उत्तर प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का अनूठा पर्व है, जो विशेष रूप से राजधानी लखनऊ में लोक आस्था, सामाजिक समरसता, सहयोग और श्रद्धा का प्रतीक बन चुका है। हनुमान जी की उपासना शक्ति, भक्ति और सेवा की प्रेरणा देती है। जब समाज मिलकर एक-दूसरे की सहायता करता है, तभी सच्चे अर्थों में धर्म और मानवता की विजय संभव होती है।इस भंडारे में भाजपा के संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह, महामंत्री दुष्यंत गौतम तथा विधान परिषद अध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक भी प्रमुख रूप से शामिल हुए। मंत्री ए.के. शर्मा, जयवीर सिंह, नंद कुमार गुप्ता 'नदी', अनिल राजभर, राकेश सचान, आशीष पटेल, जेपीएस राठौर, संजय निषाद, अनिल कुमार, सुनील शर्मा, संदीप सिंह, रविंद्र जायसवाल, नरेंद्र कश्यप, अरुण सक्सेना, दानिश अंसारी, अजीत पाल एवं जसवंत सैनी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य कराया चौथे बड़े मंगल पर भंडारा

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

■ प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना कर भक्तों को बांटा प्रसाद

■ बड़ा मंगल उत्तर भारतीय लोक आस्था का महत्वपूर्ण पर्व: केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज हजरतगंज दक्षिणमुखी हनुमान के मंदिर में ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल के पावन अवसर पर भंडारा आयोजित कर प्रसाद वितरण किया।उन्होने दक्षिणमुखी हनुमान मन्दिर मे हनुमान का दर्शन किया व पूजा अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की।श्री मौर्य ने कहा कि हनुमान जी की पूजा के लिए समर्पित बड़े मंगल का दिन उत्तर प्रदेश में विशेष रूप से लखनऊ में विशिष्ट धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। बड़ा मंगल उत्तर भारतीय लोक आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व है। लखनऊ की धरती पर यह पर्व सामाजिक समरसता, सहयोग और श्रद्धा का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी समाज को शक्ति, भक्ति और सेवा का संदेश देते हैं। हम सब एक-दूसरे की मदद करेंगे, तभी सच्चे अर्थों में धर्म की विजय होगी और मानवता का कल्याण होगा। श्री मौर्य ने कपिल देव अग्रवाल राज्यमन्त्री स्वतन्त्र प्रभार के लखनऊ आवास पर आयोजित भण्डारे मे प्रतिभाग किया। उप मुख्यमंत्री ने आम्रपाली स्वीट्स सीतापुर बाईपास चौराहा हरदोई रोड दुबग्गा मे आयोजित विशाल भण्डारे मे भी भाग लिया। श्री मौर्य ने भागीदारी भवन गोमतीनगर मे विकसित भारत का अमृत काल और सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल विषयक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला मे प्रतिभाग कर कार्यशाला को सम्बोधित किया।

# जद यू दफ्तर में मनाया गया जार्ज फर्नांडिस का जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

■ बिरले ही पैदा होता है जॉर्ज फर्नांडिस जैसा नेता: पटेल

जनता दल यूनाइटेड के सूबाई दफ्तर में मजदूर नेता ,पूर्व रक्षा मंत्री पदम विभूषण स्व. जॉर्ज फर्नांडिस का 95 वा जन्मदिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर के प्रदेश पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ ने हृदय से उन्हें श्रंद्धाजलि दी। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने अपने संदेश में कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस जैसा नेता विरले ही पैदा हुआ करते है। उनके सम्पूर्ण जीवन का संघर्ष युवाओं को हमेशा उत्साहित करता रहेगा एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता रहेगा। प्रदेश प्रवक्ता प्रोफेसर केके त्रिपाठी ने जॉर्ज को याद करते हुए कहा कि उनमें संघर्ष करने की अदभुत शक्ति थी। एमरजेंसी के समय जिस प्रकार उन्होंने निरंकुश शासन को चुनौती दी और बड़ौदा डायनामाइट केस में जेल में रह के भी उन्होंने रिकॉर्ड मतों से मुज़फ़्फ़रपूर लोक सभा सीट से रिकॉर्ड मतों से विजयी हुए। इसका कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता है। प्रदेश महासचिव हरिशंकर ने जॉर्ज फैनेंडिस को याद करते हुए उन दीनों का जिक्र किया जब वो मजदूर नेता एवम कॉरपोरेटर थे और उन्होंने ने कांग्रेस के बहुत कद्दवार नेता एस के पाटिल को हरा कर ÷द जॉइंट किलर÷ का खिताब पाया था।प्रदेश प्रवक्ता कुंवर अजय सिंह ने जॉर्ज फैनेंडिस के मशहूर चक्का जाम को याद किया जब उन्होंने पूरे भारत में ट्रेन और टैक्सी की हड़ताल कर दी थी।इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता प्रोफेसर के के त्रिपाठी , प्रदेश महासचिव भैया हरिशंकर , प्रदेश प्रवक्ता कुंवर अजय सिंह, प्रदेश कोशा अध्यक्ष अमर सिंह कटियार, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य डॉ जितेन्द्र सिंह, एच एन सिंह समेत कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मिर्जापुर, बाराबंकी और झांसी में स्थापित होंगे तीन नए सेन्टर ऑफ़ एक्सीलेंस

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने अपने सरकारी आवास 19, गौतमपल्ली, लखनऊ पर बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रदेश के तीन जनपदों मिर्जापुर, बाराबंकी और झांसी में नये सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना स्वीकृत की गई है। इन केन्द्रों द्वारा फूल-सब्जी के क्षेत्र में किसानों को गुणवत्तायुक्त पौध उत्पादन के साथ ही नवीन प्रजातियों एवं विधाओं का प्रशिक्षण एवं उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा।

# पारदर्शी तरीके से लघु सिंचाई विभाग के अभियंताओ का स्थानांतरण

■ कृषकहित की योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने एवं किसानों की आय में बढ़ोतरी की दिशा में कार्य करने का फरमान

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में आज उत्तर प्रदेश जल निगम के सभागार में स्थानान्तरण नीति से आच्छादित लघु सिंचाई विभाग में कार्यरत अधिशासी अभियन्ता सहायक अभियन्ता अवर अभियन्ताओं के पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत स्थानान्तरण आदेश का वितरण किया गया। 7 अधिशासी अभियंताओं, 19 सहायक अभियन्ताओं एवं 60 अवर अभियन्ताओं का स्थानान्तरण किया गया। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया अंतर्गत स्थानान्तरण की कार्यवाही प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अभियंताओं से पूर्ण दक्षता व क्षमता के साथ बिना किसी दबाव के कार्य करते हुये विभाग को आगे ले जाने का आह्वान किया। उनके द्वारा निष्पादित कार्य सदैव किसानों के हित में होने चाहिए। स्थानान्तरित अभियन्ताओं को कृषक हित में विभाग द्वारा चलायी गयी योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने एवं उनकी आय में बढ़ोतरी की दिशा में कार्य करने हेतु निर्देशित किया।अपर मुख्य सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति अनुराग श्रीवास्तव ने स्थानान्तरित अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ताओं को विभागीय कार्यों में उनके ज्ञान व योग्यता को उपयोग में लाने हेतु प्रेरित किया। निर्माण कार्यों को गुणवत्तापरक कराये जाने में अवर अभियन्ताओं की महती भूमिका होती है, तद्नुसार उनका कार्य व आचरण उत्कृष्ट स्तर का होना चाहिए।इस अवसर पर सचिव नमामि गंगे एवं जलापूर्ति ग्रामीण डॉक्टर राजशेखर, विशेष सचिव, दिव्य प्रकाश गिरी, मुख्य अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग,एम देवेन्द्र कुमार सहित अधिकारी उपस्थित थे।

# बर्खास्त होंगे रोगियों के प्रति असंवेदनशील पांच डॉक्टर: ब्रजेश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

रोगियों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार और काम में लापरवाही बरतना पांच डॉक्टरों को भारी पड़ा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पांचों डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।बछरावां में तैनात डॉ. नीलिमा आर्या, डॉ. अन्जू वर्मा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. प्रशान्त कु?मार एवं डॉ. अभिलाषा भारद्वाज लगातार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही बरत रही थीं। रोगियों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार भी था। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को इन डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश दिए हैं। बछरांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था की शिकायतें मिल रही थीं। डिप्टी सीएम ने बताया कि अपर निदेशक लखनऊ मण्डल से 30 मई को आकस्मिक निरीक्षण कराया। निरीक्षण में कई शिकायतें सही पाई गईं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार को बछरांवा से बलिया में स्थानान्तरित करते हुए आरोप-पत्र देकर उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य को दिये गये हैं। अनधिकृत रूप से बिना सूचना लम्बे समय से अनुपस्थित रहने पर डॉ. इन्द्रभूषण जायसवाल के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की गयी है। अमेठी के गौरीगंज स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप कुमार को शासन ने 3 जनवरी 2025 को जिला चिकित्सालय, बलिया स्थानान्तरित किया था। इसके बावजूद डॉ. संदीप ने बलिया जिला चिकित्सालय में ज्वाइन नहीं किया। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. बृजेश यादव की पीजी पाठ्यक्रम पूर्ण करने के बाद उनकी तैनाती जिला चिकित्सालय, हरदोई वर्तमान में स्वशासी मेडिकल कॉलेज, हरदोई में 21 जनवरी 2021 को की गई थी लेकिन डॉ. बृजेश यादव ने तैनाती स्थल पर अब तक ज्वाइन नहीं किया। दोनों चिकित्साधिकारियों को शासन के आदेशों को न मानने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

# पर्यटकों को सिल्वर और गोल्ड श्रेणी में मिलेगी ठहरने की सुविधा: जयवीर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

पर्यटन विभाग द्वारा तैयार की गई यूपी होमस्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट बी एंड बी नीति 2025 को कैबिनेट ने आज मंजूरी प्रदान की। इस नीति के अंतर्गत व्यवस्था की गई है कि कोई भी व्यक्ति एक से लेकर छह कमरे तक पंजीकरण करा सकता है।सुविधाओं के आधार पर इकाइयों को सिल्वर और गोल्ड श्रेणी बांटा गया है। इससे पर्यटकों को ठहरने की सुविधा के साथ ही भवन स्वामी को अतिरिक्त आय के संसाधन सृजित होंगे।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस नीति को मंजूरी मिलने से पर्यटकों श्रृद्धालुओं आगंतुकों को उच्च स्तरीय आवासीय सुविधा किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जा सकेगी। होमस्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट बीएंडबी इकाइयों में गुणवत्ता परक एवं पर्यटकों मूलभूत सुविधायें सुनिश्चित कराई जाएगी। होमस्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट बी एंड बी इकाइयों हेतु पंजीकरण प्रक्रिया को अत्यंत सरलीकृत किया गया है। उत्तर प्रदेश पर्यटन के पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। इस नीति के अंतर्गत प्रदेश में रहने वाले गृह स्वामियों द्वारा आवासीय इकाईयों में उपलब्ध अतिरिक्त कक्षों न्यूनतम 01 तथा अधिकतम 06, अधिकतम 12 बेड को पर्यटकों को ठहरने हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

# विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेलों का आयोजन 05 जून से प्रारम्भ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शासन के निर्देशों के अनुपालन में खरीफ 2025-26 में कृषि सूचना तंत्र के सुदृरीकरण एवं कृषि जागरूकता कार्यक्रम योजनांतर्गत विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेलों का आयोजन खरीफ, 2025 में किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश कृषकों के आय में वृद्धि, कृषि उत्पादन में स्थाई एवं नियमित वृद्धि, कृषकों का आर्थिक एवं सामाजिक उन्नयन, कृषकों में कल्याणकारी शासन का विश्वास उत्पन्न करना तथा किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी एवं लाभ कृषकों के द्वारा पर उपलब्ध कराना होता है। जिलाधिकारी ने बताया है कि किसान को लाभकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध होने पर यह नवीन तकनीक के साथ संतुलित खाद, उन्नत प्रमाणित बीज एवं अन्य कृषि निवेशों का प्रयोग कर सकता है, जिसके फलस्वरूप कृषि की उत्पादकता में वृद्धि होगी। इन सभी बिंदुओं को दृष्टिगत रखते हुए 05 जून से 18 जून 2025 तक विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विकास खण्ड राही, डीह में 05 जून को विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रकार विकास खण्ड डलमऊ, दीनशाहगौरा में 06 जून को, विकास खण्ड आमावं, हरचंदपुर में 09 जून, विकास खण्ड जगतपुर, ऊंचाहार में 10 जून, विकास खण्ड लालगंज, सरेनी में 12 जून, विकास खण्ड सतावं, खीरों में 13 जून, विकास खण्ड महराजगंज, शिवगढ़ में 16 जून, विकास खण्ड बछरावां, रोहनियां में 17 जून, विकास खण्ड सलोन, छतोह में 18 जून को विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेलों का आयोजन किया जाएगा है। जिलाधिकारी ने कहा है कि गोष्ठियों/कृषि निवेश मेलों के आयोजन में कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, इफ्को, कृभकों, इण्डोफ्ल्फ आदि उर्वरक निर्माता कम्पनियों के प्रतिनिधि विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहेंगे। उर्वरक कम्पनियां, बीज उत्पादक कंपनियां, कृषि रक्षा रसायन उत्पादक कंपनियां, कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित समस्त विभाग अपना स्टाल लगाएंगे एवं एक पंजिका भी रखेंगे, जिसमें कृषकों द्वारा अपने सुझाव अंकित किये जायेंगे। कृषि निवेश मेलों में कृषि से सम्बन्धित सहयोगी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। यू0पी0 एग्रो, बीज विकास निगम, कृषि उपकरण बनाने वाली कंपनियां स्प्रिंकलर, ड्रिप सिंचाई, सोलर पंप कंपनियां आदि भी अपने-अपने स्टाल लगायेंगे। साथ साथ यू0पी0 एग्रो, पी0सी0एफ0, सहकारिता विभाग अपने निवेशों को बिक्री हेतु उपलब्ध करायेंगे। इसके साथ ही साथ विकास खण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले मेलों में सम्बन्धित विकास खण्ड के निजी निवेश आपूर्तिकर्ता भी अपने से सम्बन्धित निवेशों को बिक्री हेतु उपलब्ध करायेंगे। जिन निवेशों पर अनुदान की सुविधा है, वह किसानों को अनुदान के रूप में उपलब्ध करायेंगे, इसके लिए जिला कृषि अधिकारी एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा है कि इन कृषि निवेश मेलों में संबंधित विभागों द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के अन्तर्गत कृषकों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का प्रचार-प्रसार कराया जाये। किसानों की मौखिक एवं लिखित शिकायत प्राप्त की जाए तथा इसका विवरण शिकायत कक्ष में रखी गयी पंजिका में अंकित किया जाये। प्राप्त शिकायतों को सम्बन्धित विभाग के प्रमुख अधिकारी नियमानुसार निराकरण करेंगे।

## विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर निकाली गई साइकिल रैली

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

विश्व साईकिल दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय रायबरेली द्वारा साईकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रेस मोतीलाल नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम से होकर पुलिस लाईन चौराहे से वापस मोतीलाल नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम तक आयीं। जिला क्रीड़ाधिकारी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला क्रीड़ाधिकारी धीरेन्द्र कुमार पुरूषोत्तम ने खिलाडियो को साईकिल रेस के माध्यम से व्यायाम महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की आयोजनों का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश देना है। इस अवसर पर मुकेश कुमार क्रीड़ाधिकारी, बाबूलाल, नरेश कुमार निषाद, खेल प्रशिक्षक लीना सिह,श्रद्धा सोनकर, शोएब खान, पिन्कू कुमार, अश्वनी चन्द्रा व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

## कार्यदाई संस्था निर्माण कार्य में गुणवत्ता का दें विशेष ध्यान: डीएम

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक किया।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें।उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है,परियोजनाओं का कार्य निश्चित समयावधि के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।यदि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा मानक विहीन,अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।डीएम ने कहा कि निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच के बाद ही निर्माण कार्य में प्रयुक्त किए जाएं।उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिए शीघ्र अतिशीघ्र प्रस्तावबनाकर शासन को भेजे जिससे कि कार्य में बाधा न उत्पन्न हो व निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके।

## रिफाइंड ऑयल से भरा टैंकर पलटा, ग्रामीणों में तेल भरने की होड मचने से अफरा-तफरी



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

मंगलवार सुबह जिले में एक रिफाइंड ऑयल से भरा टैंकर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया।यह हादसा सुबह लगभग 8 बजे हुआ,जब टैंकर एक मोड़ पर संतुलन खो बैठा और सड़क किनारे खेत में जाकर पलट गया।घटना में टैंकर चालक घायल हो गया।जिसे स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया।टैंकर के पलटते ही हजारों लीटर रिफाइंड ऑयल खेत में फैल गया। इस दृश्य को देखकर आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण बाल्टी,डिब्बे और कंटेनर लेकर मौके पर पहुंच गए।देखते ही देखते तेल भरने की होड़ मच गई।और लूट जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई।कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली और दोपहिया वाहनों में तेल भरकर ले जाते देखे गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालने की कोशिश की और भीड़ को हटाया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है।और यातायात सामान्य कर दिया गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति और चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।वहीं प्रशासन की ओर से टैंकर कंपनी को सूचित किया गया है।और घटनास्थल की निगरानी की जा रही है।

# बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जाने को लेकर शांति समिति की बैठक

- न्यौहारों को परम्परागत तरीके से मनाये,किसी भी नई परंपरा की न की जाए शुरूआत: जिलाधिकारी
- सोशल मीडिया पर न डालें भ्रामक फोटो व वीडियो,संबंधित के विरुद्ध होगी कड़ी कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा, बकरीद के दृष्टिगत शांति,सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा शांतिपूर्ण एवं परम्परागत तरीके से आपसी भाई-चारे के साथ त्योहार को मनाने हेतु शांति समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक,मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व विभिन्न सम्प्रदायों के धर्मगुरु उपस्थित रहे।बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरुओं एवं अलग-अलग क्षेत्रों से आये हुए संभ्रान्त नागरिकों,ग्राम प्रधानों, सभासदों एवं शांति समिति के सदस्यों से सीधा संवाद कर आगामी त्यौहारों विशेष रूप से बकरीद के अवसर पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में शांति एवं सहयोग की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत न की जाए। जिस प्रकार से और जिस जगह पर विगत वर्षो में बकरीद के दौरान कुर्बानियां दी जाती रही हैं उसी को कायम रखना है। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाए,तथा कोई भी कुर्बानी खुले में न हो। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो।जिलाधिकारी ने कहा कि कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट,अवशेष को खुले में न डाला जाए।डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि नमाज के मुख्य मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कराकर जर्जर विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करना सुनिश्चित करें तथा त्यौहार के समय विद्युतआपूर्ति निर्वाध संचालित रहे।उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में न आए एवं साफ सफाई की विशेष व्यवस्था रहे।उन्होंने सभी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका,नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने इलाकों में साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए त्योहार के दिन सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी पहले से ही सुनिश्चित रखी जाए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकरी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित समस्त सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता व अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें,इन कार्यों में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ने बकरीद के त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाये जाने के संबंध में थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति-सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।त्यौहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदगाहों,मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है तथा परंपरागत रूप से निश्चित स्थलों पर कुर्बानी दी जाती है।उन्होंने कहा इस दौरान संबंधित अधिशाषी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिद,नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराकर चूने का छिड़काव कराना सुनिश्चित करें,जलापूर्ति की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कुर्बानी के पश्चात अवशेष को उचित स्थान पर पर्याप्त संख्या में गहरा गड्ढा खुदवाकर उसमें ब्लीचिंग, नमक तथा चूना डालकर उचित तरीके से ढकवा कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि कुर्बानी देते वक्त उसका फोटो व वीडियों न बनाये और न ही उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करें। किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। एसपी कहा कि क्षेत्राधिकारी,प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रो में यह सुनिश्चित करेंगे कि कुर्बानी पूर्व से निर्धारित परंपरागत स्थलों पर ही की जाए, किसी भी दशा में खुले में कोई कुर्बानी नहीं की जाए। उक्त त्यौहार पर कोई नई परंपरा कायम नहीं की जाए।पुलिस अधीक्षक ने समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहते हुए शांति व सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखें, जिससे किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक सवेंदनशील मामलों में माहौल खराब करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। डीएम एवं एसपी ने सभी को बकरीद की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण एवं आपसी भाई-चारे के साथ एक दूसरे की भावनाओं का आदर करते हुए मनाये जाने की अपेक्षा व्यक्त किया तथा कहा कि किसी भी सम्भावित समस्या की दशा में तत्काल स्थानीय पुलिस चौकी,थाने अथवा संबंधित अधिकारी को सूचित करें।जिसका अभिलंब निराकरण कराया जाएगा।

## शहतूत वृक्षारोपण के साथ सहफसली खेती से किसानों की आय में हुई बढ़ोत्तरी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

प्रदेश में अधिकतर रेशम उत्पादक किसान सीमांत और लघु कृषक होते हैं। खाद्यान्न की आवश्यकता के दृष्टिगत किसानों ने खेतीबाड़ी की पुरानी परम्पराओं को अभी तक अपनाया हुआ है। रेशम उत्पादन की पद्यतियों को भी देखा जाय तो यही बात सामने आती है की अधिकतर किसान पुराने तरीकों को छोड़ने के लिए राजी नहीं होते है। इस लिए जरूरी है उनकी भूमि के एक भूखंड से ही कृषि कार्यों में विविधता लाकर आमदनी बढ़ाई जाय। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश सरकार ने शहतूत वृक्षारोपण का एक सहफसली प्रारूप केंद्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान पांपोर, केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा तकनीकी स्थानांतरण हेतु संचालित किया गया है। किसान अपनी कृषि युक्त भूमि पर इस प्रकार से शहतूत वृक्षारोपण करते हैं कि परंपरागत कृषण कार्य भी चलता रहे और रेशम कीट पालन हेतु उसी खेत से उच्च गुणवत्ता युक्त शहतूत की पत्तियों भी प्राप्त होती रहे। केवल पहले वर्ष में नियमित पैदावार थोड़ी सी प्रभावित हो सकती है किन्तु दूसरे वर्ष से इसी खेत से अतिरिक्त आय आनी शुरु हो जाएगी। यदि कोई किसान अपने खेत में 300 शहतूत के पेड़ नयी पद्धति से लगा ले और केवल दो फसलों में पत्ती बेचने (4) प्रति किलो की दर से) का काम करे तो भी वह दूसरे वर्ष में लगभग 5 हजार रूपये एवं अगले 4-5 वर्षों से इसी खेत से वह लगभग 20 हजार रूपये वार्षिक की अतिरिक्त आय केवल पत्ती बेच कर प्राप्त कर सकता है। किसान इसी शहतूत उद्यान से साल में दो फसल भी बाइवोल्टाईन रेशम कीटपालन कार्य करता है तो उचित उत्पादन के साथ वह दूसरे साल से 10 हजार रूपये का कोया उत्पादन कर सकता है और चौथी पाँचवी साल में वह 30-35 हजार मूल्य का रेशम कोया, 300 शहतूत पेड़ो की उचित रखरखाव और सफल कीटपालन से उत्पादित कर सकता है।

# एफडीडीआई फुरसतगंज मेंडिज़ाइन एक्सप्लोर, समर इनोवेशन कैंप का आयोजन

## 10वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए अच्छा अवसर

**जन एक्सप्रेस । फुरसतगंज, अमेठी**



भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान एफडीडीआई यानी फुटवियर डिज़ाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, फुरसतगंज आगामी नौ जून से बीस जून तक एक विशेष ÷डिज़ाइन एक्सप्लोर,समर इनोवेशन कैंप का आयोजन कर रहा है।यह कैंप विशेष रूप से कक्षा 10वीं,11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।इस कैंप का उद्देश्य छात्रों की अभिरुचियों, कल्पनाओं और रचनात्मकता को मंच प्रदान करना।तथा उन्हें व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनाना है।कार्यक्रम के समन्वयक सुमित फर्नाडीज़ ने बताया कि इस समरकैंप के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण मिलेगा।जिसमें डूडलिंग, टाई एंड डाई प्रिंटिंग,मोबाइल फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी वीडियो एडिटिंग और शॉर्ट वीडियो मेकिंग,बेसिक 3ष्ठ ड्राइंग फुटवियर प्रोटोटाइप तैयार करना आदि सभी विषयों को प्रैक्टिकल रूप में सिखाया जाएगा।जिससे छात्र वास्तविक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।एफडीडीआई के विष्णु सिंह ने बताया कि छात्र पंजीकरण और अधिक जानकारी हेतु 8103505530 एवं 7408736065 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

## डीएम ने मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक स्थल पर चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने प्रमुख स्थलों के चल रहे सौन्दरीकरण कार्य के अंतर्गत मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक स्थल का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता देखीं।इस दौरान स्मारक स्थल के भीतरी एवं बाहरी भाग का भ्रमण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। संबंधित पदाधिकारी को शहीद स्मारक स्थल के दोनों भाग में बेहतर साफ-सफाई के अलावा समस्त परिसर का रंग-रोगन, बिजली, पानी आदि के बारे में उचित दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावा सांस्कृतिक आयोजनों के अवसर पर संभावित भीड़भाड़ को देखते हुए वाहनों की पार्किंग, सुचारू यातायात, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संदर्भ में भी आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह, प्रभारी पर्यटन अधिकारी सुरेश गिरी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पन्नी की कुल्हाड़ी से गला काटकर निर्मम हन्या, आरोपी पति थाने जाकर बोला लाश उठा लीजिए

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के रामगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर मवैया गांव में सोमवार को को एक दिल दहला देने वाली घटना हुई।पत्नी से विवाद के बाद गुस्से में आकर पति ने कुल्हाड़ी से उसकी बेरहमी से हत्या कर दी।हत्या के बाद आरोपी खुद थाने पहुंचा और पुलिस से कहा, ÷मैंने अपनी पत्नी को मार डाला है,लाश जाकर उठा लीजिए।÷घटना सोमवार दोपहर की है।24 वर्षीय प्रतिभा बनवासी अपने घर के बाहर बरामदे में लेटी हुई थी। और मोबाइल पर किसी से बातचीत कर रही थी।इसी दौरान उसका पति ऋषि वर्मा वहां पहुंचा और पूछा कि वह किससे बात कर रही है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।देखते ही देखते ऋषि घर के अंदर गया,और कुल्हाड़ी लेकर आया,फिर पत्नी की गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमले इतने तेज थे कि महिला की गर्दन लगभग धड़ से अलग हो गई थी।मौके पर ही उसकी मौत हो गई।प्रतिभा की तीन वर्षीय बेटी ने अपनी आंखों के सामने अपनी मां को मरते हुए देखा। बच्ची का कहना है कि पापा ने मम्मी को मार डाला।हत्या के बाद आरोपी पति सीधे थाने पहुंचा और अपना जुर्म कबूल करते हुए कहा कि उसने अपनी पत्नी को मार डाला है।पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची,शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर जांच की।मृतका के पिता का कहना है कि उनकी बेटी ने चार साल पहले लव मैरिज की थी।अब पति ने उसकी नृशंस हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि वह किसी काम से बाहर थे,जब उन्हें घटना की सूचना मिली तो दौड़ते हुए बेटी के घर पहुंचे।लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।थानाध्यक्ष और क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगल पर जगह-जगह हुआ भव्य भण्डारा



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ज्येष्ठ महीने के चतुर्थ बड़े मंगल पर शहर के कैपर गंज घंटाघर बस स्टॉप डिग्री कॉलेज चौराहा इंदिरा नगर सिविल लाइन तथा जनपद के हर कस्बे में मंगलवार को भक्तिभाव का अनोखा उत्सव देखने को मिला। हनुमान जी की कृपा पाने और पुण्य अर्जित करने के उद्देश्य से श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया। भव्य सजावट, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कस्बे के प्रमुख मंदिर में जहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा स्थानीय कस्बे में स्वयंसेवी संगठनों और व्यापारियों ने मिलकर सैकड़ों स्थानों पर भंडारे लगाये। कहीं पूड़ी-सब्जी, कहीं खीर-हलवा तो कहीं ठंडे पेय और फल वितरित किए गए। गर्मी के बावजूद श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ सेवा कार्यों में लगे रहे। धार्मिक मान्यता है कि बड़े मंगल के दिन हनुमान जी की पूजा से विशेष फल प्राप्त होता है और सभी कष्टों का नाश होता है इसी आस्था के चलते ज्येष्ठ महीने के हर मंगल को शहर तथा ग्राम सभा में महापर्व जैसा माहौल होता है। बड़े मंगल की यह परंपरा न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भावना का भी उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ पिछड़ा वर्ग के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से की मुलाकात



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष और दर्जा प्राप्त मंत्री सोहनलाल श्रीमाली कई जिलों के कार्यक्रम के बाद रायबरेली पहुंचे उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ पिछड़ा वर्ग के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।पुलिस लाइन स्थित युवा नेता सोनू वर्मा के कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने सरकार की नीतियों को रखा। सोहनलाल श्रीमाली ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वो पीडीए की बात करते हैं लेकिन जो व्यक्ति अपने पिता का सम्मान नहीं कर पाया वह पिछड़ा वर्ग का भला क्या करेगा। राहुल गांधी के क्षेत्र रायबरेली में पहुंचे मंत्री सोहनलाल श्रीमाली ने विकास के मुद्दे पर राहुल गांधी को घेरने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मिर्जापुर अनुप्रिया पटेल का क्षेत्र है और वाराणसी प्रधानमंत्री का क्षेत्र है। वहां का विकास और रायबरेली के विकास में अंतर साफ दिखाई देता है जबकि दोनों ही नेता बड़े हैं। कार्यक्रम में सोनू वर्मा प्रदेश मंत्री, अंकुर सिंह राठौड़, पंकज सिंह चौहान, व्यापारी अतुल श्रीवास्तव, जिला मंत्री अरविंद कुमार त्रिवेदी, जयनारायण बब्बू, शेर खान, राम शंकर आदि मौजूद रहे।

# एनएसपीएस त्रिपुला में तृतीय मंगलवार को हुआ प्रसाद वितरण



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा आयोजित होने वाले प्रसाद वितरण के क्रम में एनएसपीएस त्रिपुला शाखा में एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना कर सर्व समाज में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए पवनसुत को सब्जी-पूड़ी के प्रसाद का भोग लगाया तदोपरांत आम जनमानस को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न शाखाओं के प्रधानाचार्यों में शिव लखन प्रजापति (प्रधानाचार्य त्रिपुला), राजीव सिंह (प्रधानाचार्य एनएसपीएस सलेथू ), इंद्र विक्रम सिंह (आरकेडी एनएसपीएस तेजगांव ), शिवांग अवस्थी (एनएसपीएस लालगंज), अनिल कुमार श्रीवास्तव (प्राचार्य एनएससीएचई), संयोजिका संचिता त्रिवेदी, रुची मिश्रा, शिवकरन पाल, अनिल मिश्रा, राजू यादव, संजय सिंह, देवेंद्र सिंह, आर एन सिंह, सीएल यादव, रितेश शर्मा, अवधेश शर्मा, महेन्द्र कुमार, कामरान, डीपी जोशी, शुभम शुक्ला, गिरीश श्रीवास्तव एवं संजय श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



**पति ने भाई के साथ मिलकर...**

मां के साथ मायके जा रही एक महिला की पति ने भाई के साथ मिलकर हन्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई फरार हो गए। पुलिस ने महिला का शव... ▸ शेष पेज 07 पर...

# क्रीडा क्षेत्र में अब कानपुर मंडल के ही छह जिले रहेंगे

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शासन के आदेश पर कानपुर रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (क्रीडा) में शामिल जिलों में परिवर्तन किया गया है। अब इसमें कानपुर मंडल के ही सभी छह जिले शामिल होंगे। नए शामिल होने वाले जिलों में फर्रुखाबाद और इटावा हैं। दूसरे मंडलों के चार जिलों जालौन, बांदा, फतेहपुर और हमीरपुर को इससे हटा दिया गया है। केडीए 4 जून को होने वाली बैठक के बाद क्रीडा का नए सिरे से प्रस्ताव शासन भेजेगा।

कानपुर मंडल की उच्च स्तरीय विकास समिति के समन्वयक नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि क्रीडा क्षेत्र में तेजी से विकास के उद्देश्य से कानपुर मंडल के ही सभी छह जिले शामिल किए जा रहे हैं।

अन्य मंडलों के चारों जिलों को इससे हटा दिया गया है। केडीए सचिव अभय कुमार पांडेय ने बताया कि विकास प्राधिकरण ने क्रीडा का नया ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। क्रीडा में आसपास के सभी जिलों को मिलाकर डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जाएगा।

**औद्योगिक विकास के लिए किया गया फेरबदल**




### संशोधन से पहले और बार का क्रीडा क्षेत्र

- क्रीडा में पहले शामिल किए गए थे जिले- कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, औरैया, हमीरपुर, जालौन, बांदा, फतेहपुर
- इन जिलों की क्षेत्रफल- 20, 000 वर्गमीटर
- इन जिलों की आबादी- 1.75 करोड़

**क्रीडा के संशोधित प्रस्ताव के तहत शामिल जिले**

- कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, औरैया, इटावा, फर्रूखाबाद
- इन जिलों का क्षेत्रफल- 14884 वर्ग किलोमीटर
- इन जिलों की आबादी- 1.28 करोड़

### 14,884 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में होगा विकास

क्रीडा क्षेत्र में रहने वालों की वर्ष 2051 की संभावित आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक, परिवहन, बुनियादी संसाधनों, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि जरूरतों को ध्यान में रखकर विकास का खाका तैयार किया जाएगा। एक जिला, एक उत्पाद पर भी फोकस रहेगा। केडीए के अधिकारियों के अनुसार क्रीडा के विकास से कानपुर मंडल में शामिल कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, फर्रूखाबाद, कन्नौज के 14,884 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में विकास होगा। इससे लगभग 1.28 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे।

### क्रीडा से विकास के लिए आगे आईं जापानी, सिंगापुर तक की सलाहकार कंपनियां

केडीए ने क्रीडा में पूर्व में शामिल जिलों में सन 2051 तक की जरूरतों के हिसाब से विकास के लिए बीती 4 अप्रैल को प्रीबिड मीटिंग बुलाई थी, जिसमें जापान, सिंगापुर तक की सलाहकार कंपनियां शामिल हुई थीं। उसके बाद ग्लोबल ई-टेंडर की तारीख 22 अप्रैल मुकर्रर की गई थी, पर क्रीडा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में संशोधन की वजह टेंडर स्थगित कर दिए गए थे। अब संशोधित प्रस्ताव पर शासन की मुहर लगने के बाद ग्लोबल ई-टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे।

> क्रीडा का नए सिरे से प्रारूप तैयार किया गया है। इसमें अब कानपुर मंडल के ही सभी छह जिले शामिल रहेंगे। पूर्व में शामिल दूसरे मंडलों के फतेहपुर, हमीरपुर, बांदा और जालौन को हटा दिया गया है। एक ही मंडल के जिले होने से संबंधित सभी विभागों में आसानी से सामंजस्य के साथ औद्योगिक विकास किया जा सकेगा। केडीए 4 जून को होने वाली बोर्ड बैठक के बाद क्रीडा का नए सिरे से प्रस्ताव शासन भेजेगा और वहां से हरी झंडी मिलते ही इन जिलों में संयुक्त रूप से औद्योगिक विकास का खाका खींचने के लिए टेंडर कर कंसलटेंट नियुक्त किया जाएगा।
>
> मदन सिंह गर्ब्याल, उपाध्यक्ष, केडीए

## बिठूर, इंदिरा नगर, सिंहपुर केस्को सर्विस में मात्र एक ही कम्पलेन वाहन, विद्युत उपभोक्ता हैरान और परेशान

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

**बिठूर।** उत्तर प्रदेश सरकार जहां एक और जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के साथ-साथ उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए अच्छी सुविधा देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। वहीं दूसरी ओर कैसे को विभाग में बैठे आला अधिकारियों की हठधर्मिता के चलते बिठूर इंदिरा नगर और सिंहपुर के बीच में विद्युत आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए केवल एक ही वहां कार्य कर रहा है। जिसकी वजह से विद्युत व्यवस्था अक्सर बाधित होती हुई नजर आती है। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक पहले हर सब स्टेशन में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए केस्को विभाग ने अलग-अलग कम्पलेन वाहन दे रखे थे। लेकिन बीते दिसंबर माह से वाहनों की संख्या घटकर मात्र एक रह गई है वर्तमान समय में बिठूर सिंहपुर और इंदिरा नगर के बीच में केवल एक ही कम्पलेन वाहन संचालित है। इसके अलावा स्टाफ को भी घटा दिया गया है। पहले तीन चरणों में केस्को को कर्मचारी कार्य किया करते थे लेकिन वर्तमान समय में रात्रि के वक्त बिठूर सब स्टेशन में मात्र एक एसएसओ के अलावा और कोई कर्मचारी काम पर नहीं रहता है। ऐसे में यदि रात्रि के वक्त क्षेत्र में फाल्ट हो जाए तो विद्युत आपूर्ति पूरी तरीके से बाधित हो जाती है। उधर दिसंबर माह से कम्पलेन वाहन में कमी आ जाने की वजह से उपभोक्ताओं को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## 24 साल तक परिवार से छुपाई हत्या करने की बात

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर में सेनपश्चिम पारा के पहाड़पुर से गिरफ्तार हुए हत्या के आरोपी ओमप्रकाश दिवाकर उर्फ छोटे बउआ पिछले 24 साल से हत्या का राज अपने सीजे में छुपाए था। महाराष्ट्र पुलिस के गिरफ्तार करने से पहले तक उसने कभी परिवार के किसी सदस्य को यह बात नहीं बताई। 27 मई को जब मुंबई पुलिस ने गिरफ्तारी की परिवार को उसके इस कांड की जानकारी हुई।

बता दें, ओमप्रकाश और कन्नौज निवासी हारुन अली पालघर के विरार में ऑटो चलाते थे। 14 जनवरी 2001 को दोनों ने मोहर्रम अली (46) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। उसी साल 28 मई को हारुन गिरफ्तार हो गया था। उसने बताया था कि मोहर्रम अली ऑटो में बैठता था लेकिन कभी किराया नहीं देता था। इसी के चलते उसकी हत्या की गई।

### पत्नी को बताया- पुलिस ने ऑटो सीज कर दिया

हालांकि ओमप्रकाश भागकर घर आ गया। पत्नी सत्यरानी ने बताया कि जब वापस आने का कारण पूछा गया तो पति ने बताया था कि किसी अपराधी के ऑटो में बैठने की वजह से पुलिस ने ऑटो सीज कर दिया। उसके बाद वह पहाड़पुर में ही 10 साल तक कपड़ों में प्रेस का काम करते रहे। वर्ष 2011 में पति कपड़ों की रंगाई-पुताई के काम करने के लिए नासिक चले गए।

### मुंबई पुलिस गिरफ्तार कर ले गई

बीते वर्ष 2024 में हार्ट अटैक के बाद वह दोबारा पहाड़पुर आकर शहर में ऑटो चलाने लगे। बताया कि 27 मई को चार लोग सादी वर्दी में घर आए और ओमप्रकाश के बारे में पूछा और कहा कि ऑटो का चालान हुआ है। सेन चौकी आकर बात कर ले। जब वह चौकी पहुंचा, तो मुंबई पुलिस गिरफ्तार कर ले गई। पूछताछ की जा रही है।

### 2001 में भी पुलिस ने दी थी दबिश

पत्नी के मुताबिक घटना के बाद 2001 में मुंबई पुलिस ने घर में दबिश दी थी।

ओमप्रकाश के न मिलने पर परिवार के एक सदस्य को बिधनू थाने में बैठा दिया था। हालांकि तीन दिन बाद छोड़ दिया।

## चोरी व लूट में ई-साक्ष्य करता काम, मुठभेड़ के समय धड़ाम



> एप के इस्तेमाल में अगर कोई समस्या है, तो संबंधित अधिकारी के पास शिकायत करें। मौके से साक्ष्य अपलोड न करना गलत है। ऐसा करते पाए जाने वाले विवेचकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> आशुतोष कुमार, एडिशनल सीपी, लॉ एंड आर्डर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर में मजबूत साक्ष्य और सटीक विवेचना के लिए बनाया गया पुलिस का हथियार (ई-साक्ष्य एप) शातिर और बड़े अपराधियों के सामने बेकार साबित हो रहा है। इसमें पुलिसकर्मियों को घटनास्थल से फोटो, वीडियो के साथ लोगों के बयान लेकर उन्हें एप पर अपलोड करने होते हैं। यह एप चोरी, लूट, आत्महत्या, दुर्घटनाओं, सड़क हादसों में तो सही तरीके से काम करता है।

हालांकि, मुठभेड़ या गुडवर्क में गिरफ्तारी दिखाने के दौरान धड़ाम हो जाता है। ऊपर के चारों केस महज बानगी भर हैं, यह मामले कमिश्नरी के सभी थानाक्षेत्रों में सामने आ रहे हैं। अब इसे तकनीकी दिक्कत कहा जाए या फिर विवेचक का जुगाड़, लेकिन पारदर्शी व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े होने लगे हैं। साक्ष्यों के गायब होने या छेड़छाड़ की संभावना को खत्म करने के लिए ई-साक्ष्य एप लांच हुआ। इससे विवेचकों की जवाबदेही बढ़ी है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ई-साक्ष्य एप पर अकाउंट खोलना पड़ता है। विवेचक को यूनिक नंबर मिलता है, जिसके जरिए मामले से जुड़े फोटो, वीडियो आदि सबूत अपलोड किए जा सकते हैं। एप के जरिए जो साक्ष्य एकत्रित किए जाते हैं। उनकी जियो टैगिंग भी होती है। फोटो, वीडियो आदि भौगोलिक दशा जैसे अक्षांश व देशांतर के साथ अपलोड करते पड़ते हैं। एप में अपलोड साक्ष्य की प्रमाणिकता की जांच हो जाती है।

> साक्ष्य अपलोड करते समय एप का न चलना पुलिस का एक अच्छा बहाना है। पुलिस अपनी गलतियां छिपाने और निर्दोषों को फंसाने के लिए इसका इस्तेमाल करती है। हन्या, लूट, दुष्कर्म जैसे गंभीर मामलों में अफसरों की निगाह होने से सही विवेचना करना विवेचक की मजबूरी है। ऐसे में मौके पर साक्ष्य अपलोड कर दिए जाते हैं। शराब, अवैध असलहा, नशीले पदार्थ आदि की बरामदगी या अन्य छोटी-मोटी घटनाएं, जिसमें पुलिस अक्सर निर्दोषों को फंसाने के लिए सबूतों को प्लांट करती है। वहां यह बहाना पुलिस के लिए माकूल साबित होता है। पुलिस के आलाधिकारियों को समय-समय पर ऐसी विवेचना की मॉनीटरिंग करनी चाहिए। विवेचक की गलती उजागर होने पर उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करनी चाहिए। इससे विवेचना की पारदर्शिता बनी रहेगी।
>
> डीएस मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता फौजदारी

### केस- एक

25 अप्रैल- बाबूपुरवा थाने के दरोगा कपिल कुमार ने शांति उपवन पार्क से बगाही निवासी किशन को चाकू के साथ पकड़ा। ई-साक्ष्य एप पर मौके से गिरफ्तारी के वीडियो अपलोड नहीं कर पाए। बताया कि एप काम नहीं कर रहा था।

### केस- दो

आठ मई- किदवईनगर पुलिस ने शातिर चोर गोपाल टिक्कल को मुठभेड़ में धर दबोचा। दरोगा प्रवास शर्मा के मुताबिक आरोपी की गिरफ्तारी और बरामदगी के वीडियो बने थे, लेकिन एप में तकनीकी समस्या के चलते अपलोड नहीं हो सके।

### केस- तीन

14 मई- बाबूपुरवा थाने के दरोगा गौरव कुमार ने बगाही भट्ठे के पास से शराब तस्करी में वहीं के करन सिंह को गिरफ्तार किया। यहां भी ई-साक्ष्य एप के काम न करने की वजह से कार्रवाई के वीडियो और फोटो अपलोड नहीं हुए।

### केस- चार

15 मई- नौबस्ता थाने के दरोगा नितिन सिंह ने यशोदानगर चौराहे के पास मछरिया निवासी कामरान को शराब तस्करी में पकड़ा, लेकिन गिरफ्तारी के वीडियो फोटो मौके से अपलोड नहीं कर पाए।

ई-साक्ष्य एप न चलना इसकी वजह बताया गया।

## अहिरवां एयरपोर्ट के पास बनेगा गेस्ट हाउस और श्रमजीवी महिला छात्रावास




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर में अहिरवां एयरपोर्ट के पास मुख्यमंत्री श्रमजीवी छात्रावास और न्यायिक अधिकारियों के लिए गेस्ट हाउस बनेगा। केडीए ने जमीन चिह्नित कर ली है। चार जून को विकास प्राधिकरण 143वीं बोर्ड की बैठक में प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। केडीए के फ्लैटों की कीमत में संशोधन पर विचार होगा। बैठक के एजेंडे में न्यू कानपुर सिटी योजना का संशोधित ले-आउट, बेसमेंट में शौचालय बनाने, व्यवसायिक एफएआर बढ़ाने, बजट समेत 15 प्रस्ताव शामिल किए गए हैं।

एजेंडे में अभियंत्रण जोन-1 और नियोजन विभाग की तरफ से न्यू कानपुर सिटी योजना के नवीन ले-आउट को सैद्धांतिक अनुमोदन के बाद योजना के क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्ताव शामिल कराया गया है। प्रस्ताव संख्या-4 में बेसमेंट में शौचालय निर्माण अनुमान्य किए जाने और मूल बेसमेंट की तरह एक्सटेंडेड बेसमेंट में भी समान तरह का प्रयोजन (वाणिज्यिक एवं कार्यालय) अनुमन्य करने के लिए प्रभारी भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 के अध्याय-3.9 में संशोधन करने के संबंध में प्रस्ताव शामिल कराया गया है।

**नामांतरण आदि के प्रस्ताव भी हैं शामिल**

इसी तरह वाह्य विकास शुल्क की कास्ट इंडेक्स के आधार पर पुनरीक्षित दरों पर बोर्ड के अनुमोदन, भारतीय वाक श्रवण संस्थान मानसगंगोत्री मैसूर की तरफ से ग्राम सुरार की 8.16 हेक्टेयर जमीन को औद्योगिक भूउपयोग से सार्वजनिक, अर्द्धसार्वजनिक सुविधाएं भूउपयोग में परिवर्तन के प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। भूउपयोग परिवर्तन, वैकल्पिक प्लॉट देने, नामांतरण आदि के प्रस्ताव शामिल हैं।

## हाईवे पर दो डंपरों की जोरदार भिड़ंत, हेल्पर की मौत और चालक गंभीर घायल



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर के सचेंडी थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह हाईवे पर दो डंपरों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के कारण हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर जाम खुलवाया है।

मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के हाईवे पर सुबह साढ़े पांच बजे एक डंपर ने अपने आगे चल रहे डंफर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे एक डंपर के हेल्पर गौरव पुत्र लाला निवासी थाना मूसानगर, कानपुर देहात की मौके पर ही मौत हो गई।

### क्रेन व हाइड्रा से दोनों डंपरों को हटवाया

वहीं, चालक अंकित पुत्र भूरा सिंह निवासी संतनापुर थाना मूसानगर, जनपद कानपुर देहात गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को मोर्चरी हाउस कानपुर नगर और घायल को हैलट हॉस्पिटल भिजवाया है। दोनों डंपरों को क्रेन व हाइड्रा की मदद से रोड से हटवाया गया।

## हैलट के नए सर्जरी ब्लॉक में रहेंगे 20 प्राइवेट रूम, चार मंजिल का बनेगा ब्लॉक



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर


कानपुर में हैलट के न्यू सर्जरी एकेडमिक ब्लॉक में रोगियों को प्राइवेट कमरों की भी सुविधा मिलेगी। इसके लिए नए सर्जरी ब्लॉक का सोमवार शाम भूमि पूजन हुआ। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि नए ब्लॉक में छह बेड की हाई डिपेंडेंसी यूनिट (एचडीयू) भी होगी। पांच करोड़ रुपये से बनने वाला नया ब्लॉक चार मंजिला होगा।

इसे पूरा होने में दो साल का समय लगेगा। नए ब्लॉक में 20 प्राइवेट रूम रहेंगे। अभी बहुत से रोगी हैलट में इलाज कराना चाहते हैं, लेकिन प्राइवेट रूम न होने पर निजी अस्पताल जाते हैं। ऐसे रोगियों के लिए अब आसानी हो जाएगी। इसके अलावा एमबीबीएस के छात्रों और रेजीडेंट डॉक्टर के लिए अलग स्किल लैब बनाई जाएगी। साथ ही लेक्चर थिएटर भी होगा।

### राजकीय निर्माण निगम को दी गई है जिम्मेदारी

नए ब्लॉक में एक ऑपरेशन थिएटर भी रहेगा। सर्जरी और एनेस्थेसिया विभाग के डॉक्टरों के लिए चैंबर भी बनाए जाएंगे। इस ब्लॉक को प्रस्तावित सौ बेड के आईसीयू से जोड़ा जाएगा। ब्लॉक का भवन बनाने के लिए कार्यदायी संस्था की जिम्मेदारी राजकीय निर्माण निगम को दी गई है। भूमि पूजन के मौके पर न्यूरो साइंसेस प्रमुख डॉ. मनीष सिंह, सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. आरके मौर्या तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## बंगाल-बिहार की सरहद पर ठिठका मानसून, 11 से फिर भरेगा रफ्तार, विभाग का अलर्ट



**नहीं होगी तापमान में बढ़ोतरी**

इस वजह से मानसून रुक गया है। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनते ही मानसून फिर रफ्तार पकड़ लेगा। इसके अलावा उत्तर-पश्चिमी हवाएं आ रही हैं। जब पश्चिमी हवाएं आती हैं, तो अपने साथ राजस्थान के थार मरुस्थल की गर्मी लेकर आती हैं।

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

मानसून के समय से कानपुर परिक्षेत्र में पहुंचने की उम्मीद है। अभी उत्तर पश्चिमी हवाओं के रास्ता काटने की वजह से बिहार और बंगाल के सरहद वाले इलाके में ठिठका हुआ है। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि 11-12 जून से मानसून फिर रफ्तार पकड़ सकता है। इसके साथ अरब सागर से आ रहीं हवाएं भरपूर नमी लेकर आ रही हैं। इसकी वजह से बादल बनते रहेंगे और तेज हवाएं चलेंगी, जिससे अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी नहीं होगी, लेकिन उमस बनी रहेगी। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि चक्रवाती हवाओं के घेरे बने होने के कारण हवाएं उस तरफ खिंच जा रही हैं। इसके अलावा रूस में भी बड़ा चक्रवाती घेरा बना हुआ है। यह भी हवाओं को खींच रहा है।

**गरज-चमक के साथ रहेगी बादलों की आवाजाही**

सीएसए की मौसम वेधशाला में अधिकतम तापमान सामान्य औसत 40.9 डिग्री से 4.5 डिग्री कम रहा है। रात का न्यूनतम तापमान सामान्य औसत 27.5 डिग्री से थोड़ा काम रहा। विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है कि पांच जून तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा। गरज-चमक के साथ बादलों की आवाजाही रहेगी और स्थानीय स्तर पर कहीं-कहीं बूंदाबांदी और हल्की बारिश हो सकती है।

**एक बार 40 और छह बार 40 डिग्री पार रहा तापमान**

इस बार मई में अधिकतम तापमान एक बार 40 डिग्री और छह बार 40 डिग्री के पार रहा है। सीएसए के मौसम तकनीकी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि मई का सामान्य औसत तापमान 40 डिग्री सेल्सियस है। इस सीजन में पारा सात मई को 40 डिग्री पर पहुंचा। इसके बाद 11, 13, 14, 15, 16 और 18 मई को 40 डिग्री के पार रहा है। अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 16 मई को 43.4 डिग्री रहा। यह सामान्य औसत से 3.8 डिग्री अधिक रहा।

## कलक्टरगंज अग्निकांड में झुलसी महिला ने दम तोड़ा



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर के कलक्टरगंज गल्लामंडी में हुए अग्निकांड में गंभीर रूप से झुलसी बाबूपुरवा कॉलोनी निवासी लाजवंती देवी (52) ने 20 वें दिन इलाज के दौरान उर्सला में दम तोड़ दिया। केमिकल गोदाम में धमाके से बगल के गोदाम में काम करते समय वह चपेट में आई थीं। इससे पहले इस अग्निकांड में एक अधेड़ और युवक की मौत हो चुकी है।

बीते महीने 13 मई की दोपहर केमिकल गोदाम में बड़े ड्रमों से छोटे ड्रमों में थिनर पलटकर पैकिंग करने के दौरान धमाका होने के बाद आग लग गई थी। इस दौरान वहां काम कर रहे उन्नाव के जैतीपुर रामसराय निवासी कमलेश, पीएसी मोड़ सैदुल्लापुर निवासी संजय कुमार, शुक्लागंज नेहरूनगर निवासी दीपक, बाबूपुरवा कॉलोनी निवासी लाजवंती, जूही निवासी ललिता देवी झुलस गए थे। पुलिस ने पांचों को अस्पताल में भर्ती कराया था।

### अग्निकांड में मृतकों की संख्या तीन हो गई

घटना के दूसरे दिन गोदाम में काम करने वाले शुक्लागंज मिश्रा कॉलोनी निवासी गयाप्रसाद का कंकाल मिला था। वहीं, करीब एक सप्ताह बाद संजय कुमार की मौत हो गई थी। इसके बाद हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने कमलेश को पीजीआई रेफर कर दिया था। 66 प्रतिशत जली लाजवंती की दो दिन पहले हालत बिगड़ने लगी और सोमवार सुबह उसकी सांसें थम गईं। कलक्टरगंज इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बताया कि अग्निकांड में मृतकों की संख्या तीन हो गई है।

## बिल्हौर विकासखंड अधिकारी कर्मचारी समय से नहीं पहुंचते कार्यालय, ग्रामीण परेशान

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील के अति निकट बिल्हौर विकास खंड कार्यालय में पिछले खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा यहीं पर रहकर अपने काम और कर्मचारियों को समय पर बैठक कर निस्तारण करते थे और क्षेत्र में भी भ्रमण करते थे उनके जाने के बाद में नव आगंतुक खंड विकास अधिकारी साहब सिंह के पास शिवराजपुर विकासखंड का भी चार्ज है। लेकिन कानपुर नगर से नजदीक होने के वजह से वह वहीं से होकर लौट जाते हैं जिसके चलते बिल्हौर ब्लॉक को समय कम दे पाते हैं वहीं पर कर्मचारी भी देर सबेर आते और चले जाते हैं कोई उनको पूछने वाला नहीं है । मंगलवार सुबह 10~10 पर उनके कार्यालय की गूगल फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है उसमें खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की कुर्सी खाली है और कई कर्मचारी इस पर सोशल मीडिया पर एडीओ आईएसबी देवी प्रसाद गूगल फोटो को झूठा बताते नजर आए यह फोटो जो वायरल हो रही है एक फोटो में एडीओ आईएसबी चार कुर्सियों पर बैठे हैं वहीं पर महिला कर्मचारी खड़ी हुई है उस पर तमाम तरह के कमेंट है वह झूठी है इस संबंध में पत्रकारों ने जिला विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह से फोन से बात की उन्होंने बताया।

## सुयश गुप्ता और पूजा सुल्तानिया मिस्टर एंड मिसेस केजेसी पुरस्कार से किया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। जेसीआई कानपुर परिवार द्वारा बीच बम बैश व हवाई फ़ैशन रैम्प वॉक शो कार्यक्रम का आयोजन कृष्णा फार्म हाउस, बिठूर में आयोजित किया गया। जिसमें जेसीआई के 24 सदस्यों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें केजेसी जेसी सुयश गुप्ता, केजेसी जेसी श्रीमती पूजा सुल्तानीया, एमआर एंड एमआरएस केजीसी का पुरस्कार एलजीसी परीधी और जेसी सिद्धार्थ शर्मा ने दिया गया। हमारे सभी पूर्व अध्यक्ष, गणमान्य जज लेडीजेसी श्वेता-जेसी सुनील गुप्ता,लेडीजेसी तनू-जेसी अमित जैन, लेडीजेसी अंजू-जेसी अमित गोयनका, लेडीजेसी रूपल-जेसी भारत पारिख जी प्रतिभागियों का चयन किया गया। सभी सदस्यों और बच्चों ने पूलपार्टी का भी आनंद उठाया। सभी सदस्यों और बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के गेम्स का भी लुत्फ उठाया।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# अगर प्रगति की कीमत प्रकृति है, तो साइकिल एक जवाब है

**स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से साइकिल चलाना एक संपूर्ण व्यायाम है। यह न केवल मांसपेशियों को मजबूत करता है, बल्कि हृदय को स्वस्थ रखता है और जोड़ों पर कम दबाव डालता है। एक औसत व्यक्ति 30 मिनट की साइकिलिंग में लगभग 300 कैलोरी बर्न कर सकता है। इसके अलावा, साइकिल चलाने से डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे हार्मोन रिलीज होते हैं, जो तनाव और चिंता को कम करते हैं। कोविड-19 महामारी के बाद, जब मानसिक स्वास्थ्य एक वैश्विक चुनौती बनकर उभरा, साइकिल ने कई लोगों को न केवल शारीरिक, बल्कि भावनान्मक संबल भी दिया।**

*जब दुनिया रफ्तार की अंधी दौड़ में खुद को खो रही थी, तब साइकिल ने चुपके से हमें संतुलन का पाठ पढ़ाया–एक ऐसी क्रांति जो न शोर करती है, न धुआँ छोड़ती है, बल्कि जीवन को गति और गरिमा से जोड़ती है। विश्व साइकिल दिवस, जो हर 3 जून को मनाया जाता है, सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि एक जागृति का आह्वान है। यह वह पुकार है जो हमें स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक समानता की ओर ले जाती है। साइकिल–दो पहियों का यह जादू–न केवल परिवहन का साधन है, बल्कि एक ऐसी विचारधारा है जो हमें आधुनिकता के शोर में खोई मानवता को फिर से जोड़ती है। यह वह औज़ार है जो हमें याद दिलाता है कि असली प्रगति रफ्तार में नहीं, बल्कि दिशा और संतुलन में है। संयुक्त राष्ट्र ने 2018 में विश्व साइकिल दिवस की घोषणा की, और यह कोई संयोग नहीं था। यह एक वैश्विक स्वीकृति थी कि साइकिल सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और सामाजिक परिवर्तन का समाधान है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, नियमित साइकिलिंग से हृदय रोग, डायबिटीज और मोटापे का जोखिम 50 प्रतिशत तक कम हो सकता है। एक अध्ययन बताता है कि सप्ताह में केवल 150 मिनट की साइकिलिंग मानसिक तनाव को 25 प्रतिशत तक कम कर सकती है। यह एक ऐसी औषधि है जो बिना साइड इफेक्ट के शरीर और मन को स्वस्थ बनाती है। साइकिल न तो तेल माँगती है, न बैटरी–यह तो बस इरादों से चलती है, और यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। भारत जैसे देश में साइकिल का महत्व और भी गहरा है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह न केवल परिवहन का साधन है, बल्कि शिक्षा और सशक्तिकरण का जरिया भी है। बिहार सरकार की मुख्यमंत्री साइकिल योजना ने 2006 से अब तक लाखों स्कूली छात्राओं को साइकिलें प्रदान की हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्कूलों में लड़कियों की उपस्थिति में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, बल्कि उन अनगिनत कहानियों का प्रतीक है, जहां एक साइकिल ने किसी लड़की के सपनों को स्कूल की दहलीज तक पहुँचाया। मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में भी ऐसी योजनाओं ने सामाजिक परिवर्तन की नींव रखी है। साइकिल ने न केवल दूरी को कम किया, बल्कि लैंगिक और आर्थिक असमानता को भी पाटने में मदद की है। शहरी भारत में साइकिल पर्यावरण और ट्रैफिक की चुनौतियों का जवाब है। भारत के महानगरों में वायु प्रदूषण एक गंभीर संकट है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 2024 के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पीएम 2.5 का स्तर डब्ल्यूएचओ के सुरक्षित मानक से 8-10 गुना अधिक रहता है। मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे शहर भी इससे अछूते नहीं हैं। साइकिल, जो जीरो-कार्बन उत्सर्जन के साथ चलती है, इस संकट का टिकाऊ समाधान है। एक अनुमान के मुताबिक, अगर भारत के शहरी क्षेत्रों में 15 प्रतिशत लोग कार के बजाय साइकिल अपनाएँ, तो सालाना 1.5 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन कम हो सकता है। नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम और डेनमार्क के कोपेनहेगन जैसे शहरों ने साइकिल को अपनी शहरी संस्कृति का हिस्सा बनाकर यह दिखाया है कि सही नीतियों और बुनियादी ढांचे से पूरा तंत्र बदला जा सकता है। भारत में पुणे, भोपाल और मैसूर जैसे शहर अब साइकिल लेन और बाइक-शेयरिंग योजनाओं के साथ इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भोपाल में 2024 तक 50 किलोमीटर से अधिक साइकिल पथ बनाए गए हैं, जो एक सकारात्मक शुरुआत है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**2010 में हमले की ऐसे 365 मामले थे, जो 2024 में घटकर 25 रह गए। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी।**

# लाल आतंक के गढ़ में लहरा रहा तिरंगा



**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

**पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। गृह मंत्रालय की 2017 में शुरू की गई 'समाधान' रणनीति ने जमीन पर बड़ा फर्क डाला है। इसमें सुरक्षा संबंधी कार्ययोजना के साथ-साथ विकास से जुड़ी पहल भी शामिल है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान मोदी सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रतीक है।**

चार दशक से ज्यादा समय तक नक्सलवाद का शिकार रहे छत्तीसगढ़ का बस्तर जिले को अब वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) जिले की सूची से बाहर कर दिया गया है। अपने आप में ये बड़ी खबर है। दरअसल मोदी सरकार का लक्ष्य है कि मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाए। गृह मंत्री अमित शाह भी कई बार सार्वजनिक मंच से इस बात को दोहरा चुके हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं। नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई है। इसकी शुरुआत स्थानीय जमींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई, जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी। यह आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे कम विकसित क्षेत्रों में फैल गया। वामपंथी उग्रवादियों (एलडब्ल्यूई) को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है। वे सशस्त्र क्रांति के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और माओवादी सिद्धांतों पर आधारित साम्यवादी राज्य की स्थापना की वकालत करते हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केरल राज्यों को वामपंथी उग्रवाद प्रभावित माना जाता है। देश में भाजपा सरकार बनने के बाद 2015 में नक्सलवाद के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की नीति बनाई गई। तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 सूत्रीय समाधान एक्शन प्लान बनाया। इसमें नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और नक्सली इलाकों में विकास के काम एक साथ किए गए। नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकारों के विशेष बल, केंद्रीय सुरक्षा बलों, पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की। इससे नक्सली घटनाओं में जबरदस्त कमी आयी। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद अब खत्म होता दिख रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे। वर्तमान में नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर 6 हो गई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार जिले- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला- पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला- गढ़चिरौली शामिल है। वर्ष 2025 में सुरक्षाबलों के ऑपरेशन में अब तक 287 नक्सली मारे जा चुके हैं। वहीं 865 ने समर्पण किया है और 830 गिरफ्तार हुए हैं। गत 21 मई को सुरक्षाबलों ने अबूझमाड़ में डेढ़ करोड़ के इनामी नंबला केशव उर्फ बसवराज को मार गिराया था। वह तीन दशक से सक्रिय था। इसे नक्सलियों का हाफिज सईद भी कहा जाता है। नक्सलियों के सरदार बसवा राजू के ढेर होने के बाद माओवादियों का हौसला पस्त हो गया है। इस बड़े एनकाउंटर के बाद दक्षिण बस्तर डिवीजन में 4 हार्डकोर नक्सलियों सहित 18 माओवादियों ने सरेंडर किया था। इसी तरह बीजापुर में 32 और तेलंगाना में 86 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। बासव राजू की मौत के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर लिखा था कि महासचिव स्तर के बड़े नक्सली नेता को मारा गया है। इस कामयाबी को हासिल करने वाला 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' भी सुर्खियों में है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते वर्ष 2025 में अब तक 90 नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया गया है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। वर्ष 2024 में 290 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज़ किया गया था, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया था। अभी तक कुल 15 शीर्ष नक्सली नेताओं को न्यूट्रलाइज़ किया जा चुका है। वर्ष 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की कुल 16,463 घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल में 2014 से 2024 के बीच हिंसक घटनाओं की संख्या 53 प्रतिशत घटकर 7,744 रह गई हैं। इसी प्रकार, सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या 1851 से 73 प्रतिशत घटकर 509 रह गई और नागरिकों की मृत्यु की संख्या 70 प्रतिशत की कमी के साथ 4766 से 1495 रह गई है। वर्ष 2014 तक कुल 66 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन थे जबकि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में इनकी संख्या बढ़कर 612 हो गई है। इसी प्रकार, 2014 में देश में 126 जिले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन 2024 में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या घटकर मात्र 12 रह गई है। पिछले 5 वर्षों में कुल 302 नए सुरक्षा कैंप और 68 नाइट लैंडिंग हेलीपैड बनाए गए हैं। नक्सली हिंसा में 2010 में 720 नागरिक मारे गए। 2024 में मरने वालों की संख्या घटकर 131 हो गई। नक्सली हिंसा में 2010 में 1005 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। 2024 में 150 नागरिक और सुरक्षा बल मारे गए। यानि कि मरने वालों की संख्या में 85 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। नक्सली आर्थिक ढांचे जैसे कि रेलवे प्रॉपर्टी, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर की इकाइयों, टेलीफोन एक्सचेंज, मोबाइल टॉवर, सड़क, स्कूल को निशाना बनाते रहे हैं। पर पिछले कुछ साल से इन घटनाओं में कमी आई है। 2010 में हमले की ऐसे 365 मामले थे, जो 2024 में घटकर 25 रह गए। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। सड़क और मोबाइल नेटवर्क जैसी बुनियादी सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह उन मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के दबाव में नहीं आएगी, जो बंदूक उठाने वाले माओवादी उग्रवादियों का समर्थन करते हैं। पिछले एक दशक से सरकार ने माओवाद के खिलाफ एक मजबूत और बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जो अब काफी असरदार साबित हो रही है। गृह मंत्रालय की 2017 में शुरू की गई 'समाधान' रणनीति ने जमीन पर बड़ा फर्क डाला है। इसमें सुरक्षा संबंधी कार्ययोजना के साथ-साथ विकास से जुड़ी पहल भी शामिल है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान मोदी सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रतीक है। इस से पहले कोई सरकार ऐसी इच्छाशक्ति दिखा नहीं पाई। ध्यान इस बात का रखना होगा कि नक्सलवाद फिर सिर न उठा पाए, इसके लिए प्रभावित इलाकों में अगला चरण लोकोन्मुखी सरकार, भूमि अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक उत्थान पर फोकस होना चाहिए।



**अगला फोकस नक्सलियों के पुनर्वास और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने पर होना चाहिए। जिस तरह मोदी सरकार नक्सली समस्या को खन्म काने क़ि दिशा मे तेज़ी से बाद रही है उम्मीद है क़ि वो 2026 में समस्या के स्थायी समाधान के साथ देश के सामने गर्व से खड़ीं होगी।**

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | नवमी 23:54 तक |
| नक्षत्रः | उत्तराफाल्गुनी 27:35 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | वज्र, 08:28 |
| सूर्योदयः | 05:24 |
| सूर्यास्तः | 19:14 |
| चंद्रमाः | कन्या राशि में |
| राहुकालः | 12:19-14:03 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | नहीं है |

## जन एक्सप्रेस

**रहे उसी पर ध्यान !**

*जो मिला है काम ।*
*रहे उसी पर ध्यान ।।*
*इधर उधर भटकाने से ।*
*है गिरता सम्मान ।।*
*बन रहा समूह लगता ।*
*भ्रम का मायाजाल ।।*
*चेते ना अभी अगर ।*
*होगा बुरा हाल ।।*
*देखें अपना क्षेत्र ज़रा ।*
*कैसा पड़ा अकाल ।।*
*हर तरफ से आप पर ।*
*उठते हैं सवाल ।।*
*साथ साथ इस जोश के ।*
*होश को ठुकराया ।।*
*गुणा भाग ना कर जाए ।*
*पूरा ही सफाया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या डायबिटीज में मोरिंगा के पत्ते खाना फायदेमंद है?

**मोरिंगा** को आयुर्वेद में औषधि माना जाता है। इसका सेवन करने से कई बीमारियों के इलाज में किया जाता है। इसे सहजन भी कहा जाता है और इसका इस्तेमाल कई व्यंजनों में किया जाता है। मोरिंगा को औषधि की तरह भी इस्तेमाल किया जाता है। इसमें कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, प्रोटीन, विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन बी कॉम्प्लेक्स काफी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। यही वजह है कि मोरिंगा के पत्तों का सेवन करना बहुत फायदेमंद माना गया है। इसका सेवन करना बीमारियों में भी फायदेमंद होता है। लेकिन क्या डायबिटीज में मोरिंगा के पत्ते फायदेमंद होते हैं? क्या इसका सेवन करने से डायबिटीज कंट्रोल रहती है? एक्सपर्ट के मुताबिक डायबिटीज में मोरिंगा के पत्ते खाना फायदेमंद होता है। मोरिंगा में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण बॉडी में ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस कम करने में मदद करते हैं। इसे डेली डाइट में शामिल करने से इंसुलिन सेंसिटिविटी इंप्रूव होती है और इंसुलिन रेजिस्टेंस भी कंट्रोल रहता है। इसके अलावा, मोरिंगा का सेवन करने से बॉडी ग्लूकोज को एनर्जी के रूप में प्रयोग कर पाती है। यह ब्लड शुगर में अचानक स्पाइक होने से बचाता है। इसके सेवन से डायबिटीज कंट्रोल होने में मदद मिलती है। जिन लोगों का ब्लड शुगर हाई या डाउन



रहता है, उन्हें किसी आयुर्वेदिक एक्सपर्ट की सलाह पर इसका सेवन करना चाहिए। डायबिटीज में मोरिंगा के पत्तों को सूखाकर और इसका पाउडर बनाकर सेवन किया जा सकता है। ऐसे में, अगर सुबह खाली पेट एक चम्मच मोरिंगा पाउडर का सेवन रोज किया जाए, तो इससे दिनभर ब्लड शुगर कंट्रोल रहने में मदद मिलती है। इसके अलावा, आप मोरिंगा की पत्तियों को चबाकर भी गर्म पानी के साथ खा सकते हैं।

**इम्यूनिटी बूस्ट होती है:** मोरिंगा के पत्तों में एंटीऑक्सीडेंट्स होने के साथ एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं। इसलिए इसके सेवन से इम्यूनिटी बूस्ट होती है और इंफेक्शन व बीमारियों का खतरा कम होता है। अगर रोज खाली पेट इनका सेवन किया जाए, तो इससे ओवरऑल हेल्थ को फायदा होता है।

**ब्रेन हेल्थ के लिए फायदेमंद:** मोरिंगा के पत्तों का सेवन करना ब्रेन हेल्थ के लिए भी फायदेमंद है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं, जो ब्रेन को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाते हैं। इससे कॉग्निटिव फंक्शन को सपोर्ट भी मिलता है। इसके सेवन से याददाश्त भी तेज होती है और नर्वस सिस्टम को फायदा मिलता है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद:** पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने के लिए मोरिंगा के पत्ते फायदेमंद होते हैं। इसके सेवन से कब्ज एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं में भी फायदा होता है। इसमें डाइटरी फाइबर मौजूद होता है, जो गट हेल्थ को इंप्रूव करने में मदद करता है। इसके सेवन से आंतों में मौजूद टॉक्सिन निकल जाते हैं और आंते साफ होती हैं। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो पेट में इंफेक्शन होने से रोकते हैं।

**निष्कर्ष:** डायबिटीज में मोरिंगा के पत्ते खाना फायदेमंद होता है। मोरिंगा में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण बॉडी में ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस कम करने में मदद करते हैं। इसे डेली डाइट में शामिल करने से इंसुलिन सेंसिटिविटी इंप्रूव होती है और इंसुलिन रेजिस्टेंस भी कंट्रोल रहता है। लेख में आपको सामान्य जानकारी दी गई है। इस बारे में ज्यादा जानने के लिए एक्सपर्ट से संपर्क करें। अगर आप किसी स्वास्थ्य समस्या के लिए दवा लेते हैं, तो डॉक्टक की सलाह पर ही इसे डाइट में शामिल करें।

### एक्सप्रेस विशेष

# संवाद और संचार की दुनिया में बज रहा हिंदी का डंका



**प्रो.संजय द्विवेदी**

**ओटीटी कंटेंट का विस्तार और स्वीकार। आज भारत में यह लगभग 23,000 करोड़ रुपए का बाजार है। अनुमान है कि 2027 तक यह 40,000 करोड़ का हो जाएगा। भारत में ओटीटी के 50 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं, जिनमें 70 से अधिक हिन्दी भाषी हैं।**

**आज इतने सारे संचार माध्यमों पर राज कर रही हिंदी का विस्तार देखकर उनकी आन्मा निश्चित ही प्रसन्न होकर संचार के साधकों पर आशीर्वाद की वर्षा कर रही होगी। अब जबकि हम हिन्दी पत्रकारिता के 200 साल पूरे करने जा रहे हैं, तो हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने सभी संचार माध्यमों को ज्यादा जनपक्षधर, मानवीय, संवेदनशील, अश्लील सामग्री मुक्त और विमर्श का केंद्र बनाएं।**

**कोलकाता** से 200 साल पहले जब पं. युगुलकिशोर शुक्ल ने हिंदी का पहला पत्र 30 मई, 1826 को प्रारंभ किया होगा, तो उन्होंने यह सोचा भी न होगा कि हिंदी पत्रकारिता देश की आवाज बन जाएगी।? वह इस महान देश के सपनों, आकांक्षाओं, संघर्षों, आंदोलनों, दुखों और आर्तनाद की सबसे प्रखर भाषा की वाहक बनेगी। हिंदी पत्रकारिता के पहले संपादक का सपना था, हमारी पत्रकारिता %हिंदुस्तानियों के हित के हेत% हो। यह वाक्य उन्होंने अपने पहले संपादकीय में लिखा और हमें हमारा संकल्प बता दिया। हमारी कृतघ्नता देखिए कि इस महान नायक की स्मृति में देश में कोई स्मारक नहीं है। न कोलकाता में, न ही उनकी जन्मस्थली पर। अपने पुरखों के प्रति हम कितने लापरवाही से भरे हुए हैं, उसका उदाहरण है कि शुक्ल जी का कोई चित्र हमारे पास नहीं है। इसलिए उदंत मार्तण्ड का पृष्ठ लगाकर उन्हें याद करते हैं। हद तो तब हो गई जब दो-तीन वर्षों से युगल किशोर शुक्ल के नाम पर हिंदी पत्रकारिता दिवस पर अनेक अखबारों में साहित्यकार श्री शिवपूजन सहाय के चित्र छापे जा रहे हैं। आज भी गूगल में सर्च करने पर शुक्ल जी के नाम पर सहाय जी का चित्र आंखों के सामने तैरता है। मैंने भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) में अपनी पदस्थापना के दौरान वहां के पुस्तकालय और वाचनालय का नामकरण शुक्ल जी के नाम पर किया। वह देश में उनकी स्मृति में पहला स्मारक था। यह तो रही हमारी स्मृति हीनता की बात। लेकिन शुक्ल जी रोपा पौधा आज लहलहा रहा है। हिंदी पत्रकारिता देश की सबसे खास आवाज बन चुकी है। इसके साथ ही संचार और संवाद की हिंदी सबसे खास भाषा है। सिर्फ पत्रकारिता से नहीं अपने विविध माध्यमों पर उपलब्ध कंटेंट से हिंदी को बड़ा आधार मिला है। रजिस्ट्रार आफ न्यूजपेपर्स फार इंडिया (आरएनआई) 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 1 लाख, 47 हजार से अधिक पत्र-पत्रिकाएं पंजीकृत हैं, जिनमें 45 प्रतिशत हिंदी के हैं। इंडियन रीडरशिप सर्वे की मानें तो हिंदी अखबारों की पाठक संख्या 38 करोड़ से अधिक है। भारत में 750 से अधिक टीवी चैनल हैं , जिनमें 35 प्रतिशत हिंदी के हैं। ये आंकड़े बताते हैं हिंदी पत्रकारिता ने एक लंबी यात्रा में अपना सामाजिक आधार विस्तृत किया है।

**डिजिटल दुनिया में राज कर रही हिंदी:** हिंदी पत्रकारिता का विस्तार अब डिजिटल दुनिया में भी संभव हुआ है। डिजिटल का सूरज कभी डूबता नहीं और जो डिजिटल पर है, वह ग्लोबल होने की संभावना से भरा हुआ है। इस दुनिया में भी हिंदी का डंका बज रहा है। गूगल और केपीएमजी की 2024 की रिपोर्ट बताती है कि भारत में इंटरनेट उपभोक्ता अब 85 करोड़ से अधिक हैं। इनमें 70 प्रतिशत भारतीय भाषाओं, विशेषकर हिंदी में सामग्री पढ़ना,सुनना, देखना चाहते हैं। हिंदी डिजिटल का बाजार हर साल 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। 2024 के आंकड़े बताते हैं कि 75 प्रतिशत से अधिक वीडियो कंटेंट हिंदी और भारतीय भाषाओं में देखे जा रहे हैं। नए समय में ए-आई, भाषा माडल्स और वायस टू टेक्स्ट तकनीक से हिंदी कंटेंट को बहुत बढ़ावा मिल रहा। कल तक हिंदी टेक्स्ट को पढ़ने में कठिनाइयां महसूस कर रहे लोग दुनिया भर में हिंदी कंटेंट को सुन और देख रहे हैं। 2016 में डिजिटल माध्यम पर हिंदी पढ़ने वालों की संख्या 5.5 करोड़ थी, जो 2025 में बढ़कर 15.6 करोड़ होने का अनुमान है।

**सोशल मीडिया पर भी दमदार उपस्थिति:** हिंदी में हर माह 10 अरब घंटे से ज्यादा वीडियो देखे जाने का आंकड़ा बताता है भाषा का विस्तार, शक्ति और गहराई क्या है। देश में यूट्यूब के उपयोगकर्ताओं की संख्या 50 करोड़ से ऊपर है, जो इसे संभव बनाते हैं। भारत में इंस्टाग्राम के 30 करोड़ उपयोगकर्ताओं ने संचार की दुनिया में गहरा हस्तक्षेप किया। इंस्टा पर हिंदी रील्स की औसत व्यूवरशिप अंग्रेजी के मुकाबले दोगुनी से अधिक है। यूट्यूब और इंस्टा पर हिंदी कंटेंट बनाने वालों की संख्या भी 2020 के मुकाबले दोगुनी हो गई है। वायस सर्च में हिंदी का उपयोग उसे विस्तार दे रहा है।

**ओटीटी पर हिंदी राज:** कोरोना में मनोरंजन संचार की सबसे बड़ी घटना थी, ओटीटी कंटेंट का विस्तार और स्वीकार। आज भारत में यह लगभग 23,000 करोड़ रुपए का बाजार है। अनुमान है कि 2027 तक यह 40,000 करोड़ का हो जाएगा। भारत में ओटीटी के 50 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं, जिनमें 70 से अधिक हिन्दी भाषी हैं।

# पति ने भाई के साथ मिलकर पत्नी को मार डाला, हुए फरार

■ रास्ते में बांका से प्रहार कर महिला को उतारा मौत के घाट, पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर दर्ज की एफआईआर

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



मां के साथ मायके जा रही एक महिला की पति ने भाई के साथ मिलकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई फरार हो गए। पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति और जेठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना घुंघचाई के गांव जल्लूपुर के अखिलेश की शादी बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव पतरसिया की नहीं देवी के साथ बीस साल पहले हुई थी। पिछले कुछ दिनों से नन्हीं देवी का पति अखिलेश विवाद चल रहा था। सोमवार को नन्हीं देवी की मां अनीता देवी जल्लूपुर आईं थी। नन्ही देवी अपनी मां के साथ मायके जाना चाहती थी लेकिन अखिलेश ने जाने से मना कर दिया। इसके बावजूद मंगलवार दोपहर नन्ही देवी अपनी मां अनीता देवी के साथ जा रही थी। रास्ते में महिला का पति अखिलेश मिल गया। पूछताछ करने पर नन्ही देवी ने मां के साथ घर जाने की बात कही। अखिलेश ने खुद पत्नी नन्हीं को ससुराल छोड़ने की बात कही। सास अनीता को रोड पर छोड़कर वह नन्ही देवी को लेकर चला गया।आरोप है रस्ते में अखिलेश ने अपने भाई अरविंद के साथ मिलकर नन्ही देवी के साथ मारपीट करते हुए पर बांके से प्रहार कर दिए। इससे वह लहूलुहान होकर रस्ते में ही गिर गई। नन्हीं देवी का भाई रजनीश कुमार मौके पर पहुंच गया और उसने सूचना पुलिस को दी। पुलिस घायल महिला को पूरनपुर सीएचसी लेकर पहुंची। सीएचसी में डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

अस्पताल पहुंची मृतका की मां अनीता ने बताया कि लगभग एक महीने पहले अखिलेश की दोनों बेटी घर से चली गईं थी। नन्हीं देवी इसकी सूचना पुलिस को देने की बात अपने पति अखिलेश से कह रही थी। उसने मना कर दिया। इसको लेकर दोनों में विवाद चल रहा था।

> मृतका के भाई की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।
> **प्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष घुंघचाई**

मृतका के भाई रजनीश ने कारवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अखिलेश और उसके भाई अरविंद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

महिला का शव कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वारदात के बाद क्षेत्र में खलबली मच गई। फरार हुए दोनों आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

## सिद्ध बाबा मेले का किया दौरा, मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस में प्रशासनिक बैठक आयोजित



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सिद्धबाबा मेले का दौरा किया और मेले में मौजूद श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों से संवाद करते हुए उन्होंने व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए ताकि किसी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो।

इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के 4 जून को होने वाले दौरे की तैयारियों को लेकर मुस्तफाबाद गेस्टहाउस में प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने साफ-सफाई, खानपान, सुरक्षा, चिकित्सा और परिवहन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की।प्रशासन ने सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। गेस्टहाउस मुस्तफाबाद और चूका हाउस में आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी वन विभाग को सौंपी गई है, वहीं स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम, एंबुलेंस और जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है।बैठक में रूट प्लान, पुलिस व्यवस्था, आंगनबाड़ी किट वितरण, लाभार्थी योजनाएं, कारागार कार्यक्रम और आगमन-विदाई स्थल की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी सहित जनपद स्तरीय सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# कुतुब-ए-पीलीभीत हाजी शाहजी मोहम्मद शेर मियां का कुल शरीफ अकीदत और रूहानियत के साथ संपन्न



■ सपा जिलाध्यक्ष नफीस अहमद अंसारी ने की शिरकत, अमन-चैन और तरक्की की मांगी दुआ

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

### सपा नेता नफीस अहमद अंसारी ने लिया भाग

समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कुल शरीफ में भाग लेकर हजरत के दरबार में हाजिरी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यान्मिक आयोजन समाज में सौहार्द, एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने आमजन के लिए अमन, तरक्की और खुशहाली की दुआ भी मांगी।

### लंगर-ए-शाहजी मियां का हुआ आयोजन

122वें उर्स के अवसर पर नफीस अहमद अंसारी द्वारा लंगर-ए-शाहजी मियां का भी विशेष आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और तबर्रुक हासिल किया।कुल शरीफ में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों, धार्मिक नेताओं और विभिन्न तबकों के लोगों ने भाग लेकर इसे साम्प्रदायिक सौहार्द और रूहानियत का प्रतीक बना दिया।कार्यक्रम शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसे लेकर क्षेत्र में दिनभर रूहानी रंग बिखरा रहा।

शहर के के.जी.एन. कॉलोनी में मंगलवार को कुतुब-ए-पीलीभीत हजरत हाजी शाहजी मोहम्मद शेर मियां रहमतुल्लाह अलैह का कुल शरीफ बड़ी अकीदत और रूहानियत के माहौल में मनाया गया। इस मौके पर दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने चादर पोशी कर मन्नतें मांगी और फातिहा ख्वानी में भाग लिया।

सामूहिक दुआ और नात-ए-पाक से गूंज उठा दरबार

कार्यक्रम की शुरुआत कुरआनी तिलावत से हुई।

इसके बाद नात-ए-पाक, फातिहा ख्वानी और सामूहिक दुआ का आयोजन किया गया। हर तरफ रूहानी माहौल बना रहा और अकीदतमंदों ने सर झुका कर मन्नतें मांगीं।

# बकरीद और गंगा दशहरा पर्व को लेकर कानून-व्यवस्था की बैठक सम्पन्न, त्योहार शांतिपूर्वक मनाने का आह्वान

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



आगामी बकरीद और गंगा दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के उद्देश्य से गांधी सभागार में कानून एवं शांति व्यवस्था की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने की।

बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए संभ्रांत व्यक्तियों से त्योहारों के दृष्टिगत जनसमस्याओं की जानकारी ली गई। संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

प्रशासन ने कहा कि पर्वों के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए और किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। समाज के जिम्मेदार लोगों से संपर्क बनाए रखने और समस्या आने पर तुरंत समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। धार्मिक स्थलों के आसपास साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बकरीद के अवसर पर नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को विशेष रूप से स्वच्छता पर ध्यान देने को कहा गया। कुर्बानी खुले में न की जाए और अवशेषों को एक स्थान पर इकट्ठा कर नगर पालिका द्वारा निस्तारित किया जाए।

विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा धार्मिक स्थलों के पास ढीले या लटकते तारों को तत्काल ठीक कराया जाए।

पुलिस को निर्देश दिए गए कि पर्वों के दृष्टिगत संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी व्यक्ति द्वारा धार्मिक, सामाजिक या जातीय भावना को भड़काने वाली गतिविधि होने पर कठोर कार्रवाई की जाए।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वि/रा), थानाध्यक्ष, विद्युत विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने देखे हस्तशिल्प उत्पाद थारू महिलाओं से की बात

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

पलियाकलां में आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम व संसाधन संपन्न कराने के लिए चंदन चौकी के कंपोजिट विद्यालय बलेरा गांव में मंगलवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कई योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं से संबंधित चेक व सामग्री का वितरण किया गया। छात्राओं को साइकिल व स्कूल ड्रेस बांटी गई। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लाभार्थियों को ई-रिक्शा का वितरण किया गया। मंगलवार को सुबह नौ बजकर 43 मिनट पर राज्यपाल बलेरा गांव पहुंचीं। उन्होंने यहां सबसे पहले थारू हस्तशिल्प उत्पाद केंद्र का निरीक्षण किया। थारू महिलाओं से हस्तशिल्प उत्पादों के बारे में जानकारी हासिल की। इससे पहले डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कार्यक्रम को रूपरेखा के बारे में जानकारियां दीं। इस मौके पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुति किए।

# सिक्किम में भूस्खलन हादसे में पीलीभीत का सपूत हुआ शहीद, गांव में पसरा मातम

■ जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर परिजनों से की मुलाकात, सांत्वना दी

■ सिद्धबाबा मेले में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, राज्यपाल दौरे की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



सिक्किम राज्य के लाचेन क्षेत्र में सोमवार को हुए भूस्खलन हादसे में पीलीभीत जनपद का वीर सपूत लखविंदर सिंह देश की सेवा करते हुए शहीद हो गया। लखविंदर सिंह माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव धुरिया पलिया के निवासी थे और पिछले 15 वर्षों से भारतीय सेना की सिख रेजीमेंट में सेवा दे रहे थे। परिजनों के अनुसार, वह पिछले डेढ़ साल से सिक्किम में तैनात थे और एक माह पूर्व ही छुट्टी बिताकर ड्यूटी पर लौटे थे। डेढ़ माह पहले ही उनके घर बेटी का जन्म हुआ था। इस दुखद हादसे की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जवान की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके दो छोटे बच्चेः एक पांच वर्षीय बेटा और एक नवजात पुत्रीः अब पिता की ममता से वंचित हो गए हैं।शहीद के पिता गुरदेव सिंह खेती करते हैं जबकि बड़े भाई पलविंदर सिंह भी कृषि कार्यों में सहयोग करते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ उनके घर पहुंची और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा छा गया।घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक शहीद के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने परिजनों को हरसंभव मदद और सहयोग का भरोसा दिलाया। परिजनों ने बताया कि सेना के वरिष्ठ अधिकारी ने फोन कर घटना की जानकारी दी थी।शहीद लखविंदर सिंह के पार्थिव शरीर को सेना द्वारा उनके पैतृक गांव लाया जाएगा, जहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। शहीद के बलिदान पर केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री व सांसद जितिन प्रसाद ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि देश उनके बलिदान को सदैव याद रखेगा।

# शौच को गई महिला की चोटी से गला दबाकर हत्या

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

थाना मैगलगंज क्षेत्र में सोमवार की देर रात शौच करने खेतों की तरफ गई एक 32 वर्षीय महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव गन्ने के खेत में बरामद हुआ है। उसके गले में चोटी कसी हुई थी। नाक पर गहरी चोट के निशान थे। चेहरा खून से सना हुआ था। पास में भी काफी खून पड़ा था। इससे साफ है कि महिला की पिटाई करने के बाद चोटी से गला कसकर हत्या की गई है। पुलिस मौके पर छानबीन कर रही है।थाना मैगलगंज क्षेत्र की एक 32 वर्षीय महिला सोमवार की रात करीब 10-30 बजे घर से शौच करने की बात कहकर निकली थी, लेकिन उसके बाद वह घर नहीं पहुंची।परिवार वालों ने उसकी की काफी देर तक खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार की सुबह उसका शव गांव के ही निकट एक गन्ने के खेत में पड़ा बरामद हुआ। उसके नाक और चेहरे पर चोटों के गहरे निशान थे। चेहरा खून से लथपथ। उसके सिर के दूसरी तरफ काफी खून भी पड़ा था। गले में उसके ही बालों की चोटी कसी थी। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई।लोग कई तरह के कयास लगा रहे हैं। चेहरे और नाक पर गंभीर चोटों के निशान और उसके गले में उसी के बालों की चोटी कसे होने से यह बात तो साफ हो गई है कि किशोरी की हत्या की गई है। लोग दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जता रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि महिला को मिर्गी आने की जानकारी हुई है।पुलिस हर पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह पता चल सकेगी।

# संगठन सृजन अभियान के तहत मासिक बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



मंगलवार को कांग्रेस भवन पर जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में संगठन सृजन अभियान के तहत मासिक बैठक आयोजित की गई उक्त बैठक में निवर्तमान पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष गण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के उपरांत उपस्थित कार्यकर्ता गण पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा की अगुवाई में संविधान बचाओ रैली कांग्रेस भवन से चलकर बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर शुरुआत की साथ ही महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राज नारायण मिश्रा जी की मूर्ति पर भी माल्यार्पण कर कंपनी बाग पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया उसके उपरांत शहर के प्रमुख मार्गो पर रैली निकाल कर संविधान बचाओ के नारे लगाते हुए जन संदेश दिया।उक्त बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार तानाशाह रवैया अपने हुए हैं। आज देश का हर वर्ग इनकी नीतियों से त्रस्त है।इनके नेताओं के द्वारा आए दिन संविधान का मखौल उड़ाया जाता है बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है हम सब कांग्रेस जनों को एकजुट होकर जनता के बीच उनके कारनामों का पर्दाफाश करना होगा जिस दिन से यह कार्य कांग्रेस जन करना प्रारंभ कर देंगे भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी जनता आने वाले समय में इनको सबक सिखाने का कार्य करेगी।

जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आवाहन करते हुए कहा कि पार्टी संगठन को लेकर के बहुत ही संजीदा है अति शीघ्र जनपद की सभी कमेटियों का गठन पूरा हो जाएगा उसके उपरांत प्रत्येक पदाधिकारी को जनता के बीच जाकर वर्तमान भाजपा सरकार की कुरीतियों एवं कांग्रेस की नीतियों का प्रचार प्रचार करना होगा। बैठक का संचालक मोहन चंद्र उप्रेती ने किया। बैठक को प्रमुख रूप से संबोधित करने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष इकबाल अहमद खान, दीपक बाजपेई, शक्ति शरण गौतम, नवाज खान, सचिन शाह आदि।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित जमाल अहमद, सगीर अहमद डॉक्टर रईस अहमद उस्मानी, अभय प्रताप सिंह अनु मिश्रा, प्रेम वर्मा, किरण पटेल, कमलजीत सिंह, सुनील कुमार भार्गव राहुल गौतम रवि तिवारी जावेद अली सलीम खान आबिद हुसैन, शिव सहाय सिंह राम प्रताप विश्वकर्मा, वरुण चौधरी हरगोविंद वर्मा लतीफ आजम आदि।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर के निकट एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।उसका सिर धड़ से अलग हो गया। युवक ने आन्महन्या की या वह हादसे का शिकार हुआ है। यह अभी साफ नहीं हो सका है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि शहर के पटेलनगर के पास से गुजरी रेल लाइन पर एक युवक के कटने की सूचना जीआरपी को सोमवार की रात करीब पौने दस बजे मिली।सूचना पाकर जीआरपी और सदर कोतवाली की एलआरपी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा उसका सिर धड़ से अलग पड़ा हुआ था। शव की पहचान अब्दुल सलाम पुत्र 18 वर्षीय मोहम्मद आरिफ निवासी सलेमपुर कोन कोतवाली सदर के रूप में हुई।सूचना पर रोते-बिलखते परिवार के लोग भी पहुंच गए।शव देख उनमें चीख पुकार मच गई।

# जंगल भ्रमण कर स्काउट-गाइड ने सीखी प्रकृति से जुड़ी बातें

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में सोमवार को स्काउट-गाइड को पीलीभीत टाइगर रिजर्व अंतर्गत चूका बीच और जंगल सफारी का भ्रमण कराया गया। यह आयोजन जिला मुख्यायुक्त व सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।सुबह स्काउट भवन पीलीभीत से जिला मुख्यायुक्त विजय वर्धन तोमर ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। जंगल भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत स्काउट-गाइड दल ने चूका बीच, घने जंगल और नदी क्षेत्र का सजीव अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों और पक्षियों को नजदीक से देखा। साथ ही प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की महत्ता और जैव विविधता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला सचिव संतोष कुमार, जिला कोषाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) शालिनी पांडे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) सचिन सक्सेना, जिला स्काउट मास्टर (बेसिक) वीर सिंह, गाइड कैप्टन परिणीता सिन्हा, प्रशिक्षक योगेश कुमार, अभिषेक प्रजापति, सचिन पटेल उपस्थित रहे। भ्रमण में शामिल स्काउट अरुण, कृष्ण, प्रखर, मनोज व गाइड शिवानी, प्रतीक्षा समेत कुल 50 स्काउट-गाइडों ने भाग लिया।

सभी प्रतिभागियों ने इस अनुभव को जीवनोपयोगी बताते हुए कहा कि इस तरह की शैक्षणिक यात्राएं उन्हें प्रकृति से जुड़ाव और पर्यावरण के संरक्षण की प्रेरणा देती हैं।

## छोटी काशी मे चतुर्थ बडे मंगल के अवसर पर श्रृध्धालुओ के कराया विशाल भंडारा

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

गोला लखीमपुर हाइवे पर भूतनाथ मोड पर दो श्रृध्धालुओ ने कराया विशाल भंडारा।मालूम हो कि रिद्धि इंटर प्राइजेज सुनील कश्यप व बाजपेई पान भंडारे के द्वारा लखीमपुर रोड भूतनाथ रोड पर विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया।सुबह लगभग दस बजे पूजन के पश्चात दोनो लोगो ने अलग अलग भंडारे का आयोजन किया।इस मे श्रृध्धालुओ ने पूडी सब्जी हलबा व बूदी के प्रसाद को ग्रहण किया। इस दौरान वीरेश वाजपेई, आकाश ज्योति कश्यप इलियास मंसूरी रितेश कुमार मनोज शुक्ला सहित तमाम सहयोगी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गायत्री जयंती पर होगा ढपली संगीत छात्राओं का सम्मान

■ 5 जून को गायत्री शक्तिपीठ लखीमपुर पर होगा गायत्री जयंती दीपोन्सव एवं कन्या सम्मान समारोह

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी




मंगलवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा 5 जून को गायत्री जयंती/गंगा दशहरा का पर्व पूरे देश और विश्व की सभी शाखाओं पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ लखीमपुर पर शाम 4 बजे से गायत्री जयंती दीपोत्सव एवं कन्या कौशल सम्मान समारोह का विशेष आयोजन किया जाएगा। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर के अनुराग मौर्य ने बताया युवा प्रकोष्ठ द्वारा संगीत से संस्कार अभियान के अंतर्गत लखीमपुर के भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज, गुरु नानक विद्यक सभा कन्या इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज आदि स्कूलों के साथ ही गायत्री शक्तिपीठ लखीमपुर पर निःशुल्क ढपली संगीत प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर कन्याओं को ढपली वादन और प्रेरणाप्रद प्रज्ञागीतों का अच्यास कराया गया है जिसके माध्यम से उन्हें श्रेष्ठ एवं संस्कारवान जीवन की दिशा धारा से जोड़ा गया है। गायत्री जयंती के अवसर पर इन सभी ढपली संगीत की छात्राओं को गायत्री परिवार द्वारा प्रशस्ति पत्र आदि के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# कार पलटने से डूडा के परियोजना अधिकारी की मौत



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी





जिले में तैनात परियोजना अधिकारी (पीओ) डूडा अजय कुमार सिंह की मंगलवार सुबह कार हादसे में मौत हो गई।उनका चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।परियोजना अधिकारी की मौत से उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।बस्ती जिले के पेंदी गांव निवासी अजय कुमार सिंह लखीमपुर खीरी में पीओ डूडा के पद पर तैनात थे। सोमवार शाम अजय कुमार सिंह अपने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ लखनऊ स्थित अपने आवास पर गए थे। मंगलवार सुबह उन्हें बैठक में शामिल होना था। लिहाज सुबह ही वह घर से निकल पड़े।

बताया जा रहा है कि हरगांव से खीरी की ओर परसेहरा मार्ग पर उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीओ डूडा और चपरासी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने अजय कुमार सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल का इलाज किया जा रहा है।

## साथ में गये चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गंभीर रूप से घायल

दूसरी तरफ़ डूडा अधिकारी मृतक की पत्नी रेनू व बेटा आयुष्मान पिता की मौत की खबर सुन कर लखनऊ के बख्शी का तालाब थाना स्थित नेशनल हाइवे व रेलवे ट्रैक पर सुसाइड करने के लिए जा रहे थे तभी राहगीरों ने देख उन्हें दौड़ कर पकड़ लिया और उनकी जान बचाई राहगीरों की सुझबुझ व मौके पर पहुँची पुलिस की सक्रियता से बड़ी वारदात होते होते बची।

# डीएम ने चौक का किया निरीक्षण, जाना परियोजनाओं का हाल

- चौक-सोनाड़ी देवी मार्ग को एक माह के भीतर पूरा करने का दिया निर्देश
- वृक्षारोपण अभियान को करें जन अभियान के रूप में आयोजित- डीएम

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



जिलाधिकारी संतोष कुमार ने नगर पंचायत चौक का भ्रमण कर विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सबसे पहले बाबा गोरखनाथ मंदिर का निरीक्षण किया और मंदिर प्रबन्धन से वहां की व्यवस्था की जानकारी ली। मंदिर प्रबन्धन द्वारा मौजूद व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त किया। जिसके बाद उन्होंने नगर पंचायत चौंक के अधिशासी अधिकारी ओमप्रकाश यादव को मंदिर परिसर का नियमित निरीक्षण करने और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणधीन चौक से सोनाड़ी देवी मंदिर होते हुए रामग्राम तक जाने वाली सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सहायक अभियंता को सड़क निर्माण का कार्य हर हालत में एक महीने के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ डिग्री कॉलेज का भ्रमण किया गया। उन्होंने मंहत अवेद्यनाथ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उन्होंने कॉलेज प्रशासन से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को व्यापक स्तर पर मनाने का निर्देश। इसके उपरांत उन्होंने सोनाड़ी देवी मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए परिसर में सीसीटीवी को लगातार क्रियाशील रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को प्रमुख मार्गों और स्थलों पर वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण करवाने हेतु निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर रमेश कुमार, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी करण सिंह, अधिशासी अधिकारी चौक, ओमप्रकाश यादव, जेई पीडब्लूडी देवानंद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आधी रात दुकान से निकलने लगी लपटें, दुकान में लगी भयंकर आग

जन एक्सप्रेस। देवरिया

दुकान में काफी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से करीब 50 लाख रुपए से अधिक का सामान जल कर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीराम यादव, सभासद अशोक गुप्ता, कर्मवीर नाथ रौनियार पहुंच गए।

नगर के वार्ड नंबर 10 किशोरगंज निवासी मुन्ना रौनियार का बड़े पैमाने पर बिसरता की होल सेल व्यापार के साथ अपनी दुकान संचालित होती है। रोज की तरह सोमवार की शाम गोदाम और दुकान बढ़ा कर वह घर चले गए। इसी बीच दुकान शॉर्ट सर्किट से आग पकड़ ली।

आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस और फायर सर्विस की टीम ने काफी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से करीब 50 लाख रुपए से अधिक का सामान जल कर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीराम यादव, सभासद अशोक गुप्ता, कर्मवीर नाथ रौनियार पहुंच गए।

## वन्य जीवों के अंगो की तस्करी: गोरखपुर में जानवरों के अंग बेचते पकड़े गए 4 तस्कर

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



पादरी बाजार और गीता प्रेस स्थित दुकान से एक-एक और मेडिकल कॉलेज मार्ग स्थित दुकान से दो तस्कर हिरासत में लिए गए हैं। उनसे पूछताछ चल रही है। सूत्रों ने बताया कि कार्रवाई में शेर और बाघ के नाखून भी मिले हैं। इसके अलावा मॉनिटर छिपकली के भी सूखे अंग बरामद हुए हैं। हालांकि, जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इसकी पुष्टि हो पाएगी।

वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी), एसटीएफ और वन विभाग की टीम ने सोमवार शाम में शहर की तीन दुकानों पर छापा मारा। यहां से भारी मात्रा में वन्यजीवों के दांत, नाखून, हाथ समेत शरीर के दूसरे अंग बरामद किए। इन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया है। इन दुकानों से टीम चार तस्करों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो को सूचना मिली थी कि पादरी बाजार, गीता प्रेस व मेडिकल कॉलेज रोड पर स्थित कुछ दुकानों पर वन्यजीवों के नाखून, दांत, हाथ समेत शरीर के अन्य अंग बेचे जा रहे हैं। वन्यजीवों का शिकार करने के बाद ये अंग यहां लाए जाते थे। इसके बाद ब्यूरो की टीम एसटीएफ के साथ सोमवार को गोरखपुर पहुंची और वन विभाग से संपर्क कर शाम को तीनों स्थानों पर छापा मारा।

कार्रवाई के दौरान टीम को भारी मात्रा में वन्यजीवों के अंग मिले। इसे जब्त कर टीम ने जांच के लिए वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की देहरादून स्थित लैब में भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद तस्करों के विरुद्ध संरक्षित वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। पादरी बाजार और गीता प्रेस स्थित दुकान से एक-एक और मेडिकल कॉलेज मार्ग स्थित दुकान से दो तस्कर हिरासत में लिए गए हैं। उनसे पूछताछ चल रही है।

सूत्रों ने बताया कि कार्रवाई में शेर और बाघ के नाखून भी मिले हैं। इसके अलावा मॉनिटर छिपकली के भी सूखे अंग बरामद हुए हैं। हालांकि, जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इसकी पुष्टि हो पाएगी।

## बरातियों की बस मैजिक से टकराई... डिवाइडर से लटकी- खाई में गिरने से बची

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



बस को डिवाइडर पर लटका देख बरातियों के होश उड़ गए। बस करीब 20 फीट खाई में गिरती तो एक बड़ी घटना घटित हो जाती। घटना में बस चालक श्रीराम शुक्ला, खलासी गौरी शंकर, बराती ज्ञान प्रकाश व रंजीत घायल हो गए। बस में करीब 35 लोग सवार थे। घायलों को कौड़ीराम स्थित स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ।

कसिहार (गोरखपुर)। बेलीपार थाना क्षेत्र के बगहा वीर बाबा स्थान के समीप बरातियों को लेकर बिहार के मैरवा जा रही बस से मैजिक से टकरा गई। इसके बाद बस गोरखपुर-वाराणसी हाईवे के डिवाइडर की रेलिंग से टकराकर लटक गई। गनीमत रहा कि आगे का दो पहिया लटकने बाद भी बस खाई में नहीं गिरी।

इसके बाद आनन-फानन में बरातियों को बाहर निकाला गया। चालक समेत चार घायल बरातियों को इलाज के लिए कौड़ीराम स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, गोंडा जिले के बलरामपुर के चमरोपुर गांव के भड़वा रोड निवासी गोविंद की बरात बस से सोमवार को बिहार के सिवान जिले के मैरवा के लिए निकली।

बस अभी गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर बेलीपार के बगहा वीर बाबा स्थान के समीप पहुंची थी कि सामने से आ रही मैजिक से भिड़ंत हो गई। इसके बाद बस चालक ने नियंत्रण खो दिया। देखते ही देखते बस डिवाइडर से टकरा गई। इसके बाद बस के आगे का हिस्सा डिवाइडर को पार कर लटक गया।

हाईवे की सड़क जमीन से काफी ऊंचाई (करीब 20 फिट) है। अगर बस नीचे गिरती तो काफी गंभीर हादसा हो सकता था। घटना को देख लोग भागते हुए पहुंचे और एक-एक कर सभी बरातियों को बाहर निकाला।

बस को डिवाइडर पर लटका देख बरातियों के होश उड़ गए। बस करीब 20 फीट खाई में गिरती तो एक बड़ी घटना घटित हो जाती।

## पांच लोगों पर मारपीट का केस

जन एक्सप्रेस। देवरिया

लार पुलिस ने अलग अलग गावों में हुई मारपीट के मामले में कुल पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है । थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी कमलावती देवी व उनकी पतोहू को गांव के कुछ लोगों ने गाली गलौज देते मारपीट। इस मामले में पुलिस सोनू व उसकी पत्नी रजंती देवी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है । वहीं चुरिया निवासी मंटू सिंह ने गांव के कुछ लोगों पर मारने पीटने का आरोप लगाया था, जिसमें पुलिस ने उमेश, चंद्रभूषण व निधि सिंह निवासी चुरिया के खिलाफ केस दर्ज किया है ।वहीं चुरिया निवासी मंटू सिंह ने गांव के कुछ लोगों पर मारने पीटने का आरोप लगाया था, जिसमें पुलिस ने उमेश, चंद्रभूषण व निधि सिंह निवासी चुरिया के खिलाफ केस दर्ज किया है । प्रभारी निरीक्षक उमेश बाजपेई ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# तमकुहीराज में बेमियादी धरना शुरू, दोषी डॉक्टरों की बर्खास्तगी की मांग

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



कस्बा स्थित सीएचसी में सामान्य प्रसव के बाद नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नंबर सात निवासी व बिहार में शिक्षिका सुप्रिया की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन डॉक्टरों के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग करने लगे। इसी मामले दोषी डॉक्टरों की बर्खास्तगी और कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को पीड़ित परिवार संग कांग्रेसी कार्यकर्ता कस्बे के सरदार पटेल की प्रतिमा के समीप अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिए। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू भी धरने में शामिल होकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया। नगर पंचायत तमकुहीराज के मुख्य मार्ग स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा के समीप पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू की अगुवाई में परिजनों व स्थानीय लोगों ने अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया। धरना आंदोलन में शामिल लोगों ने सीएचसी तमकुहीराज के जच्चा-बच्चा केंद्र में तैनात महिला चिकित्सक डा.सलोनी जायसवाल, सीएचसी अधीक्षक डा. अमित राय सहित अन्य डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि न्याय की यह लड़ाई रहेगी। उन्होंने सीएचसी के स्वास्थ्य कर्मचारियों को इस घटना का कसूरवार ठहराते हुए उनके खिलाफ केस दर्ज करने व डॉक्टरों को बर्खास्त करने की मांग दुहराई। आंदोलनकारी अमित सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारियों पर सत्ता दल के जनप्रतिनिधि एवं नेता दबाव बनाकर आरोपी डॉक्टरों को बचा रहे हैं। उनका कहना था कि जब तक दोषी डॉक्टरों को सस्पेंड नहीं किया जाएगा वह अपना आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान संजय सिंह पटेल, उमेश्वर पटेल, मृतका की मां सरोज सिंह, पति अमनदीप पटेल, ससुर राकेश सिंह, सभासद उपेंद्र चौहान, विक्रांत यादव, अजय सिंह, अरशद रजा, प्रधान उपेंद्र सिंह, आफताब आलम, विवेक कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी अधीक्षक और महिला डॉक्टर का तबादला

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

तमकुहीराज सीएचसी पर दस दिन पूर्व प्रसव के बाद सुप्रिया की हुई मौत के मामले में कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों ने किया है। ऐसा पीड़ित परिवार का आरोप है। जांच रिपोर्ट आने के बाद तीन दिनों के माथा पच्ची के बाद यह आदेश जारी किया गया। सीएचसी अधीक्षक अमित राय को पद से हटाकर फाजिलनगर के सीएचसी के अंतर्गत आने वाले फरेंदहा न्यू पीएचसी पर सामान्य डॉक्टर के पद पर तैनाती की गई है। वहीं डॉ. सलोनी को सेवरही सीएचसी पर भेजा गया है, जो अपने घर के पास पहुंच गई है। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में जिक्र किया है कि तमकुहीराज सीएचसी अधीक्षक अमित राय के पास प्रशासनिक क्षमता में कमी है, इसके चलते इतनी बात बढ़ी है। तमकुहीराज के सीएचसी अधीक्षक यहां पर तैनात डॉ. हिमांशु मिश्रा को बनाया गया है। दूसरी ओर स्टाफ नर्स ममता चौहान को विशुनपुरा सीएचसी पर भेजा गया है।

तमकुहीराज नगर के वार्ड नंबर सात निवासी सुप्रिया बिहार में शिक्षक थी। 11 दिन पूर्व प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सीएचसी पर लेकर पहुंचे। नार्मल प्रसव से बेटा पैदा हुआ। इसके बाद सुप्रिया की तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में डॉ.सलोनी जायसवाल ने मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर कर दिया। वहां लेकर परिजन पहुंचे तो डॉक्टर ने बताया कि डेढ़ घंटे पहले ही इसकी मौत हो गई है। तमकुहीराज नगर के वार्ड नंबर सात निवासी सुप्रिया बिहार में शिक्षक थी। 11 दिन पूर्व प्रसव पीड़ा होने पर परिजन सीएचसी पर लेकर पहुंचे। नार्मल प्रसव से बेटा पैदा हुआ। इसके बाद सुप्रिया की तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में डॉ.सलोनी जायसवाल ने मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर कर दिया। वहां लेकर परिजन पहुंचे तो डॉक्टर ने बताया कि डेढ़ घंटे पहले ही इसकी मौत हो गई है। इसके बाद घर वाले शव को लेकर सीएचसी पर आए और हंगामा करने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की पुष्टि नहीं हो सकी। इसके बाद परिजन सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित कुमार राय और डॉ. सलोनी जायसवाल पर कार्रवाई को लेकर न्याय यात्रा नगर में निकाला और डीएम से मिलकर शिकायत भी किया। सीएमओ की ओर से डिप्टी सीएमओ डॉ. आरडी कुशवाहा के नेतृत्व में गठित हुई जांच कमेटी पर भी परिजन सवाल खड़ा किए हैं। इस मामले में कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दिया। इसके आधार पर तमकुहीराज के सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित राय को अधीक्षक पद से हटाकर फाजिलनगर सीएचसी के अंतर्गत आने वाले पीएचसी पर तैनात कर दिया गया है, जबकि यहां पर तैनात डॉ. हिमांशु मिश्रा को सीएचसी का अधीक्षक बनाया गया है। वहीं डॉ. सलोनी जायसवाल को सेवरही सीएचसी पर स्थांतरण किया गया है। सुप्रिया के ससुर राकेश का आरोप है कि यह कार्रवाई खानापूर्ति है। दोनों डॉक्टरों को लाभ पहुंचाने के लिए स्थांतरण किया गया है। दोनों अपने घर के नजदीक के अस्पतालों पर चले गए हैं। इनके खिलाफ केस दर्ज अभी तक नहीं किया गया है। जांच टीम व विभागीय जिम्मेदार दोषियों का बचाव कर रहे हैं।

सीएमओ डॉ. अनुपम प्रकाश भास्कर ने कहा कि जांच रिपोर्ट आ गई है। इस आधार पर सीएचसी अधीक्षक को पद से हटा दिया गया है और महिला डॉक्टर का स्थानांतरण सेवरही कर दिया गया है। इससे संबंधित रिपोर्ट डीएम और शासन को भेज दी गई है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में फेरीवाला घायल

जन एक्सप्रेस। देवरिया

बंजरिया-बसडीला मैनुद्दीन मार्ग पर सोमवार की सुबह शेखपुरा गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में फेरी लगाकर कपड़ा बेचने वाला गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, बिहार प्रांत के पश्चिम चंपारण जिले के ग्राम झझवल निवासी अमीरुल (48) पुत्र उस्मान कई साल से बंजरिया बजार में किराए पर कमरा में रहकर फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का काम करता है। सोमवार की सुबह वह बाइक से कपड़ा बेचने बसडीला मैनुद्दीन की तरफ जा रहा था। शेखपुरा गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक चालक ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

## नाचना आता है, न आता तो..., कमरे में बंद कर पीटा, खाना भी न दिया, किशोरियों से धंधा करना चाहता था संचालक

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर की दो नाबालिग लड़कियों को इंस्टाग्राम पर ऊंचे ख्वाब दिखाए गए। दोनों को झांसे में लेकर बिहार के पूर्णिया जिले में आर्केस्ट्रा संचालक को बेच दिया गया। कमरे में बंधक बनाकर किशोरियों को गलत काम करने के लिए यातनाएं दी गईं।

बिहार के मोतीहारी जिले की गीता (30) ने इंस्टाग्राम पर दोनों चचेरी बहनों से दोस्ती कर उन्हें बड़े-बड़े ख्वाब दिखाए थे। इसके झांसे में आकर कम पढ़ी-लिखी सब्जी की खेती करने वाली किशोरियों ने घर से बाहर कदम निकाला। दोनों किशोरियों ने बताया कि पूर्णिया जिले में जब उनकी बोली लगाकर बेचा गया तो उनकी आंखें खुल गई, लेकिन वे चीखने-चिल्लाने के सिवा कुछ और नहीं कर पाई।

ोनों ने मान लिया था कि अब नरक के दलदल से निकलना मुश्किल है। पुलिस के मुताबिक, झंगहा इलाके में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी इधर कुछ दिनों से अपने पटीदारी में खोराबार रह रही थी। यहां पर 15 वर्षीय उसकी चचेरी बहन से उसकी अच्छी दोस्ती थी।

दोनों हमेशा साथ ही रहती थीं। किशोरियों ने पुलिस को बताया कि घरवालों को बिना बताए इंस्टाग्राम चलाते थे। इधर, दो माह से हर पोस्ट पर आरोपी गीता लाइक-कमेंट करती थी, धीरे-धीरे बातें करने लगी।

शुरू में उसने पढ़ाई के बारे में पूछा, तो हम लोगों ने बताया कि कक्षा नौ तक पढ़े हैं और परिवार के साथ सब्जी की खेती करते हैं। तब उसने बताया कि कक्षा आठ तक पढ़े-लिखे लोग अच्छी नौकरी कर रहे हैं। तुम लोग मेरे पास आओ तुम्हारी जिंदगी बदल जाएगी।

शुरू में 15 से 16 हजार रुपये तक की नौकरी तुरंत दिला दूंगी। इसके बाद सैलरी बढ़ती जाएगी। फिर अपने पैर पर खड़े होकर परिवार की भी मदद करने लायक हो जाओगी। किशोरियां उसकी बातों में फंस गई। माइंड वॉश कर गीता पति महेश के साथ 23 मई की सुबह गोरखपुर आई। दोपहर करीब 1:30 बजे दोनों किशोरियां घर से बिना बताए निकलकर रेलवे स्टेशन पहुंची। वहां पहले से मौजूद गीता और महेश दोनों किशोरियों को लेकर बिहार के पूर्णिया चले गए।

पहले दिन खाना खिलाकर दोनों किशोरियों को आराम कराया गया। अगले दिन पूर्णिया जिले में ले जाकर एक आर्केस्ट्रा संचालक से 1.50 लाख रुपये में सौदा कर किशोरियों को बेच दिया।

किशोरियों ने बताया गलत काम कराना चाहता था संचालक

किशोरियों ने पुलिस को बताया कि संचालक देह व्यापार के धंधे में धकेलना चाहता था।

# जनशिकायतों के निस्तारण में महराजगंज पुलिस अव्वल

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

- मई माह की मासिक रैकिंग में महराजगंज पुलिस को मिला प्रथम स्थान
- पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार 8वी बार मिला प्रथम स्थान

पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेन्द्र मीना के मार्गदर्शन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में जनपद महराजगंज पुलिस को माह मई 2025 की मासिक रैंकिंग में आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं कि थाने पर फरियादियों और शिकायतकर्ता के साथ अच्छा तालमेल एवं उनके साथ अच्छे से व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर उभय पक्ष के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करें। गौरतलब है कि जनशिकायतों का निस्तारण आनलाइन किया जाता है, पोर्टल पर प्राप्त संदभों का एक निश्चित समय दिया जाता है, जिसे उन संदर्भों को नियत समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संदर्भों की जॉच हेतु जाँचकर्ता अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्वक जाँच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाती है। जनपद में आईजीआरएस पोर्टल पर शासन एवं पुलिस अधिकारियों के स्तर से प्राप्त समस्त संदर्भों का गहराई एवं निष्पक्ष जॉच हेतु निरन्तर पर्यवेक्षण उच्चाधिकारियों द्वारा किया जाता रहता है। और पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों की जाँच आख्या प्राप्त होने पर जॉच आख्याओं का भी गहनता से परीक्षण भी किया जाता है। जॉच पुष्टिकारक न होने पर आईजीआरएस संदर्भ पुनः जाँच के लिए सम्बन्धित अधिकारी को कड़े निर्देश के साथ वापस कर दिया जाता है।

## पिटाई से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस। देवरिया

30 मई को सेमरौना गांव में हुई मारपीट की घटना में घायल एक शख्स की सोमवार को मौत हो गई। मृतक अहलादपुर मरकड़ी गांव का निवासी है। उसका उपचार एम्स गोरखपुर में चल रहा था। मृतक का पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में कराया गया। मामले में पुलिस पिटाई के दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अहलादपुर मरकड़ी गांव के रहने वाले रणविजय यादव 32 वर्ष पुत्र दिलीप यादव का 30 मई को सेमरौना गांव के तीन लोगों से विवाद हो गया। दोनों गांव के बीच बहने वाली बथुआ नदी को पार करके जाने के बाद कहासुनी के दौरान मारपीट हो गई। जिसमे रण विजय के सिर में गंभीर चोट लगी। घायल को लेकर परिजन मेडिकल कॉलेज देवरिया ले गए।

# दो निजी अस्पताल के चार डॉक्टरों समेत छह पर केस

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

मेडिकल कॉलेज से गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर हुई गर्भवती महिला को एक दलाल बेहतर इलाज का झांसा देकर शहर के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया दिया। यहां पर महिला को खून की कमी बताकर प्लेटलेट्स चढ़ाया गया, हालत बिगड़ने पर कसया के एक निजी अस्पताल में भेजा गया, जहां डॉक्टर ने महिला का ऑपरेशन किया और बच्चा पैदा हुआ। इसके बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी तो आनन-फानन में गोरखपुर के सावित्री नर्सिंग होम में लेकर जाने को कहा। वहां जाने पर इलाज के बाद डॉक्टरों ने संक्रमित खून चढ़ाने से शरीर के कई पार्ट में इंफेक्शन होने की बात कही और लखनऊ सहारा अस्पताल में रेफर कर दिया, नौ दिन तक इलाज के बाद महिला की मौत हो गई। इसके इलाज में कसया और पडरौना के निजी अस्पताल संचालकों ने पांच लाख से अधिक रुपये ले लिया है।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पिपरा वर सिवान निवासी महबूब आलम की पत्नी हीना खातून गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर उसको परिजन 4 सितंबर 2024 को मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जांच के बाद हालत गंभीर बताकर डॉक्टर ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। आरोप है कि अस्पताल से बाहर निकल कर एंबुलेंस की तलाश कर रहे थे कि एक व्यक्ति पहुंचा और बताया कि मुझे किशन कुशवाहा ने भेजा है मैं एमएस अस्पताल सोहरौना से आया हूं। वह अपने एंबुलेंस से हीना को लेकर एमएस अस्पताल पर चला गया। यहां आने के बाद डॉ. राजन सिंह ने बताया कि प्लेटलेट्स चढ़ाना पड़ेगा। इसके बाद कसया के बुद्धा चैरिटेबल ब्लड बैंक कसया पर एक पर्ची देकर डॉक्टर ने भेजा। वहां से प्लेटलेट्स लाने के बाद हीना को चढ़ाया गया, तबीयत में सुधार नहीं होने पर डॉक्टर ने अपने एंबुलेंस से कसया के एमएसपी मेमोरियल हॉस्पिटल पर भेज दिए। वहां जाने के बाद डॉ. गिरीश सिंह बघेल आए और जच्चा-बच्चा की हालत नाजुक बताते हुए ऑपरेशन करने की बात कही। ऑपरेशन करने के बाद महिला ने बच्चे को जन्म दिया। कुछ देर बाद तबीयत बिगड़ने पर यहां पर भी खून चढ़ाया गया। बाद में डॉक्टर गोरखपुर सावित्री नर्सिंग होम रेफर कर दिया। वहां लेकर मरीज को गए, जहां इलाज के बाद भी आराम नहीं मिला। वहां से लखनऊ के सहारा अस्पताल में डॉक्टर ने ले जाने का सुझाव दिया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि संक्रमित प्लेटलेट्स चढ़ाने से महिला की तबीयत गंभीर हो गई। नौ दिन इलाज के बाद उसकी लखनऊ के सहारा अस्पताल में मौत हो गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रविंद्रनगर धूस पुलिस ने किशन कुशवाहा, डॉ. राजन सिंह, डॉ. राजकुमार कुशवाहा, डॉ. गिरीश सिंह बघेल,नर्स व एक डॉक्टर का नाम पता अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। रविंद्र नगर थानाध्यक्ष शरद भारती ने बताया कि कोर्ट के आदेश के पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। इसमें डॉ. गिरीश सिंह की मौत हो चुकी है, इनका अस्पताल भी बंद है।

एमएस हॉस्पिटल संचालक नीरज सिंह ने कहा कि मेरे कार्यकाल में हीना नाम की महिला का कोई इलाज नहीं हुआ है, जो भी आरोप लगे हैं निराधार है। कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज हुआ है। पुलिस की विवेचना में मदद करूंगा। यह एक साजिश है।

# चौथे बड़े मंगल पर देवीपाटन मंदिर महंत व सदर विधायक ने किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय पर ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगल अवसर पर झारखंडी सरोवर के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया । देवीपाटन मंदिर महंत मिथलेश नाथ योगी के साथ सदर विधायक पलटू राम, पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा तथा आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने लोकार्पण किया ।

जानकारी के अनुसार 3 जून को आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष डा धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू% के संयोजन में देवीपाटन मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी, सदर विधायक पल्टू राम, गेल्हापुर मंदिर के महंत स्वामी बृजानंद महाराज ने सुंदरकांड पाठ के पश्चात् पूजन अर्चन और आरती कर शिलापट्ट का अनावरण किया। देवीपाटन मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी ने झारखंडी सरोवर के जीर्णोद्धार हेतु नगरवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी। सदर विधायक पल्टू राम ने कहा कि वर्षों से बहुप्रतीक्षित इस सरोवर के निर्माण के लिए नगरवासियों ने कई वर्ष तक संघर्ष किया है । नगर वासियों के सपने को नगरपालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने पूरा करके दिखाया है। नगर के बीच में सरोवर के निर्माण से नगर की सुंदरता बढ़ेगी साथ ही झारखंडी मंदिर की भव्यता बढ़ेगी। नगरपालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू% ने कहा कि सभी नगरवासियों के संकल्प को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री ए के शर्मा के मार्गदर्शन में पूरा किया जा रहा है । नगर में प्रमुख सरोवरों व तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात् बड़े मंगल के उपलक्ष्य में भंडारे का भी आयोजन किया गया । भंडारे में स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्रा, निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, शिव प्रसाद द्विवेदी, रमेश पहवा, संजय शर्मा, राम कृपाल शुक्ला, डीपी सिंह बैस, डॉ अजय सिंह, डॉ तुलसीस दूबे, शुभेंद्र गौरव, शिवम मिश्रा, संजय शुक्ला, सभासद राघवेंद्र कांत सिंह, विनोद गिरी, सिदार्थ साहू, रामू कश्यप, संदीप मिश्रा, मनोज यादव, नंदलाल तिवारी, कृष्ण गोपाल गुप्ता, उमाशंकर तिवारी,संदीप उपाध्याय, अनिरुद्ध शुक्ला, अंशु माली व विपुल मिश्रा सहित तमाम नगरवासियों की उपस्थिति रही।

## आरएमपीयू: हिंदी में प्रश्न पत्र न मिलने पर बीएएलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा निरस्त

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होना चाहिए था। परीक्षार्थियों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई। सभी परीक्षार्थियों से पेपर वापस ले लिए गए।

राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी से संबंध डीएस कॉलेज और विवेकानंद कॉलेज की बीए एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में हिंदी माध्यम में प्रश्न पत्र न आने से परीक्षा निरस्त कर दी गई। अब पेपर 18 जून को होगा। डीएस कॉलेज परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र केवल अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध कराया गया। डीएस कॉलेज के विधि विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर हरीश शर्मा ने बताया कि प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होना चाहिए था। परीक्षार्थियों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई। सभी परीक्षार्थियों से पेपर वापस ले लिए गए। डीएस कॉलेज और विवेकानंद कॉलेज में 350 परीक्षार्थी हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार ने कहा कि परीक्षा की तिथि जल्द घोषित कर दी जाएगी।

# धूमधाम से निकली कलश यात्रा, धर्मध्वज के साथ फहराया गया तिरंगा

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



ग्राम कस्तली पला स्थित परमहंस दयाल जी सेवा संस्थान गौशाला के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा में तिरंगा ध्वज के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच हरिनाम संकीर्तन करते हुए नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा का शुभारंभ परम विरक्त यति स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज एवं करणी सेना के जिलाध्यक्ष धीरू ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। भक्तों ने सिर पर कलश, हाथों में धर्म ध्वज और तिरंगा लिए भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर यात्रा में सहभागिता निभाई। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा और इत्र छिड़ककर स्वागत किया। भक्तों के लिए ठंडे पेय आदि की समुचित व्यवस्था भी की गई थी।

स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने इस अवसर पर कहा कि ÷श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व नगर भृमण और हरिनाम संकीर्तन अत्यंत आवश्यक हैं। यह यात्रा ग्राम व स्थान देवताओं को आमंत्रण देने की परंपरा का हिस्सा है। भगवान की कृपा से ही ऐसे पवित्र आयोजनों में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिलता है। सनातन धर्म के अनुयायियों को प्रेम, एकता और परोपकार की भावना के साथ जीवन जीना चाहिए।÷

कथा व्यास शिवम शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷यह कथा केवल मनोरंजन या धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा की अमृतमयी प्यास को शांत करने का माध्यम है। इसके श्रवण मात्र से ही परम कल्याण संभव है।÷

शोभायात्रा में सम्मिलित प्रमुख लोग - गौरव शास्त्री, रवि शास्त्री, बलदेव व्यास, चेतन पंडित, कृष्णा शास्त्री, विनीत शास्त्री, कपिल पंडित, रामगोपाल गिरि, नवीन चौधरी, गिर्राज किशोर भारद्वाज, हरिओम अग्रवाल, अमित अग्रवाल, एस.बी. शर्मा, राजेश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, पूरन चंद्र अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल, ऋषि मुनि, तूलिका अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# भोर सुबह में ही हनुमान मंदिर पर किया गया प्रसाद वितरण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय पर जेष्ठ मास के चौथे बड़े मंगल अवसर पर रानी तालाब स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर पर भोर सुबह से ही प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

जानकारी के अनुसार 3 जून को जेष्ठ मास के चौथे बड़े मंगल अवसर पर एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन व उनकी धर्मपत्नी रीना श्रीवास्तव तथा सहयोगियों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया । डॉ राजीव रंजन ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़ा मंगल अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया है । उन्होंने अपने सहयोगियों सहित समाज व विश्व कल्याण के लिए महाबली बजरंगबली से प्रार्थना की । इस अवसर पर डॉ रवि कृष्ण मिश्रा धर्मेश श्रीवास्तव अखिलेश्वर तिवारी व वेद प्रकाश मिश्रा ने प्रसाद वितरण किया । भोर सुबह से प्रसाद वितरण कार्यक्रम शुरू किया गया । डॉक्टर राजीव रंजन ने बताया कि प्रयास किया गया कि श्रद्धालु जब बजरंगबली के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे तो उन्हें हनुमान जी का प्रिय प्रसाद नुक्ती प्राप्त हो सके । इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया।

# ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कथक नृत्य पर झूमे प्रतिभागी

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय पर बिरजू महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश व एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में चल रहे सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य निःशुल्क कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को सभी प्रतिभागी जमकर झूमें । इस दौरान प्रतिभागियों ने भूमि प्रणाम की जानकारी प्राप्त की।

जानकारी के अनुसार 3 जून को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय के निर्देशन व कार्यशाला संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान के संयोजकत्व में आयोजित कार्यशाला में सभी प्रतिभागी जमकर झूमें। बिरजू महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश से नामित कथक गुरु हर्षिता चौहान ने सभी प्रतिभागियों को भूमि प्रणाम की जानकारी दी। उन्होंने मुद्राओं के साथ साथ बताया कि कथक में प्रणाम, जिसे % भूमि प्रणाम % भी कहा जाता है, एक महत्वपूर्ण और पारंपरिक अभिवादन है जो नृत्य की शुरुआत में किया जाता है। यह धरती के प्रति सम्मान व्यक्त करता है और नृत्य को शुरू करने से पहले भूमि से क्षमा याचना भी है। उन्होंने भूमि प्रणाम की आवश्यक जानकारी देते हुए कहा कि स्त्रीय नृत्य है जो कहानी कहने पर आधारित है। इसका अर्थ है ÷कथा कहने वाला÷ और यह नृत्य कहानियों को व्यक्त करने का एक माध्यम है। यह नृत्य अपनी लयबद्ध पैरों की हरकतों, चेहरे के भावों और सुंदर हरकतों के माध्यम से कहानी सुनाने के लिए जाना जाता है। भूमि प्रनाम को अलग-अलग तरीकों से किया जा सकता है, जिसमें हाथों और पैरों का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के आकृतियां बनाई जा सकती हैं। कार्यशाला के आयोजन में वालेंटियर विनय पाण्डेय व छवि चतुर्वेदी का सराहनीय योगदान रहा।

## सुआव नदी के विभिन्न बिंदुओं का डीएम ने लिया जायजा, सुआव नदी के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण तथा वृक्षारोपण के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

सुआव नदी के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के संबंध में डीएम पवन अग्रवाल द्वारा अधिशाषी अभियंता सिंचाई ड्रेनेज खंड , डीसी मनरेगा , वन विभाग के अधिकारियों के साथ सुआव नदी के विभिन्न बिंदुओं का स्थलीय जायजा लिया गया। उन्होंने श्रावस्ती बॉर्डर के ग्राम गोपियापुर जहां से सुआव नदी निकलती है एवं ग्राम गिदरहैया , ग्राम भीखपुर में सुआव नदी का स्थलीय जायजा लिया। उन्होंने नदी के जीर्णोद्धार एवं तट के सौंदर्यीकरण हेतु कार्ययोजना बनाए जाने का निर्देश दिया।उन्होंने सुआव नदी के तट पर स्थित सभी पोखरों एवं तालाबों का जीर्णोद्धार किए जाने का निर्देश दिया । नदी के कैचमेंट एरिया पर पिलर लगाए जाने का निर्देश अधिशाषी अभियंता सिंचाई ड्रेनेज खंड को दिया। इस दौरान उन्होंने वृक्षारोपण के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## दरोगा की तेज रफ्तार बोलेरो कार ने बाइक में मारी टक्कर, हादसे में बेटे की मौत, मां घायल

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

मोहित और उसकी मां गमी में शोक व्यक्त करने आए थे। दोनों शाम करीब चार बजे वापस अपने गांव लौट रहे थे। छर्रा-सांकरा मार्ग पर स्थित गांव नगला भूड़ के पास सांकरा की ओर से आ रही बोलेरो कार ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी।

दादों थाना क्षेत्र के गांव नगला भूड़ के पास कासगंज के एक दरोगा की तेज रफ्तार बोलेरो कार ने बाइक सवार मां-बेटे को चपेट में ले लिया। 3 जून शाम हुए इस हादसे में बेटे की मौत हो गई, जबकि मां की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दरोगा को थाने में बैठा लिया है। हादसे मरने वाले युवक की पहचान मोहित कुमार (22) निवासी गांव सलेमपुर पहाड़गढ़ी थाना खुर्जा देहात बुलंदशहर के रूप में हुई है। उनकी मां पप्पी देवी भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई है, जिनका अलीगढ़ के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

मोहित और उसकी मां दादों क्षेत्र के गांव खिरीरी-मस्तीपुर में ग्राम प्रधान कुमरपाल के यहां गमी में शोक व्यक्त करने आए थे। हादसे के वक्त 3 जून शाम करीब चार बजे वापस अपने गांव लौट रहे थे। छर्रा-सांकरा मार्ग पर स्थित गांव नगला भूड़ के पास सांकरा की ओर से आ रही बोलेरो कार ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। मां-बेटा सड़क किनारे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे रिश्तेदार दोनों को छर्रा के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से दोनों को अलीगढ़ के निजी अस्पताल रेफर कर दिया।

# डीएम एवं एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुई सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने को पुलिस एवं प्रशासन सजग एवं सतर्क , त्यौहार के दौरान किसी नई प्रथा की नहीं होगी मंजूरी , हमेशा की तरह सौहार्दपूर्वक मनाए त्यौहार - डीएम

बलरामपुर- आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी विकास कुमार की अध्यक्षता में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुईं। बैठक में डीएम द्वारा सर्किलवार एवं थानावार त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान डीएम ने बैठक में आए संभ्रांत व्यक्तियों से वार्ता की एवं सभी के महत्वपूर्ण सुझाव सुना।

डीएम ने सभी को आगामी त्योहार गंगा दशहरा एवं बकरीद की शुभकामनाएं दी , उन्होंने त्यौहार के दौरान साफ सफाई की विशेष अभियान चलाए जाने , निर्बाध विद्युत आपूर्ति , पेयजल व्यवस्था का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि बकरीद के त्यौहार के दौरान कुर्बानी के बाद अवशेषों का शीघ्र निस्तारण करें एवं साफ सफाई रखें। इस दौरान एसपी ने कहा कि त्यौहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु पुलिस एवं प्रशासन सजग एवं सतर्क है , त्योहारों के दौरान किसी नई प्रथा की मंजूरी नहीं होगी, कुर्बानी खुली जगह पर किए जाना प्रतिबंधित हैं एवं किसी भी दशा ने प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो । कुर्बानी के बाद अवशेषों का शीघ्र निस्तारण किया जाए।

उन्होंने कहा कि सदैव की तरह सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाए ,त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त एसडीएम , समस्त सीओ, सभी थानों के थानाध्यक्ष , विभिन्न थानों से आए संभ्रांत नागरिक गण व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें ।

## कंटेनर ने बाइक सवार दो लोगों को रौंदा, हुई दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

थाना गभाना के अलीगढ़-दिल्ली हाईवे पर 1 जून को बकरों से लदा कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया था। एक अन्य कैंटर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी थी। अब 2 जून को फिर एक हादसे में दो लोगों की जान चली गई।

अलीगढ़ के गभाना स्थित हाईवे पर भुकरावली के पास 2 जून की देर रात कंटेनर ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई। जिससे उनके परिवार में मातम छा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 जून की देर रात कासगंज के सोरों क्षेत्र के गांव रामपुर पटवा के निवासी 28 वर्षीय जयपाल अपने बीमार ससुर को देखने अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज आ रहा था। उसके साथ बाइक पर उसका रिश्ते का भाई 45 वर्षीय जुगेंद्र था। बताया जा रहा है कि बाइक सवार कासगंज से अलीगढ़ के मेडिकल के लिए रास्ता भूल कर गभाना हाईवे पहुंच गए। वहां से मेडिकल की ओर आ रहे थे।

# वेदांतु के छात्र दक्ष ने कर्नाटक में पहला स्थान हासिल किया

जन एक्सप्रेस । आगरा

जेईई परीक्षा की तैयारी करवाने वाला भारत का अग्रणी शिक्षा संस्थान वेदांतु, जेईई एडवांस्ड 2025 में अपने छात्रों के असाधारण प्रदर्शन की गर्व से घोषणा करता है। साल दर साल शीर्ष रैंक और लगातार समान नतीजों के साथ, यह साल उच्च गुणवत्ता, व्यक्तिगत और परिणाम-केंद्रित शिक्षा प्रदान करने में वेदांतु की निरंतर सफलता की पुष्टि करता है। उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वालों में बैंगलोर के दक्ष तायलिया भी शामिल हैं, जिन्होंने गणित में पूरे 120 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 15वाँ स्थान प्राप्त किया है और कर्नाटक राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वेदांतु के 3 वर्षीय दीर्घावधि बैच के छात्र दक्ष का अटूट



अनुशासन, प्रतिबद्धता और प्रक्रिया में विश्वास वास्तव में प्रेरणादायक रहा है। इसके अलावा वेदांतु परिवार को गौरवान्वित करने वाले गोरखपुर के प्रखर सिंह भी हैं, जिन्होंने लॉन्ग टर्म बैच में अखिल भारतीय 92वीं रैंक हासिल की है - जो केंद्रित प्रयास, दृढ़ता और विशेषज्ञ-निर्देशित मार्गदर्शन का परिणाम है। ये उपलब्धियाँ अकेली नहीं हैं। वेदांतु के छात्रों ने मज़बूत और निरंतर प्रदर्शन किया है, जिसमें 8 छात्रों को शीर्ष 100 में, 20 को शीर्ष 500 में और 83 को शीर्ष 5,000 में स्थान मिला है। यह वेदांतु की व्यक्तिगत, परिणाम-उन्मुख शिक्षा पद्धति की सफलता की पुष्टि करता है।

# नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने एजुकेशन लीडर्स समिट और फेलिसिटेशन सेरेमनी का किया भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने प्रिंस पैलेस, छेरत, अलीगढ़ में एजुकेशन लीडर्स समिट और फेलिसिटेशन सेरेमनी का सफल आयोजन किया। इस मौके पर 200 से अधिक विशेष अतिथियों और 350 से ज्यादा छात्रों की उपस्थिति रही, जिससे यह कार्यक्रम क्षेत्रीय शिक्षा जगत के लिए एक अहम पड़ाव बन गया।

इस कार्यक्रम में नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. विक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और शिक्षक खंड, आगरा - वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रभारी श्री पवन शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. विक्रम सिंह ने कहा, छात्रों को वैश्विक क्षमताओं के साथ-साथ नैतिक मूल्यों में भी मजबूत बनाना समय की मांग है। अनुशासन और कौशल विकास के बिना बड़ी उपलब्धियां हासिल करना संभव नहीं है। शिक्षकों को भी नए ट्रेंड्स के अनुसार खुद को अपडेट करना चाहिए ताकि वे छात्रों को उद्योगोन्मुखी शिक्षा दे सकें।

शिक्षक खंड, आगरा - वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रभारी श्री पवन शर्मा ने कहा, टियर-2 और टियर-3 शहरों जैसे अलीगढ़ में समावेशी और आउटरीच शिक्षा की जिम्मेदारी हम सभी की है। यहां प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही मार्गदर्शन और संसाधन देने की। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी योग्य छात्र संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए।

इस आयोजन का संचालन श्री आकाश शर्मा, निदेशक (प्रवेश एवं आउटरीच), नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। समिट में उत्तर प्रदेश भर से स्कूल प्रिंसिपल्स, शिक्षाविद् और काउंसलर्स ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट शिक्षकों और मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही, पैनल चर्चा, कीनोट भाषण और नेटवर्किंग सेशन्स ने दिनभर प्रेरणादायक माहौल बनाए रखा।

एजुकेशन लीडर्स समिट ने छात्रों और शिक्षा विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर क्षेत्रीय शिक्षा की गुणवत्ता को ऊंचा उठाने की दिशा में सार्थक संवाद की पहल की।

## महिला ने भेजी फ्रेंड रिक्वेस्ट, फंसाया प्यार के जाल में, एकांत में बुलाकर किया ये काम, पकड़े गए

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ़ की अतरौली पुलिस ने सर्विलांस और एसओजी की मदद से एक बड़े हनी ट्रैप गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक महिला, उसके पति और एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार किया है।


फेसबुक आदि सोशल मीडिया पर महिला भोले-भाले लोगों से मीठी-माठी बातें करके अपने प्यार के जाल में फंसाती। अपने से मिलने के लिए उन्हें एकांत स्थानों पर बुलाती। वहां पर आते ही महिला और उसके अन्य साथी मोबाइल, नगदी, सामान लूट लेते और मारपीट भी करते। इस दौरान विभिन्न ऑनलाइन पेमेंट माध्यमों से रुपये भी ट्रासफर करा लिए जाते। ऐसे ही गिरोह के तीन शातिरों को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया, जिसमें एक महिला भी शामिल है।

अलीगढ़ की अतरौली पुलिस ने सर्विलांस और एसओजी की मदद से एक बड़े हनी ट्रैप गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक महिला, उसके पति और एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार किया है। यह गैंग फेसबुक पर लोगों को प्रेम जाल में फंसाकर उनसे लूटपाट करता था।

यह महिला अपने पति और एक दोस्त की मदद से लोगों को फेसबुक पर दोस्ती का झांसा देती थी। मीठी-मीठी बातें करके उन्हें अपने प्रेम जाल में फंसा लेती थी और फिर उनसे मिलने बुलाती थी। जब युवक मिलने आते थे, तो महिला का पति और उसका दोस्त मिलकर उनसे लूटपाट करते थे।

हाल ही में, बिहार के भोजपुर जिले के ईश्वरपुरा गांव निवासी अविनाश कुमार सिंह, जो दिल्ली में निजी नौकरी करते हैं, को इस गैंग ने अपना निशाना बनाया।

# निलाया वेलनेस स्पा-सेंटर में खुलेआम जिस्म फरोशी का धंधा



■ बस्ती जिले में चल रहा है जिस्म फरोशी का धंधा, पुलिस प्रशासन की संदिग्ध- चुप्पी ?



अगर इस संबंध में कोई शिकायत मिलती है, तो साक्ष्यों के आधार पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।
**सन्येंद्र भूषण त्रिपाठी**
**सीओ सिटी बस्ती**

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

बस्ती जिले बड़ेवन, कटरा,रोडवेज, रौता, दक्षिण दरवाजा, पुरानी बस्ती सहित जिले में स्पा सेंटर के नाम पर खुलेआम जिस्मफरोशी का धंधा बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है। जिसमे शहर की तमाम नौजवान इस गंदगी के दलदल में फंसते जा रहे हैं। स्पा और मसाज सेंटर में वर्कप्लेस की थकान मिटाने और रिलैक्स महसूस करने के लिए लोग पहुंचते हैं। लेकिन बस्ती जिले में खुलेआम स्पा-सेंटर मसाज की आड़ में धड़ले से जिस्मफरोशी का धंधा संचालित किया जा रहा है। गुरु वशिष्ठ की धरती संस्कृति और सच्यता के लिए जानी जाती है तो वहीं दूसरी ओर कुछ जिस्म के सौदागर अपनी काली कमाई के लिए गुरु वशिष्ठ की धरती बस्ती की संस्कृति व सच्यता पर बट्टा लगाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बस्ती जिले में स्पा सेंटर नाम पर चल रहे जिस्म-फरोशी के धंधे से क्षेत्र के लोग काफी परेशान है। लोगों का कहना है कि अनैतिक काम से क्षेत्र व समाज पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है पुलिस प्रशासन को ऐसे अनैतिक काम करने वाले के ऊपर ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

- **रिपोर्टर-** हैलो मैम आप निवालया वेलनेस स्पा सेंटर से बोल रही हैं।

जी सर बोल रही हूँ कब आ रहे हैं सर आप

- **रिपोर्टर-** आपके स्पा-सेंटर पर किस तरीके की सर्विस उपलब्ध है?

**आप आइए सर आपको हमारे स्पा-सेंटर में सारी सुविधाएं उपलब्ध है।**

- **रिपोर्टर-** सारी सुविधा मतलब मसाज के अलावा और भी सारी सुविधा मिलेगी क्या ?

जी सर आप आए तो आपको मसाज के अलावा सारी एक्स्ट्रा सर्विस आपको दी जाएगी।

- **रिपोर्टर-** मैंम मुझे दूर से आना है तो एक बात स्पष्ट बताइए तभी मैं आऊ क्या मसाज के अलावा सेक्स की सर्विस भी मिलेगी

जी सर मिलेगी आप आइए तो.

### मसाज के नाम पर निलाया वेलनेस में खुलेआम सेक्स सर्विस का ऑफर

निलाया वैलनेस स्पा सेंटर में मसाज के नाम पर चौकाने वाली बात सामने आई है। स्पा-सेंटर में मसाज के नाम पर ग्राहकों को फुल सर्विस यानी खुलेआम सेक्स सर्विस देने की बात ने इन स्पा-सेंटर की काली करतूत की पोल खोल दी है। गुरु वशिष्ठ की धरती को इन जिस्मफरोशी के धंधे-बाजों ने बस्ती की संस्कृति व सभ्यता को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अनैतिक इस देह व्यापार से आज के नौजवान इस दलदल में फंसते जा रहे है।

### हाल ही में मड़वा नगर में बड़े पैमाने पर सेक्स रैकेट का हुआ था खुलासा

हाल ही में कोतवाली थाना क्षेत्र के मड़वा नगर में एक घर में बड़े पैमाने पर चल रहे सेक्स रैकेट का बस्ती के कप्तान अभिनंदन के नेतृन्व में खुलासा हुआ था। जिसमें दर्जनों युवक व युवतियां मौके पर पकड़ी गई थी लेकिन कुछ समय बीतने के बाद फिर से जिस्मफरोशी का धंधा बस्ती जिले में बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है। जिससे क्षेत्र समाज में इसका पूरा असर पड़ रहा है, अनेकों युवा इस बुरे लत में फंस रहे हैं।

### बड़ेबन चौकी से महज कुछ कदम पर निलाया वेलनेस में खुले आम जिस्मफरोशी का धंधा

पुलिस चौकी बड़ेबन से महज कुछ कदम पर संचालित स्पा-सेंटर निलाया वेलनेस स्पा सेंटर में मसाज के नाम पर खुले आम जिस्म-फरोशी का धंधा बड़े पैमाने पर चल रहा है। जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहा है। लोगों की माने तो पुलिस की मिली भगत से जिस्म फरोशी के धंधे के लिए हर महीने मोटी रकम स्पा सेंटर वाले पुलिस को देते हैं। जिससे इन स्पा सेंटर पर कोई कार्यवाही नहीं होती है।

## सड़क किनारे फोन पर बात कर रहे युवक को ट्रेलर ने मारा धक्का

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जफराबाद।** जफराबाद थाना अंतर्गत राजेपुर कचगांव मुख्य मार्ग पर बीती रात रोड किनारे बाइक खड़ा कर फोन पर बात कर रहे युवक को एक ट्रेलर ने पीछे से धक्का मार दिया। इस घटना में युवक का सर फट गया। घायल का इलाज शहर के एक निजी चिकिन्सालय में चल रहा है। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक राजेपुर कचगांव निवासी डबलू सोनकर ने जफराबाद थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीती रात उसका भाई सोहित सोनकर राजेपुर कजगांव रोड पर जोगीबीर बाबा के पास बाइक किनारे खड़ी कर फोन से बात कर रहा था। उसी समय एक ट्रेलर ने पीछे से उसको धक्का मार दिया। जिसके चलते उसका सर फट गया।

# पैडा वाले बाबा को जान का खतरा, एसपी से गुहार

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पैडा खरहरा निवासी गोविन्द कुमार पुत्र गिरधारी लाल मंगलवार को पद यात्रा करते हुये पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और अपने तथा परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया। पैडा वाले बाबा के नाम से मशहूर गोविन्द महराज ने एसपी को दिये पत्र में कहा है कि ऊनके ऊपर गत 5 अप्रैल को जमदाशाही के निकट ईदगाह बाग के पास जान लेवा हमल किया। वे हमले में बाल-बाल बच गये। वाल्टरगंज पुलिस ने मुकदमा भी पंजीकृत किया किन्तु अभी तक दोषियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे अपराधियों का मनोबल बढ गया है। गत 2 जून को पैडा वाले बाबा के बोर्ड के नीचे कफन और जिन्दा कारतूस देखा गया। इससे वे और उनका परिवार काफी डरा सहमा है। पैडा वाले बाबा कफन दो या न्याय दो कि तख्ती लेकर पद यात्रा करते हुये जब पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे तो बजरंग दल के निवर्तमान जिला संयोजक मनमोहन त्रिपाठी, विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह, जिला प्रभारी प्रमोद पाण्डेय, जिला गौरक्षा प्रमुख स्नेह पाण्डेय के साथ ही अनेक पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर पत्र सौंपा। मांग किया कि दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई कर परिवार की सुरक्षा करायी जाय। पैडा वाले बाबा के समर्थन में आकाश आर्या, राकेश सिंह, अनिल प्रजापति, दीपक राव, राजकुमार गौतम, राज आर्य, विक्की गौतम, सूरज, शनि आर्य, अभिषेक, सन्तोष कुमार, राहुल चौधरी, राजेश कसौधन, अखिलेश यादव, गोपाल सोनकर, राकेश पाण्डेय, विल कुमार गौतम, सदानन्द सैनिक आदि ने मांग किया कि दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हो।

# बस्ती के सभी विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली करेगी कांग्रेस

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक मंगलवार को जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के सभी पांचों विधानसभा बस्ती सदर, रूधौली, कप्तानगंज, हरैया और महादेवा में संविधान बचाओ रैली कर कांग्रेस के संदेश को पहुंचाने और ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस कमेटी गठन की रूप रेखा पर विचार किया गया।

कोआर्डिनेटर निर्मला पासवान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के साम्प्रदायिक राजनीति, मंहगाई, बेरोजगारी के साथ ही खराब कानून व्यवस्था से ऊबे लोग कांग्रेस की ओर बड़े विश्वास से देख रहे हैं। ऐसे में हम कांग्रेसजनों का दायित्व है कि ऐसे लोगों को जोड़कर ग्राम पंचायत स्तर पर कमेटी गठित की जाय। कहा कि राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक बदलाव के लक्ष्य मजबूत संगठन से ही पूरे होंगे।

पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, वरिष्ठ नेता देवेन्द्र श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' अवधेश सिंह, गिरजेश पाल, राकेश पाण्डेय 'गांधियन', डा.वाहिद सिद्दीकी आदि ने संगठन की मजबूती के लिये महवपूर्ण सुझाव दिये। कहा कि हम कांग्रेसजनों को गांव- गांव जाकर लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ना होगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि मासिक बैठक में जो महत्वपूर्ण सुझाव आयें है उस अनुरूप लोगों में दायित्वों का वितरण कर संगठन की मजबूती और सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली का लक्ष्य पूरा किया जायेगा।

मासिक बैठक में मुख्य रूप से डा.दीपेन्द्र सिंह, डा.आलोक रंजन, संदीप श्रीवास्तव, डा.मारूफ अली, अतीउल्ला सिद्दीकी, डी.एन. शास्त्री, महेन्द्र श्रीवास्तव, अलीम अख्तर, नफीस अहमद, शोभित चौधरी, डा.शीला शर्मा, मंजू पाण्डेय, डॉ.बबिता शुक्ला, शकुन्तला देवी, लक्ष्मी यादव, साधू शरन आर्य, गुड्डू सोनकर, सुनील पाण्डेय, शेर मोहम्मद, दिलीप श्रीवास्तव, राहुल चौधरी, राजेश भारती, अमरदेव सिंह, सर्वेश शुक्ल, गंगा प्रसाद मिश्र, राजेन्द गुप्ता, अमित प्रताप सिंह, आनन्द निषाद, सलाहुद्दीन, कपिलदेव यादव, संजय कुमार, विजय श्रीवास्तव के साथ ही कांग्रेस के अनेक नेता, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भंडारे में वितरित किया प्रसाद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को जिले के विभिन्न हनुमान मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जिसमे भक्तों ने सुंदर पाठ करके प्रसाद वितरित किया।

शहर के कोतवाली चौराहा, सिपाह स्थित बड़े हनुमान मंदिर, बीआरपी कॉलेज स्थित हनुमान मंदिर में पूरे दिन भक्तों का आना-जाना लगा रहा। उधर खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव द्वारा कोतवाली चौराहे पर स्थित पवनपुत्र हनुमान महाराज के मन्दिर में प्रख्यात कर्मकांड विद्वान पंडित रजनीकांत द्विवेदी द्वारा मंत्रोच्चारण कर भगवान का पूजन पाठ किया गया।

तत्पश्चात सुन्दर कांड पाठ डोल, मजीरा के साथ शुभारंभ किया गया। राज्यमंत्री के साथ संतोष त्रिपाठी, डा सरला त्रिपाठी, नगर पालिका जौनपुर की अध्यक्ष मनोरमा मौर्या व भाजपा कार्यकर्ता गण साथ में सुन्दर कांड का पाठ किया।

सुन्दर कांड पाठ समापन के बाद भगवान की आरती की गई।

तत्पश्चात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव द्वारा भंडारे में बने प्रसाद का भोग भगवान को लगा कर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सदर विधानसभा क्षेत्र सभी कार्यकर्ता गण मौजूद रहे और आप जनमानस को प्रसाद वितरण किया।

इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक बांकेलाल सोनकर, श्याममोहन अग्रवाल, रामसूरत मौर्य, संतोष त्रिपाठी, अजय सिंह, जगदंबा प्रसाद पांडेय, धर्म रक्षक मनीष गुप्ता, खेतासराय व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, मनीष श्रीवास्तव, नंदलाल यादव, विकास शर्मा, सारिका सोनी, सुनील यादव मम्मन, प्रशांत सिंह दीपक, उपेंद्र मिश्रा, डॉ ब्रह्मेश शुक्ला, सभासद संतोष मौर्य अन्य उपस्थित रहे।

# गोष्ठी किसानों को किया जागरूक




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद। जिले के सिरकोनी विकास खण्ड के तीन ग्राम पंचायतों में मंगलवार को गोष्ठी का आयोजन करके किसानों को अहम जानकारियां दी गयी। विकसित भारत कृषि संकल्प अभियान के तहत इस गोष्ठी का आयोजन हुआ। सरकार के आदेश के क्रम में अगोजुत गोष्ठी में कृषि विभाग,पशुपालन विभाग, को ऑपरेटिव विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों ने किसानों के साथ गोष्ठी में सीधा संवाद किया।

वर्तमान समय मे केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

किसानों को पीएम किसान निधि,फार्मर रजिस्ट्री,बीज वितरण, रसायनों का छिड़काव, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं के फायदे को बताया गया।किसानों द्वारा इन योजनाओं में जो भी समस्या बतायी उसके तत्काल निस्तारण की जानकारी दी गयी।

गोष्ठी में कृषि विज्ञान केन्द्र से डॉ एस के कन्नौजिया, विषय वस्तु विशेषज्ञ तेजबल सिंह,एडीओ एजी आशीष त्रिपाठी, इफको के अनुराग सिंह आदि ने किसानो से वार्ता किया।

# रंजिश के चलते मनबढ़ों ने महिला को पीटा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद। जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के हौज मुरारपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला को मनबढ़ों ने मारपीट कर अधमरा कर दिया। महिला के भाई की तहरीर पर जलालपुर थाना पुलिस ने चार के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

जलालपुर थाना क्षेत्र के मकरा गांव निवासी सूरज कुमार चौहान हौज मुरारपुर गांव में अपने जीजा प्रदीप के यहां रहता है। सोमवार को जलालपुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोग पुरानी रंजिश के चलते उसकी बहन अनारा देवी को बीती रात मारपीट कर अधमरा कर दिया।

जिसका इलाज शहर के एक निजी चिकित्सालय में चल रहा है। चोट अधिक लगने से महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

थाना प्रभारी जलालपुर त्रिवेणी सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर गांव के ही राजकुमार, जितेन्द्र, भानू, और विकाश के विरूद्ध केस दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षक अनुमोदन सीपीएफ कटौती के लिए शिक्षक संघ ने कुलसचिव को दिया ज्ञापन

■ समस्याओं का निस्तारण न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



पूर्वांचल विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित शिक्षक एशोसियेशन के पदाधिकारियों ने प्राचार्य शिक्षक अनुमोदन और सीपीएफ कटौती को लेकर मंगलवार को कुलसचिव को ज्ञापन दिया। जिसमें समस्याओ के निस्तारण की मांग की।

जिस पर कुलसचिव ने उन्हें आश्वासन दिया शीघ्र कार्रवाई होगी। बता दें कि उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित शिक्षक एशोसियेशन के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर सिंह, महामंत्री डॉ नीलेश सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों का समूह वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय पहुंचा और वह शिक्षक समस्याओं को लेकर कुलसचिव महेंद्र कुमार से मुलाकात की। शिक्षकों ने कहा कि अधिकतर महाविद्यालय में प्राचार्य शिक्षक अनुमोदित नहीं है, कुछ महाविद्यालय को छोड़कर अधिकांश में सीपीएफ की कटौती नहीं हो रही है, इसके अलावा अन्य शिक्षकों की समस्याएं हैं। स्ववित्तपोषित शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है ,इसका तत्काल निस्तारण कराया जाए। शिक्षकों को आश्वासन देते हुए कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि विधसंगत मामले का निस्तारण कराया जाएगा। उपाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार सिंह ने कहा कि स्ववित्तपोषित शिक्षकों के साथ अन्याय बंद होना चाहिए, अन्यथा हम लोग आंदोलन के लिए मुखर होंगे। इस अवसर पर डॉ अमित सिंह, डॉ राकेश कुमार, डॉ पुष्पेंद्र त्रिपाठी, डॉ सुभाष पाल, डॉ बृजमोहन पांडेय, डॉ इंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे।

# बकाया पैसा मांगना रिटायर्ड अधिकारी की मौत का बना कारण



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

रिटायर्ड युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव हत्याकांड का बीती रात थाना लाइन बाजार पुलिस ने खुलासा कर दिया।

पुलिस ने हत्या की इस वारदात को अंजाम देने वाली लेडी डॉन बनी लक्ष्मी मौर्य व उसके दो शातिर बेटे सोनू मौर्य, सुनील मौर्य को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त राड, और लाश को रात में ले जाने वाली स्कूटी को भी बरामद कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि रिटायर्ड अधिकारी स्व रामकृपाल यादव से महिला ने काफी पैसा उधार लिया था। अधिकारी महिला का पूर्व परिचित होने के नाते उसके घर निरन्तर आते जाते थे। उसी पैसे का बकाया मांगने के दौरान घर में हाथापाई और मारपीट हो गई । आवेश में आकर महिला व उसके दोनों बेटों ने वजनदार सामान से सिर में गंभीर चोट कर दिया है। जिससे उसकी मौत हो गई।

हत्या के बाद साक्ष्य को छिपाने के लिए लेडी डॉन और उसके दोनों बेटे मृतक अधिकारी का शव को स्कूटी पर लाद कर वाजिदपुर तिराहा स्थित रेड चिल्ली रेस्टोरेंट के सामने झाड़ी में ले जाकर फेंक दिए। रविवार की सुबह जब लोगों ने लाश देखा तो उनके शव की पहचान रिटायर्ड युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव निवासी खुटहन क्षेत्र के रूप में हुई और फिर परिजन रीते बिलखते मौके पर पहुंचे।

बीते शनिवार को वह अपने पोते के साथ गांव से कार में सवार होकर शहर एक निमंत्रण में कह कर गए हुये थे। वाजिदपुर तिराहे के पास पोता उन्हें छोड़कर किसी काम से चला गया। उनसे कहा कि वह शादी से लौटकर यहां आएं। कुछ देर बाद उनके दोनों मोबाइल फोन बंद हो गए। सूचना पाकर लाइन बाजार थाना प्रभारी सतीश सिंह टीम के साथ लग गए। रात में ही सीसी कैमरे से सुराग मिल गया। रविवार की सुबह रामकृपाल का शव शहर के प्रसिद्ध रेड चिल्ली रेस्टोरेंट के सामने झाड़ियों के पास नाले में पड़ा मिला। घटना के दौरान ही पुलिस ने यह अंदाजा लगा लिया था कि हत्या की इस वारदात को बड़े साजिश के तहत अंजाम दी गई है। झाड़ियों में पाया गया। शव देखने के बाद से ही लग गया था कि हत्या की गयी है। लेकिन पुलिस पोस्टमार्टम के इंतजाम में थी। पीएम रिपोर्ट आने पर पता चला कि सिर पर किसी भारी चीज से वार किया गया है। सिर में खून का थक्का जम गया था। मौके पर ही मौत हो गयी थी। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आसपास लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला। इस दौरान चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। फुटेज में एक व्यक्ति के लाश को स्कूटी पर लाद कर एक युवक रेड चिल्ली रेस्टोरेंट से होकर नाले की तरफ ले जा रहा था। इसी आधार पर पुलिस ने लेडी डॉन बनी लक्ष्मी मौर्य पत्नी किशन लाल मौर्य निवासी ग्राम व थाना सिगरामऊ और उसके दोनों बेटे सोनू मौर्य, सुनील मौर्य पुत्रगण किशन लाल मौर्य निवासी ग्राम और थाना सिगरामऊ जिला जौनपुर को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की तो सारे राज खुल गए। पूछताछ के बाद अभियुक्त की निशान देही पर वारदात में प्रयुक्त राड, और लाश को रात में ले जाने वाली स्कूटी को भी पुलिस ने उनके आवास से बरामद कर लिया है।

### पैसा ही रिटायर्ड अधिकारी की मौत का बना कारण

- दो बेटों संग मिलकर लेडी डॉन बनी माँ ने दिया घटना को अंजाम
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किया चालान
- युवा कल्याण अधिकारी की हन्या का पुलिस ने किया खुलासा,

जौनपुर। सिगरामऊ थाना क्षेत्र निवासी लक्ष्मी मौर्य पन्नी किशन लाल मौर्य निवासी ग्राम व थाना सिगरामऊ का पति विकलांग और असहाय है। बहुत गरीब होने के नाते रिटायर्ड अधिकारी रामकृपाल यादव से जब इसकी पहली मुलाकात हुई तो वह गाहे बगाहे हर मोड़ पर महिला की मदद करने लगे। उसके दोनों बेटे सोनू मौर्य, सुनील मौर्य पुत्रगण किशन लाल मौर्य अंकल, अंकल कहकर हर जरूरत पर मदद लेते थे। इस बात का खुलासा थाना लाइन बाजार पुलिस ने अपनी जांच में किया है। पुलिस का कहना है कि रिटायर्ड अधिकारी के मोबाइल में महिला और उसके बेटे का नंबर शेव था। तीज न्यौहार व अन्य जरूरी कार्यक्रम में महिला के घर रिटायर्ड अधिकारी का आना-जाना था। उन्होंने काफी रकम उसे उधार में दिया था। घटना वाले दिन पैसे के लेन देन में विवाद हुआ तो वही सीधी-सादी महिला उनका कन्ल करते हुए खुद लेडी डॉन बन गई। वैसे पुलिस का कहना है कि महिला बेहद ही शातिर है। इसके यहां कुछ गलत किस्म के लोगों का आना-जाना पहले से बना हुआ है। सीधे-साधे लोगों को अपने जाल में फसाना फिर उनसे लम्बी रकम उधार के तौर पर ऐठनाँ इस महिला का पुराना शगल रहा है।

# शांति समिति की बैठक में छाया रहा गंदगी का मुद्दा

■ नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में कुकुहां मोड़ पर भरा पड़ा है नाली का गंदा पानी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



गौराबादशाहपुर थाना परिसर में मंगलवार को कस्बे के प्रबुद्ध नागरिकों के बीच शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें थानाध्यक्ष ने कहा कि ग्राम सभाओं में चौपाल का आयोजन कर पुलिस पुराने विवादों का निस्तारण करने का प्रयास कर रही है। इसमें गांव के सम्मानित लोगों का सहयोग भी लिया जायेगा। बैठक में नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में गंदगी का मुद्दा छाया रहा। कस्बे के समाजसेवी मो. तौफीक ने नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में गंदगी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कस्बा के कुकुहां मोड़ पर नाली का गंदा पानी भरा पड़ा हुआ है। जिससे गंदगी फैल रही है। बदबू से आसपास के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इसके निकासी के लिये नगर पंचायत ने नाले का निर्माण भी करा दिया है। फिर भी नगर पंचायत की लापरवाही के चलते समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिला प्रशासन भी उदासीन बना हुआ है। इस मुद्दे का समर्थन करते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह ने इसके जल्द समाधान की मांग की। बैठक में मौजूद चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश सोनकर ने आश्वासन दिया कि तीन महीने के अंदर इस समस्या का समाधान करा दिया जायेगा। बैठक में श्यामबिहारी यादव, राहुल सिंह, सुजीत जायसवाल, आतिश सोनकर, इकबाल, नगेन्द्र राजभर आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# चोरों ने लाखों रुपए की चोरी कर मचाई सनसनी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद। जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें कम नहीं हो रही है। पिछले एक महीने में चोरी की आधा दर्जन घटनाएं घटित हो चुकी। लेकिन पुलिस एक भी मामले का खुलासा नहीं कर चुकी । क्षेत्र के किरतापुर गांव में बीती रात घर मे घुसकर चोरों ने दो कमरे का ताला तोड़कर कीमती गहनें और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह सूचना पर पहुची पुलिस ने देर तक जांच पड़ताल किया। जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर गांव के शारदा प्रसाद यादव सोमवार की रात खाना खाकर बरामदे के बाहर सोने के लिए चले गए। उनका बेटा गुलाब और बहू बरामदे से सटे कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान देर रात में किसी समय अज्ञात चोर बरामदे के पास रखे चाभी के गुच्छे को लेकर घर में प्रवेश कर गए। दो कमरे का ताला खोलकर आलमाड़ी में रखे 1 सोने का हार, 4 सोने की चैन, 4 सोने की अंगूठी, 1 कान का झाला और 45 हजार रुपए नगदी को चुरा लिया। सुबह जब शारदा प्रसाद सोकर उठे तो देखा दोनो कमरे खुले हुए हैं और समान बिखड़ा पड़ा हुआ था।

## जौनपुर में भ्रष्टाचार पर प्रहार- विधायक की शिकायत रंग लाई

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** बदलापुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जनपद जौनपुर में घटिया सड़क निर्माण कार्यों को लेकर लंबे समय से जनता में आक्रोश था। अब क्षेत्रीय विधायक रमेश चन्द्र मिश्र की सक्रियता और जनदबाव के चलते एक बड़ा खुलासा सामने आया है। विधायक की शिकायत पर जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह द्वारा कराई गई जांच में ठेकेदार की लापरवाही और मानकविहीन निर्माण कार्य की पुष्टि हुई है। पीडब्ल्यूडी उत्तर प्रदेश को भेजा गया, जिसके बाद शासन स्तर से भी मामला गंभीरता से लिया गया। इस पूरे घटनाक्रम ने बदलापुर की राजनीति में भूचाल ला दिया है, जहां एक ओर ठेकेदार को जवाबदेह ठहराया गया है, वहीं दूसरी ओर विधायक की छवि एक जागरूक जनप्रतिनिधि के रूप में उभर कर सामने आई है। बदलापुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाला बेसार संपर्क मार्ग, जो बीते 15 वर्षों से जर्जर स्थिति में था, हाल ही में भाजपा सरकार में निर्माणाधीन हुआ।

# लाडलेपुर में मारपीट के सात आरोपित गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लाड़लेपुर गांव में बीते रविवार शाम दो पक्षों में हुई मारपीट के दौरान पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। जिन्हे मंगलवार को पुलिस ने सरायख्वाजा के छबीलेपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। बाद में सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के रामधारी व विजय कुमार के लंबे समय से विवाद चल रहा था। रविवार शाम रामधारी जब अपने परिवार के साथ घर पर बैठा हुआ था, इसी दौरान किसी बात को लेकर विपक्ष से विजय ने बात विवाद शुरू कर दिया। विवाद के चलते दोनों में करीब 20 मिनट तक कहा सुनी हुआ। विजय के पक्ष से कुछ लोगों ने गली गलौज करते हुए रामधारी के पक्ष से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में घायल कुल आठ लोग घायल हुए । घायलों के घर चार दिन बाद शादी है। शादी समारोह के पूर्व ही दबंगों ने मारकर लहुलुहान व कर दिया। पुलिस ने मेडिकल कराकर विपक्ष से कुल 7 लोगों के खिलाफ केस पंजीकृत किया था। मंगलवार को उप निरीक्षक अखिलेश कुमार यादव को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की मारपीट में शामिल कुल सातों आरोपित छबीलेपुर तिराहे पर मौजूद है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सातों आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम लालचन्द यादव उर्फ लाले, सचिन यादव, जितेन्द्र यादव उर्फ बबलू, सुबाष यादव, राहुल यादव, रोहित यादव, रुपेन्द्र यादव उर्फ छोटू, निवासी लाडलेपुर थाना सरायख्वाजा बताया।

# हैदरगढ़ में वन माफियाओं की बल्ले-बल्ले

## वन कर्मियों से साठगांठ करके धड़ल्ले से हो रही है प्रतिबंधित पेड़ो की कटान

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**हैदरगढ़।** तहसील हैदरगढ़ क्षेत्र में फसल कटाई होने के बाद से हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज, सुबेहा, भिलवल, लाही बार्डर आदि क्षेत्रों में प्रतिबंधित पेड़ों की कटान धड़ल्ले से जारी है। वेखौफ वन माफियाओं पर वन विभाग और उड़नदस्ता की कार्रवाई का भी कोई असर नही दिख रहा, बल्कि कटान में पहले से और गति आ गई। जनपद के उच्चाधिकारी समय रहते, यदि वेलगाम वन माफियाओं पर कोई ठोस कदम नही उठाया तो चंद वर्षों में क्षेत्र से कुछ पेड़ो की प्रजातियां विलुप्त हो जाएगी। चर्चा है कि हैदरगढ़ के आस पास के क्षेत्रों में बाहरी ठेकेदारों की धमक है जो नई सड़क, नगराम, इन्हौना, शिवगढ़ आदि क्षेत्रों से आकर क्षेत्र के अलग अलग स्थानो पर चोरी छिपे पेड़ो की कटान कराकर वन विभाग और पुलिस की आंखो में धूल झोंककर फरार हो जाते है। उक्त माफिया इतने शातिर है कि विशाल से विशालकाय पेड़ों को एक से दो घंटे में जमींदोज कर देते है और कार्रवाई से बचने के लिए वाहनों पर तिरपाल डालकर लकड़ी लेकर नौ दो ग्यारह हो जाते है। सबसे पहले बात किया जाए गोमती नदी की तट पर बसा सुबेहा क्षेत्र की तो यहां एक समय में जंगलो की भरमार थी, लेकिन अब नाम मात्र के जंगल ही शेष बचे है। जंगलो को साफ करने में वन माफियाओ ने कोई कोर कसर नही छोड़ी बीते चंद वर्षो में ही सुबेहा, शरीफाबाद, विद्दी का पुरवा, कैथी, मुस्तफाबाद, थलवारा, माल्हन का पुरवा जैसे तमाम गांवों में धीरे-धीरे करके जंगलो का सफाया कर दिया। यदि इसका उदाहरण देखना है तो एक बार सुबेहा क्षेत्र का भ्रमण जरूर करें यहां हर चौराहे पर आरा मशीनो की गड़गड़ाहट सुनाई देगी जिस पर कुछ अंश प्रतिबंधित और बाकी छूट प्रजाति की लकड़ियों का अंबार है। इसके अलावा सड़क के किनारे लकड़ी की तामाम ठेकी खुली हुई है जो बड़े वाहनों से हर दिन शहरो को लकड़ी सप्लाई करते है। यदि बात किया जाए हैदरगढ़ और त्रिवेदीगंज क्षेत्र की तो यहां नई सड़क के ठेकेदारों की धमक बरकरार है जो आए दिन क्षेत्र से प्रतिबंधित पेड़ो को काट रहे है, कई बार विभागीय कार्यवाही भी हुई, इसके बावजूद कटान पर विराम नही लग सका। नाम छापने की शर्त पर एक ठेकेदार ने बताया कि यहां सब कुछ चलता है वन विभाग, पुलिस के अलावा कुछ तथाकथित लोगों को साध कर पर्यावरण की ऐसी तैसी कर सकते है। कुलमिलाकर हैदरगढ़ क्षेत्र इस समय कटान का गढ़ बन गया है। इस सम्बन्ध में वन अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध कटान जहां होती है सूचना मिलने पर कार्यवाही की जाती है और ठेकेदार से जुर्माना वूसला जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर क्षेत्र में कहीं अवैध कटान हो रही है तो ग्रामीण सजग प्रहरी बनकर सूचना दें उस पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी। कुल मिलाकर फलदार प्रतिबंधित पेड़ो की अवैध कटान से ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोष व्याप्त है।

# सुन लो मेरी पुकार पवनसुत विनती बारम्बार...



■ ज्येष्ठ के चौथे बड़े मंगल पर्व पर हनुमान मंदिरो में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

ज्येष्ठ के चौथे बड़े मंगल पर्व पर भगवान बजरंगबली के मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। नगर से लेकर कस्बो में स्थित मंदिरो पर दर्षन करने और प्रसाद चढ़ाने के लिए हजारो भक्त लम्बी कतार लगाये खड़े रहे। भक्तों ने भगवान बजरंगबली के दर्षन करके उनको प्रसाद चढ़ाया और अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए प्रार्थना भी की। इतना ही नही भक्तों ने भण्डारो का आयोजन करके प्रसाद भी वितरित किया। जानकारी के अनुसार, ज्येष्ठ के चौथे बड़े मंगल पर्व पर नगर के धनोखर चौराहे पर स्थित वीर बली हनुमान मंदिर पर प्रातः काल से ही भक्तों का आना जाना शुरु हो गया था। मंदिर पर भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया था। भक्तों ने बजरंगली के दर्षन किये और उनको प्रसाद चढ़ा करके मन्नते भी मांगी। इसके अलावा नगर में स्थित अन्य मंदिरो पर भी दर्षन करने और प्रसाद चढ़ाने के लिए भक्तों का सैलाब दिखायी पड़ रहा था। नगर के अलावा कस्बा देवा, विषुनपुर, फतेहपुर, बेलहारा, सुढ़ियामऊ, सूरतगंज, रामनगर, सिरौलीगौसपुर, बदोसरांय, टिकैतनगर, मसौली, दरियाबाद, रामसनेहीघाट, कोटवासड़क, सफदरगंज, जैदपुर, हरख, सिद्धौर, असन्द्रा बाजार, देवीगंज, सुबेहा, हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज, कोठी सहित अधिकांष कस्बो में ज्येष्ठ के चौथे बड़े मंगल पर हनुमान मंदिरो में जा करके भक्तों ने प्रसाद चढ़ाया। बजरंगबली भक्तों ने जगह जगह भण्डारो का आयोजन करके प्रसाद वितरित किया। प्रसाद में कहीं सब्जी पूड़ी तो कहीं पर छोला चावल व विभिन्न प्रकार के प्रसाद वितरित किये। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने चतुर्थ मंगलवार को बल बुद्धि विवेक के दाता बजरंगबली जी महाराज के भक्तों की सेवा के लिए छाया चौराहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारी तुषार यादव द्वारा आयोजित भंडारे में षिरकत की उसके बाद श्री गोप विधानसभा रामनगर के बदोसराय चौराहे पर धर्मू यादव के प्रतिष्ठान पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव धर्मू यादव गुफरान मिर्जा नियाज अंसारी द्वारा आयोजित भंडारे में उपस्थित होकर भगवान बजरंगबली जी महाराज का दर्शन पूजन कर सभी के कल्याण एवं सुख समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना कर हनुमान महाराज का जी आशीर्वाद प्राप्त कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित कर प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालुओं के बीच व्यक्त किये। इस मौके पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, अविरल सिंह, मिथिलेश तिवारी, अजय वर्मा बबलू आदि मौजूद रहे।

### रामनगर में रही भण्डारो की धूम

रामनगर बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार पर क्षेत्र के हनुमान मंदिरों सहित विभिन्न स्थानों पर समाजसेवी व धर्मभीरू जनों द्वारा चलाए जा रहे भंडारों में पूड़ी सब्जी छोले चावल व बूंदी प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। नगर पंचायत रामनगर अध्यक्ष के आवास के सामने स्थित नर्मदेष्वर महादेव मंदिर पर किन्नरो द्वारा चलाए जा रहे भंडारे में छोले चावल व बूंदी प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। बुढ़वल चौराहे पर समाजसेवी विनोद शुक्ला विवेक शुक्ला शुभेंद्र व अमरेंद्र शुक्ल द्वारा पूड़ी सब्जी व बूंदी प्रसाद का वितरण किया जा था। इसी क्रम में नगर पंचायत के मोहल्ला धमेड़ी-1में अनिल अवस्थी अंकित अवस्थी द्वारा पूड़ी सब्जी व बूंदी रामनगर बदोसराय मार्ग पर सुशील तिवारी ऋषभ तिवारी गौरव तिवारी द्वारा छोले चावल यूनियन इंटर कॉलेज के सामने उमेश राजपूत शुभम अग्रवाल अशोक अवस्थी ज्ञान प्रकाश शुक्ला विनीत जायसवाल सतीश अग्रवाल द्वारा छोले चावल व बूंदी इंडेन गैस एजेंसी के पास राजेश त्रिपाठी श्याम मणि त्रिपाठी व गोलू तिवारी द्वारा कढ़ी चावल व बूंदी के प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। पक्का तालाब स्थित हनुमान मंदिर पर समाजसेवियों द्वारा अलग-अलग चलाए जा रहे भंडारों में पूड़ी सब्जी बूंदी छोले चावल शरबत आदि प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। बुढ़वल स्थित भूईहारे बाबा के स्थान पर भी भंडारे का आयोजन हुआ।

# बेगुनाहों के लिए लड़ेंगे आर पार की लड़ाई : हरगोविन्द सिंह

■ शैलेन्द्र हन्याकाण्ड में निर्दोषो को जेल भेजे जाने के मामले में क्षत्रिय समाज एकजुट

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

बीते दिनों मोहम्मदपुर खाला कोतवाली इलाके की ग्राम पंचायत गोडा मे हुई शैलेंद्र मौर्य की हत्या के मामले में नामजदों के साथ-साथ मुकामी पुलिस ने पीड़ित परिवार के आरोप के आधार पर तकरीबन आधा दर्जन अन्य लोगों को जेल भेजा है। जिसमें पुलिस के मुताबिक अब तक 13 लोग जेल जा चुके हैं। जिसको लेकर क्षत्रिय समाज में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। जिसको लेकर पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह की अगुवाई में क्षत्रियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान से मिलने मंगलवार को पहुंचा था। अपरिहार्य कारणों से जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात नहीं हो सकी जिसके क्रम में क्षत्रिय प्रतिनिधिमंडल को कार्यालय से बुधवार को डीएम व एसपी से मुलाकात का समय मिला है। जिसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल पूर्व एमएलसी की अगुवाई में जिला कारागार मे साजिशन बंद आरोपियों से मुलाक़ात कर हर सभंव मदद करने का भरोसा दिलाया। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह ने कहा कि बेगुनाहों के लिए आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। शासन और प्रशासन के समक्ष वास्तविक तथ्य प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखकर मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की जाएगी। इस मौके पर सूरतगंज के पूर्व प्रमुख बृजपाल सिंह ज्ञानू, भाजपा जिला पंचायत प्रकोष्ठ संयोजक अरूण सिंह, सूरतगंज प्रमुख प्रतिनिधि कुंवर आशीष सिंह, पूर्व प्रधान संजय सिंह,प्रधान सुधीर सिंह प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि नैन्टूं सिंह, उच्च न्यायालय अधिवक्ता धर्मेन्द्र सिंह दीपक, किसान नेता दद्न सिंह, नरेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, प्रधान चंदन सिंह, धर्म सिंह, कल्लू सिंह, ठाकुर मोनू सिंह, विशाल सिंह, पंकज सिंह, दुर्गेश सिंह, प्रधान अनूप सिंह, अमित सिंह आजाद सहित सैकडो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगल को नगर में विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**शुक्लागंज।** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल के अवसर पर राजधानी मार्ग के विभिन्न स्थानों पर आम जनमानस के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां नगर के समाजसेवियों ने राहगीरों को शर्बत पूड़ी सब्जी कढ़ी चावल वितरित किया। डाकखानें के पास समाजसेवी गोविन्द तिवारी अपनी सहयोगीयों के साथ पुड़ी सब्जी कढ़ी चावल का प्रसाद वितरित किया। अपने प्रतिष्ठान पर सुबह हनुमान जी की विशेष पूजा कर भंडारे में लोगों ने पूडी सब्जी और कढ़ी ,चावल,बूंदी,शरबत के रूप में प्रसाद ग्रहण कराया। नगर के पत्रकार समाज सेवी प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे व भारी संख्या में लोग ने सुबह से शाम तक पहुंचते रहे। कई पत्रकारों ने भी पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इसे बुढ़वा मंगल भी कहा जाता है। यह पर्व ज्येष्ठ माह के हर मंगलवार को मनाया जाता है और विशेष रूप से भगवान हनुमान के वृद्ध रूप की पूजा की जाती है। इसके अलावा राजधानी मार्ग पर विभिन्न मंदिरों पर भंडारे का आयोजन हुआ और कई दुकानदारों में अपनी दुकान के बाहर शरबत वितरण किया जिसमें मुख्य रूप से रसिया बिल्डिंग और जोगा भोगा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के पास भी भंडारे का आयोजन हुआ डाकखानें के पास हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय पासी,सोनू यादव, रंजीत सिंह वेद प्रकाश अंशुमान तिवारी विपिन शर्मा मोहित तिवारी मुकेश श्रीवास्तव प्रदीप योगी उपस्थित रहे।

# भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं बजरंगबली : सतीश शर्मा



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

टिकैतनगर। बजरंगबली की शरण में जो भी भक्त जाता है तो बजरंगबली भगवान उसकी सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। सच्चे मन से की गयी फरियाद कभी खाली नही जाती है। बजरंबली उसकी झोली भर देते हैं। उक्त बात ज्येष्ठ के चौथे बड़े मंगल पर्व पर नगर पंचायत टिकैतनगर के मुख्य चौराहे पर श्री यज्ञसैनी वैष्य समाजसेवा समिति द्वारा आयोजित भण्डारे में प्रसाद वितरण के दौरान प्रदेष के राज्यमंत्री सतीष चन्द्र शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म पूरे विष्व का सबसे बड़ा धर्म है। सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ो लोग हैं। आदर्श नगर पंचायत टिकैतनगर के मुख्य चौराहे पर श्री यज्ञसेनी वैश्य समाज सेवा समिति टिकैतनगर के द्वारा सुन्दर काण्ड का पाठ करके भंडारे का आयोजन किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक व प्रदेष के राज्यमंत्री सतीष शर्मा का जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने हनुमान जी के चित्रण पर माल्यार्पण करके अपने हाथों से प्रसाद वितरण भंडारे का आगाज़ किया। इस अवसर पर त्रिजुगीनारायण, मुन्ना यज्ञसेनी, गिरीश यज्ञसेनी, मनोज, नितिन, दीपू, जीतू, सोनू, हिमांशु, कौशिक, सुधीर, शनि, तोशू, कल्लू, आलोक, रीतेश आदि सभी यज्ञसेनी समाज के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### टिकैतनगर में गूंजते रहे बजरंगबली के जयकारे

टिकैतनगर बाराबंकी। नगर पंचायत टिकैतनगर में जेष्ठ माह का चौथा बड़ा मंगल पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही हनुमान भक्तों की भारी भीड़ मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ पड़ी। पूरे दिन नगर में धार्मिक वातावरण बना रहा और जगह-जगह भंडारों में प्रसाद वितरण होता रहा। नगर के प्रमुख स्थलों जैसे मुख्य चौराहा, पी.डी. जैन इंटर कॉलेज, बैंक ऑफ इंडिया, रामजानकी मंदिर, पश्चिम फाटक सहित अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारों का आयोजन किया गया। सभी स्थानों पर भक्तों को श्रद्धापूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। स्थानीय लोगों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर आयोजन में भाग लिया। राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने मुख्य चौराहे पर पहुंच कर प्रसाद वितरण किया। हनुमान चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन और दीप प्रज्ज्वलन जैसे धार्मिक कार्यक्रम भी दिनभर चलते रहे।पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।बड़ा मंगल के इस अवसर पर नगर में आस्था, सेवा और सामूहिक सहभागिता की एक सुंदर मिसाल देखने को मिली।

# मसौली में अवारा कुत्तो का आंतक, सीएचसी में बढ़ रही है भीड़

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**मसौली।** क्षेत्र मे आवारा कुत्तो का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा हैं जिस कारण कुत्ते के काटने से घायल हुए मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं गर्मी बढ़ने के साथ ही कुत्ते हिंसक हो रहे है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे रोजाना करीब 20 से 25 एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगाये जा रहे हैं। क्षेत्र मे कुत्ते खूंखार होते जा रहे है गाँव गली मे कुत्तो का आतंक बढ़ता जा रहा हैं सीएचसी बड़ागांव मे कुत्ता काटने के इंजेक्शन वाले काउंटर पर हर रोज मरीजों की भीड़ लगी रहती हसी अस्पताल मे रैबीज के इंजेक्शन के आंकड़े बया कर रहे है कि क्षेत्र मे हर रोज 20 से 25 लोगो पर हमला कर घायल कर रहे है। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे जब पड़ताल की गयी तो मंगलवार को नये मरीजों मे मसौली निवासी विष्णु गुप्ता पुत्र ओमकार, अमित पुत्र विक्रम,उपदेश पुत्र केशन, सुरेंद्र पुत्र राम आधार, अर्पित पुत्र राम कैलाश, मो. हस्सान पुत्र अतीक, आजम पुत्र कय्यूम, शिवांगी पुत्री शिवा, राम सरन, बिछलखा निवासी आनंद पुत्र बुधराम, बांसा निवासी रामदुलारी पुत्री जगत नरायण, मुश्कीनगर निवासी वंदना पुत्री जगप्रसाद, बिरौली निवासी अभिषेक पुत्र राकेश, मदारपुर निवासी विदेश पुत्र प्रेमचंद को कुत्तो ने काटकर घायल कर दिया तो विवेक पुत्र पप्पू नेवला करसंडा, किन्हौली निवासी सरिता पुत्री श्रवण कुमार को बंदरो ने काटकर घायल कर दिया जो कुत्ते काटने के चलते इंजेक्शन लगवाने अस्पताल आये थे। वही करीब 15 लोग दूसरा व तीसरा इंजेक्शन लगवाने आये थे।



# शिव मानव सेवा समिति व बैसवारा सर्विस सेंटर वर्ष भांति राशन कलेक्शन सेंटर कार्यालय का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



शुक्लागंज उन्नाव कश्मीर अमरनाथ दर्शनार्थी श्रद्धालु के मद्देनजर रखते हुए शिव मानव सेवा समिति के बैनर तले राजधानी मार्ग धोबिन पुलिया के समीप बैसवारा सर्विस सेंटर वर्षों की भांति राशन कलेक्शन सेंटर कार्यालय का उद्घाटन करते हुए आचार्यो देवेंद्र कुमार मिश्रा उर्फ बबलू पंडित द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ सर्वप्रथम गणेश जी का पूजन अर्चन करने के पश्चात अमरनाथ शिव बाबा जी का विधिवत सांस्कृतिक विचारधारा से श्रद्धा पूर्वक पूजन अर्चन करने के पश्चात कार्यालय का उद्घाटन कर एवं जेठ के चतुँथ मंगलवार को बजरंगबली जी की श्रद्धा पूर्वक पूजन अर्चन करने के पश्चात राजधानी मार्ग स्टाल लगाकर शरबत प्रसाद वितरण किया गया इसके पश्चात प्रतिदिन प्रातः काल सायंकाल पूजन अर्चन करने के पश्चात शिव आरती के दौरान प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं कार्यालय खुलने के पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा कस्बों ग्रामीणों क्षेत्रों व जनपद प्रदेशवासियों से राशन कलेक्शन कार्यक्रम जारी रखते हुए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पंद्रह जून को डीसीएम ट्रक द्वारा राशन सामग्री 14 वाँ बालटाल पार्किंग गेट नंबर-1 पर विशाल भंडारे का राशन सामग्री प्रस्थान होगा एवं प्रस्थान करने के पूर्व शिव मानव सेवा कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे कस्बों में जय कारे नारे लगाते हुए भूखे को अन्न प्यासे को पानी हर हर महादेव अमरनाथ की जय घोष दोपहिया वाहनों से भ्रमण करने के पश्चात जगह-जगह स्वागत किया जाएगा एवं वर्षों की भांति कश्मीर अमरनाथ दर्शनार्थी श्रद्धालुओं मरीजों के लिए दो मेल काश्मीर ऊपर स्वास्थ्य मेडिकल कैंप तथा बालटाल पार्किंग गेट नंबर वन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिससे वर्षों की तर्ज पर कार्यकर्ताओं द्वारा राशन कलेक्शन एकत्रित कर ट्रकों द्वारा कश्मीर अमरनाथ दर्शनार्थी श्रद्धालुओं के लिए प्रस्थान किया जाएगा

इस मौके पर पालिका प्रतिनिधि भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश गुप्ता गोल्डी बॉबी पांडे मनोज यादव रज्जन सिंह बैसवारा पत्रकार अजय तिवारी संजय सिंह उदय पांडे कमल वर्मा राजू सोसायटी अविनाश बाजपेई राहुल सप्रू शिवा सचान शिव कुमार अग्निहोत्री मिंटू निषाद सीताराम गुप्ता पूर्व प्रधान रामनारायण यादव राज अंशु लक्ष्य पांडे नमो पांडे विनोद राठौर गजेंद्र बीर बिक्रम बहादुर मंगल सिंह बैसवारा जीतू गुप्ता हरिओम गुप्ता अनिल रश्मि आदित्य कुमार विपिन छोटू आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल




जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**नवाबगंज।** भंडारे में जाने के लिये निकला युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। राहगीरों ने सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने रेफर कर दिया। असोहा थाना क्षेत्र के कटेहरू गांव निवासी शिवा (19) पुत्र राम सेवक अपने गांव निवासी दोस्त अवधेश के साथ बाइक से नवाबगंज जाने के लिये मंगलवार दोपहर को निकला था। शिवा नवाबगंज कस्बे के राजमार्ग पर अवधेश को छोड़कर पक्षी विहार तक जाने की बात कहकर बाइक लेकर चला गया। वापस लौटने के दौरान कस्बे के दुर्गा मंदिर रोड के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया।

# जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

गंगा दशहरा एवं ईद-उल-अजहा (बकरीद) त्यौहारों को शान्तिपूर्ण, सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में जिले के संभ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरूओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा अधिकारियों के साथ जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में विभिन्न धर्मगुरूओं व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा गंगा दशहरा एवं ईद-उल-अजहा (बकरीद) से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं व सुझावों से डीएम को अवगत कराया गया, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि दिये गए सुझावों/समस्याओं का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करायी जाएगी। इस मौके पर डीएम ने समस्त नगर निकायों के अधिशासी



अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कुर्बानी एवं अन्य परम्पराएं जो पूर्व में होती हुई चली आ रही हैं, उन्हीं के अनुसार ईद-उल-अजहा का त्यौहार मनाया जाए तथा कुर्बानी निर्धारित एवं बन्द स्थानों पर ही की जाए व अपशिष्ट प्रबन्धन की समुचित व्यवस्था की जाए। नगरीय/ग्रामीण क्षेत्रों तथा ईदगाहों के आस-पास विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई करायी जाये तथा बिजली व पेयजल आपूर्ति हेतु पर्याप्त इंतेजाम किए जाएं। कूड़े गाड़ी में पन्नी और बालू डालकर ऐसी व्यवस्था की जाए ताकि अपशिष्ट पदार्थ रास्ते में न गिरे। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि त्यौहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने को लेकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के पर्याप्त इंतेजाम सुनिश्चित कराए जाएं। गंगा दशहरा को लेकर डीएम ने कहा कि प्रत्येक स्नान/मेला स्थल पर महिला टॉयलेट, चेंजिंग रूम, नाव व गोताखोर सहित सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतेजाम कराए जाएं। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। सभी लोग सोशल मीडिया का प्रयोग सोच-समझ कर करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट को प्रसारित करने से बचें। किसी भी प्रकार की अफवाह को लेकर भ्रमित न हों तथा आपसी शांति एवं सौहार्द को बनाए रखें। डीएम ने सभी जनपदवासियों को गंगा दशहरा एवं ईद-उल-अजहा (बकरीद) की अग्रिम शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोग संयम, मानवता, संवेदनशीलता, शालीनता, प्रेम, भाई-चारा, सौहार्द एवं परम्पराओं का पालन करते हुए तथा किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावना को आहत किये बगैर त्यौहार को पूरे उत्साह के साथ मनाएं। आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के लिए उन्नाव की जो पहचान है उसे बनाए रखे। यहां की परम्परा एवं गंगा-जमुनी तहजीब को अक्षुण्य बनाए रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने समस्त क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गंगा दशहरा एवं ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्यौहार के दृष्टिगत सतर्क रहें और अराजकतत्वों पर पैनी नजर बनाए रखें। बड़े-बड़े मंदिरों व मस्जिदों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। कोई भी गैर परम्परागत काम न किया जाए। नमाज सड़क पर न की जाए। किसी भी प्रतिबन्धित जानवर की कुर्बानी न हो।

कुर्बानी के फोटोज एवं वीडियोज सोशल मीडिया पर प्रसारित न किए जाएं। बैठक में एडीएम सुशील कुमार गोंड, एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव, सहायक कलेक्टर शौर्य अरोडा, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कुमार सिंह व प्रेम चन्द्र, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज सहित समस्तउप जिलाधिकारी/ क्षेत्राधिकारी गण, अन्य अधिकारी गण तथा विभिन्न समुदायों एवं सामाजिक संगठनों के संभ्रान्त लोग मौजूद रहे।

# बकरीद और गंगा दशहरा को लेकर जिला शांति समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आगामी पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) एवं गंगा दशहरा को लेकर जिला शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद शांतिप्रिय जनपद है, यहां पर सभी पर्व एवं त्यौहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं जाते है। शांति व सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के लिए सामाजिक सौहार्द के साथ आगामी पर्व को मनाया जाये। किसी भी नई परंपरा की शुरूआत न की जाये। सार्वजनिक मार्ग बाधित करके कोई भी आयोजन नही होना चाहिए। पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, प्रकाश आदि की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। सभी व्यवस्थायें पहले से सुनिश्चित कर ली जाये। उन्होनें कहा कि प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। बकरीद पर्व पर सार्वजनिक व खुले स्थान पर कुर्बानी न की जाये तथा कुर्बानी के दौरान निकलने वाले अवशेष को खुले में न फेंका जाएं। नालियों अथवा खुले स्थान पर खून को न बहाएं। गड्ढा खोदवाने के बाद कुर्बानी के अवशेष को सुरक्षित स्थान पर दफन करें। डीएम ने गंगा दशहरा को लेकर गंगा तटों पर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि घाटों पर समुचित प्रकाश, साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग आदि की व्यवस्था होनी चाहिए। कहा कि घाटों पर चेंजिंग रूम एवं शौचालय, आदि की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। एम्बुलेंस सहित मेडिकल टीम व घाटों पर फ्लड टीम के साथ स्थानीय गोताखोरों की टीम तैनात रहेगी। श्रद्धालुओं के स्नान घाट पर बैरिकेडिंग व संकेतक चिन्ह लगे होने चाहिए।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान को सफल बनाने का डीएम ने किया आह्वान

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। जिलाधिकारी ने जिले में पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि 05 जून को वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ हो रहा है। प्रत्येक व्यक्ति ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत कम से कम एक पौधा अवश्य रोपे ताकि न केवल पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को एक हरित भविष्य भी प्रदान किया जा सके। स्कूलों व कॉलेजों में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ, ताकि युवाओं में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़े। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी 7 जुलाई को वन महोत्सव को बृहद स्तर पर मनाया जाए। इस अवसर पर सभी शासकीय विभागों, शिक्षण संस्थानों, ग्राम पंचायतों एवं स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। नर्सरी से ब्लॉकवार एवं विभागों को पौधे समय से भेज दिए जाएं। प्रत्येक रोपे गए पौधे की निगरानी सुनिश्चित की जाए और समय से जिओ टैग अवश्य कराया जाए। सभी अधिकारी/कर्मचारी सहित पूरा सरकारी तंत्र अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग ले और अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाएं। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि 05 जून को गंगा दशहरा है। गंगा आरती बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न कराया जाए। इस अवसर पर विशेष रूप से भजन संध्या, दीपदान कार्यक्रम और गंगा स्वच्छता पर जनजागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएं।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आरती स्थल की साफ-सफाई, विद्युत सजावट, पेयजल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि गंगा दशहरा के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने आते हैं, मेहंदी घाट, जलेसर घाट, चियासर घाट में एक भी गड्ढे नहीं दिखने चाहिए। गंगा नदी की स्वच्छता के लिए नियमित सफाई अभियान चलाया जाए और जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए।

# ट्रंप के फोन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने किया सीजफायर: राहुल गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भोपाल



ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया दी। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर समझौते को लेकर राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया। भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस को लेकर कहा कि इन पर जरा सा दबाव पड़ता है और ये पीछे हट जाते हैं। उधर से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक इशारा किया और इन्होंने जी हुजूर... करके सीजफायर कर दिया। राहुल गांधी का ये बयान एक्स पर शेयर किया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि इतिहास गवाह है, यही बीजेपी-आरएसएस का चरित्र है, ये हमेशा झुकते हैं। भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। उन्होंने कहा कि 1971 की लड़ाई में इंदिरा गांधी को जो करना था वो उन्होंने किया। कांग्रेस पार्टी सरेंडर नहीं होती है। गांधी जी, जवाहर लाल नेहरू और सरदार पटेल सरेंडर करने वाले लोग नहीं थे। ये सुपर पॉवर से लड़ने वाले लोग थे।

### देश में विचारधारा की लड़ाई

राहुल गांधी ने कहा कि इन दिनों देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। पहली लड़ाई संविधान की है। इसमें एक तरफ कांग्रेस पार्टी है जो संविधान के साथ खड़ी हुई है। दूसरी लड़ाई सामाजिक न्याय की है। जाति जनगणना को लेकर सरकार का रवैया महिला आरक्षण की तरह ही है। जाति जनगणना को लेकर उन्होंने तेलंगाना का उदाहरण दिया। जाति जनगणना को लेकर जनता ने सर्वे के सवाल तय किए। ऐसा अन्य जगह नहीं हुआ है। देश के विकास के लिए सभी की भागीदारी होनी चाहिए है। जाति जनगणना के लिए तेलंगाना मॉडल ही बेहतर है।

### एमपी कांग्रेस के लंगड़े घोड़े होंगे रिटायर

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की कोई कमी नहीं है। एमपी में ही भाजपा को हराने वाले कार्यकर्ता बैठे हुए हैं लेकिन उनके हाथ बंधे हुए हैं। कार्यकर्ताओं की आवाज कांग्रेस के संगठन में ठीक से सुनाई नहीं दे रही है। एमपी की सेना लड़ने के लिए तैयार है लेकिन बीच के लोग गलत बयानबाजी करते हैं। अब कोई ऐसा लोग जो अवसाद में देते हैं। कुछ ऐसे हैं जो भाजपा का काम भी करते हैं। वर्किंग कमेटी ने फैसला लिया है कि शुरुआत जिला कमेटी से होगी। जिला अध्यक्षों की शक्ति के साथ कांग्रेस फिर से एमपी में खड़ी होगी। ऐसे लोग जिनका मूड ठीक नहीं है जो थक गए हैं। रेस के घोड़े और बारात के घोड़े को अलग करना पड़ता है। कांग्रेस कभी बारात के घोड़े को रेस में भेज देती है। इन सब के बीच लंगड़े घोड़े भी हैं। अब सही फैसला होगी। अब लंगड़े घोड़ों को रिटायर करना है। लंगड़े घोड़े बाकी सब को परेशान करता है।

### अडाणी-अंबानी चीन का माल भारत में बेच रहे

राहुल ने कहा- देश का पूरा धन चुनिंदा लोगों के हाथ में सौंपा जा रहा है। चारों तरफ बस दो-तीन लोग दिखते हैं, जैसे इनके अलावा देश में कोई और बिजनेसमैन हैं ही नहीं। अमेरिका में अडाणी पर केस चल रहा है, लेकिन हिंदुस्तान में ये कुछ भी कर सकते हैं, क्योंकि ये नरेंद्र मोदी के दोस्त हैं। यानी देश के 90 प्रतिशत लोगों को परे करके सारा पैसा चुने हुए लोगों को सौंपा जा रहा है। अडाणी-अंबानी चीन का माल भारत में बेचते हैं, खुद कमाई करते हैं और रोजगार चीन के युवाओं को मिलता है, जबकि यहां के युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। ये हिंदुस्तान की सच्चाई है। इस देश के युवा को रोजगार नहीं मिल रहा है और इसे छिपाया नहीं जा सकता है। जातिगत जनगणना से पता चल जाएगा कि किसको फायदा मिल रहा है और किसके साथ अन्याय हो रहा है।

### सीएम मोहन यादव बोले, जूते क्यों नहीं उतारे

राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यालय के बाहर पूर्व प्रधानमंत्री और अपनी दादी इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि दी। इस दौरान वे जूते पहने हुए थे। इस पर एमपी के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी दादी इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि देते हुए जूते नहीं उतारे। ये हमारी संस्कृति के विरुद्ध है। उनको थोड़ा ध्यान रखना चाहिए।

### एमपी में शुरू किया संगठन सृजन अभियान, 6 घंटे में 4 मीटिंग कीं

राहुल गांधी मंगलवार को मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। उन्होंने संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की। प्रदेश में यह अभियान 10 जून से 30 जून तक चलेगा। राहुल ने 6 घंटे में चार अलग-अलग बैठकें कीं। राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा, तीन तरह के घोड़े होते हैं। रेस वाला, बारात वाला और लंगड़ा घोड़ा। रेस वाला घोड़ा दौड़कर आगे बढ़ जाता है। बारात वाला घोड़ा, बारात तक ही चल पाता है। तीसरा घोड़ा लंगड़ा होता है जो किसी काम का नहीं होता। हमें रेस वाला घोड़ा बनना है। दौड़कर आगे जाना है।

### राहुल बोले, आज दो हिंदुस्तान बन रहे हैं

राहुल गांधी ने कहा कि देश में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की आबादी करीब 90 प्रतिशत है, लेकिन इनकी भागीदारी ही नहीं है। देश में कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों को ही सारा पैसा दिया जाता है। आज दो हिंदुस्तान बन रहे हैं- एक 90 प्रतिशत का हिंदुस्तान और दूसरा कुछ चुने हुए लोगों का हिंदुस्तान। ऐसे में हम सुपर पावर बनने की चाहे कितनी भी बात कर लें, लेकिन ये तभी संभव है जब हिंदुस्तान अपनी पूरी शक्ति का उपयोग करे।

# पीने लायक नहीं गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी का पानी, सभी नमूने फेल

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

■ गुलमोहर एनक्लेव आरडब्लूए को सीएमओ कार्यालय ने थमाया नोटिस

जल ही जीवन है, ये हम सभी जानते हैं लेकिन इसके साथ जो महत्वपूर्ण है वो है जल का स्वच्छ होना। लेकिन राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में रहने वाले लोगों को पीने का साफ पानी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बीते दिनों नगर निगम और सीएमओ कार्यालय से आई टीम द्वारा लिए गए पानी के पांच नमूने जांच में फेल हो गए। पानी का टीडीएस भी 700 से ऊपर पाया गया ,सोसायटी में पांच स्थानों के गए लिए पानी का सैंपल पीने लायक भी नहीं निकला। यह आरोप जनता लगा रही है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व सोसायटी के नलों से मटमैला पानी निकलने लगा था। जिसको पीने से सोसाइटी के बुजुर्ग और बच्चे बीमार हो रहे थे, जिसके बाद सोसायटी के ही रहने वाले गौरव बंसल ने जिलाधिकारी कार्यालय में आरडब्लूए की गंदे पानी के सप्लाई करने की शिकायत की थी। इस शिकायत का संज्ञान लेकर जिला मुख्यालय से पानी के नमूनों की जांच के निर्देश हुए थे। जांच टीम में नगर निगम गाजियाबाद और सीएमओ कार्यालय के कर्मचारी शामिल थे। जांच टीम ने बीती 28 मई को सोसायटी के यूजी ग्राउंड वाटर, टॉवर एम-2 ओवर हेड, टावर सी-3 ओवर हेड, टावर सी-4 ओवर हेड और मेन ओवर हेड से पानी के सैंपल लिए थे। जिला पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट गाजियाबाद डॉ आर के गुप्ता की जांच रिपोर्ट में पांचों नमूने फेल साबित हुए है। जिसके बाद सीएमओ कार्यालय एम एम जी डिस्ट्रिट हॉस्पिटल से संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ सी.बी. अग्रवाल के साथ एक टीम मंगलवार को गुलमोहर एनक्लेव आरडब्लूए कार्यालय पहुंची और नोटिस रिसीव कराया। साथ ही गुलमोहर एनक्लेव आरडब्लूए को जल्दी-जल्दी पानी की टँकी साफ करने और क्लोरीन डालकर लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद सोसायटी के निवासियों में स्वच्छ पानी मिलने की उम्मीद जगी है।

## जम्मू-कश्मीर में तीन कर्मचारी बर्खास्त, एलजी सिन्हा ने दिखाई सख्ती

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राज्य सरकार के तीन कर्मचारियों को आतंकवादी संगठनों से संबंधों के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311(2)(ऽ) के तहत की गई है, जो सरकार को ऐसे मामलों में जांच के बिना सीधे बर्खास्त करने का अधिकार देता है। जिन कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया था, उनमें मलिक इश्फाक नसीर, जो पुलिस में कांस्टेबल थे, अजाज अहमद, जो स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक थे, और वसीम अहमद खान, जो सरकारी मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में जूनियर असिस्टेंट थे। इन तीनों कर्मचारियों पर कई गंभीर आरोप है। जिनमें आतंकवादी गतिविधियों में सीधे या परोक्ष रूप से संलिप्त होना।

# यशोदा अस्पताल प्रबंधन पर लगा लापरवाही का आरोप

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद के कौशांबी स्थिति यशोदा अस्पताल एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है । इस बार मरीज के ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप लगा है । परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर और प्रबंधन के खिलाफ जमकर हंगामा किया और वही परिसर में ही धरने पर बैठ गए । जिसके कारण पूरे अस्पताल में अफरातफरी का माहौल मच गया । अस्पताल प्रबंधन की भारतीय जनता पार्टी के जुड़ाव का असर यह रहा कि पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी मामले को जल्दी सुलझाने का प्रयास करते दिखे। भीड़ को हटाने और समझाने की कवायद लगातार चली। ज्ञात हो कि मृतक उज्जवल उम्र 35 वर्ष राजनगर एक्सटेंशन के अजनारा सोसाइटी में परिवार सहित रहते थे। उनकी पत्नी और दो बेटियां है। 26 मई को हर्निया के आपरेशन के लिए कौशांबी स्थिति यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन रविवार देर रात्रि में कथित रूप से उज्ज्वल की तबियत बिगड़ने से मौत हो गई । सोमवार की सुबह घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए आपरेशन करने वाले चिकित्सक को मौके पर बुलाने की मांग शुरू कर दिया। जिसके बाद प्रबंधन के हिला हवाली से मामला खराब होता चला गया । हंगामा बढ़ता देख कौशांबी पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गए और मृतक के परिजनों को समझाने का प्रयास करने लगे ।लेकिन पुलिस के सामने ही परिवार मौके पर आरोपी चिकित्सक को बुलाने पर अड़ गए और वही अस्पताल परिसर में बैठ गए थे।

## असली पैसे वाले ऑनलाइन गेम खेलने के लिए आधार जरूरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मद्रास हाईकोर्ट ने मंगलवार को असली पैसे वाले ऑनलाइन गेम खेलने के लिए आधार के जरिए आयु सत्यापन के नियम में ढील देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक इन गेम पर रोक और अन्य प्रतिबंधों को बरकरार रखा। जस्टिस एस. एम. सुब्रमण्यम और जस्टिस के. राजशेखर की बेंच ने यह फैसला सुनाया। हेड डिजिटल वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड और पांच अन्य ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की ओर से याचिकाएं दायर की गई थीं। याचिकाकर्ताओं ने ऑनलाइन गेमिंग विनियम 2025 को असांविधानिक घोषित करने की मांग की थी।

# 'वन नेशन वन हसबैंड' पर सियासी बवाल

## पंजाब सीएम भगवंत मान ने पीएम मोदी पर किया कटाक्ष, भड़की भाजपा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़



बीजेपी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की ऑपरेशन सिंदूर को लेकर की गई टिप्पणियों की कड़ी निंदा की है। बीजेपी ने मांग की है कि सीएम मान को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए और मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए। बीजेपी नेताओं ने भगवंत मान के बयानों को गैर-जिम्मेदाराना और आपत्तिजनक करार दिया है। पार्टी का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर, जो एक महत्वपूर्ण सुरक्षा अभियान था, उस पर पंजाब के सीएम की टिप्पणी न केवल अनुचित है, बल्कि यह राष्ट्रीय हितों के खिलाफ भी है। बीजेपी ने इसे पंजाब सरकार की विफलता और असंवेदनशीलता का प्रतीक बताया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि भाजपा घर-घर जाकर सिंदूर बांटेगी, उन्होंने कहा कि क्या आप मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगे? क्या यह एक राष्ट्र, एक पति योजना है? इसको लेकर पंजाब के बीजेपी प्रवक्ता प्रीतपाल सिंह बलियावाल ने कहा, ÷भगवंत मान का बयान निंदनीय है। उन्हें तत्काल माफी मांगनी चाहिए और अपनी जिम्मेदारी से इस्तीफा देना चाहिए।÷ पार्टी ने यह भी दावा किया कि मान की टिप्पणियां पंजाब की जनता और सुरक्षा बलों का अपमान करती हैं। बीजेपी प्रवक्ता ने सीएम भगवंत मान के विवादित बयान की एक क्लिप भी एक्स परो पोस्ट की है।

### पंजाब सरकार पर सवाल

बीजेपी ने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने बार-बार गलत नीतियों और बयानों से राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाया है। पार्टी ने केंद्र सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की भी मांग की है। बीजेपी ने मांग की है कि भगवंत मान के बयानों की जांच की जाए और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई हो। पार्टी ने कहा कि इस तरह के बयान देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा बन सकते हैं।

# कराची की जेल से 216 कैदी भागे

## भूकंप के बाद अफरातफरी में मेन गेट से फरार, 80 से ज्यादा दोबारा पकड़े गए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद



पाकिस्तान के कराची की मलिर जेल से सोमवार रात 216 कैदी फरार हो गए। जेल प्रशासन के मुताबिक कराची में आए भूकंप के झटकों के बाद ऐहतियातन कैदियों को बैरकों से बाहर निकाला गया था। जियो न्यूज के मुताबिक इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर कैदी मेन गेट से फरार हो गए। इनमें से करीब 80 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया है, जबकि 135 कैदी अभी भी फरार हैं। जेल सुपरिंटेंडेंट अरशद शाह ने मंगलवार तड़के इसकी पुष्टि की। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी। प्रशासन ने साफ किया है कि कोई दीवार नहीं तोड़ी गई, सभी कैदी मेन गेट से ही भगदड़ के बीच भाग निकले।

### भूकंप के बाद कैदियों ने धक्का-मुक्की की

गृह मंत्री लांजार ने बताया कि भूकंप के बाद 700 से 1000 कैदियों को बैरकों से बाहर लाया गया था। इसी अफरा-तफरी में 100 से ज्यादा कैदियों ने मेन गेट की तरफ धक्का-मुक्की शुरू की और भाग निकले। जेल प्रशासन के मुताबिक तलाशी अभियान अब भी जारी है। इस अभियान में स्पेशल सिक्योरिटी यूनिट, रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स रेंजर्स और फ्रंटियर कोर की टीमें मिलकर काम कर रही हैं। घटना के तुरंत बाद जेल का नियंत्रण रेंजर्स और एफसी ने संभाल लिया। आईजी जेल, डीआईजी जेल और जेल मंत्री ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया।

### हादसे में एक कैदी की मौत, 4 सुरक्षाकर्मी घायल

घटना में एक कैदी की मौत की खबर है। वहीं, 4 सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। गृह मंत्री ने माना कि प्रशासनिक लापरवाही भी इस घटना का कारण हो सकती है। मुख्यमंत्री मुराद अली शाह को पूरी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने गृह मंत्री को जेल जाकर हालात की निगरानी करने के निर्देश दिए। सिंध के राज्यपाल कामरान टेसोरी ने भी घटना का संज्ञान लेते हुए गृह मंत्री और इल्ल सिंध पुलिस से सभी कैदियों को जल्द गिरफ्तार करने को कहा। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि हर फरार कैदी की पहचान और रिकॉर्ड उपलब्ध है। उनके घरों और आसपास के इलाकों में छापेमारी जारी है। जेल मंत्री ने कहा कि लापरवाह अफसरों के खिलाफ अनुशासनान्मक कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से चैक पोस्ट्स और निगरानी सख्ती बरती जा रही है।

### पिछले साल पीओके की जेल से 19 कैदी फरार हुए थे

पिछले साल जुलाई में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की रावलकोट जेल से 19 कैदी फरार हो गए थे। इनमें से 6 को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना पुंछ के रावलकोट जेल की है, जो मुजफ्फराबाद से करीब 110 किमी दूर है। रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक कैदी ने पहरेदार से उसकी लस्सी बैरक तक लाने के लिए कहा था। जब पहरेदार लस्सी देने पहुंचा, तब कैदी ने बंदूक तानकर उसे दबोच लिया और उसकी चाबियां छीन लीं। इसके बाद कैदी ने बाकी बैरक का ताला भी खोल दिया था। फिर सभी कैदी मेन गेट की तरफ भागे। इस दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक कैदी की मौत हो गई थी। पाकिस्तान में इससे पहले भी कई बार आतंकियों के जेल तोड़कर भागने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। 2012 में पाकिस्तान के बन्नू शहर में 400 कैदी जेल से फरार हो गए थे।

# ष्टरूसाय ने अनुदान राशि का किया वितरण नवनियुक्त अध्यक्ष शालिनी राजपूत को दी बधाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंगलवार को राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की नवनियुक्त अध्यक्ष शालिनी राजपूत के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हस्तशिल्प विकास की अपार संभावनाएं हैं। यहां की कलाकृतियों की मांग विदेशों तक है। छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्प उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और हस्तशिल्पियों को उनके हुनर की उचित कीमत दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने हस्तशिल्पियों को औजार उपकरण योजना अंतर्गत पाँच पांच हजार रुपये की अनुदान राशि का वितरण किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिल्पकारों को अधिक से अधिक प्रशिक्षण देने की जरूरत है। यह बहुत महत्वपूर्ण बात है कि हस्तशिल्प का कार्य ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में होता है। इसलिए हस्तशिल्प विकास के द्वारा हम बहुत बड़े पैमाने पर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। मुझे आशा है कि हस्तशिल्प विकास बोर्ड इस ओर कार्य करेगा और शिल्पकारों को प्रशिक्षण के साथ ही उन्हें लोन-सब्सिडी भी अधिक से अधिक दिलाकर रोजगार से जोड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोंडागांव के डोकरा आर्ट की विदेशों में मांग है। यह जरूरी है कि शिल्पकारों को बाजार के साथ उत्पाद की उचित कीमत मिले। बिना बिचौलियों के हस्तशिल्पियों की पहुँच सीधे बाजार तक हो, ताकि उन्हें अधिक से अधिक लाभ मिले।

### शालिनी राजपूत को पदभार ग्रहण की दी बधाई

मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ शिल्प विकास बोर्ड की नवनियुक्त अध्यक्ष शालिनी राजपूत को पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृन्व में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड शिल्पकारों की बेहतरी के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रन्येक इलाके में हस्तशिल्पी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। सुशासन तिहार के दौरान मुझे कोंडागांव के शिल्पग्राम जाने का मौका मिला। इस कार्यक्रम में मुझे जो सुंदर टोपी भेंट की गई, वह छिंद और कांसा से बनाई गई थी। जशपुर में हमारे गाँव के नजदीक कोटामपानी में भी छिंद और कांसा से बहुत सुंदर-सुंदर कलाकृतियाँ बनाई जाती हैं।

# यूक्रेन ने रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले पुल पर किया हमला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कीव

यूक्रेन ने मंगलवार को कहा कि उसने उस पुल को निशाना बनाया है, जो रूस को क्रीमिया से जोड़ता है। यह हमला पानी के नीचे विस्फोटक लगाकर किया गया। साल 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन का इस पुल पर यह तीसरा हमला है। इस पुल के जरिए रूसी सेना महत्वपूर्ण आपूर्ति करता था। सीएनएन की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन की सुरक्षा एजेंसी एसबीयू ने टेलीग्राम पर बताया कि उनके एजेंटों ने क्रीमियाई पुल (जिसे केर्च ब्रिज भी कहा जाता है) के सड़क और रेलवे वाले हिस्सों को सहारा देने वाले खंभों में विस्फोटक लगाए थे। पहला विस्फोट मंगलवार सुबह 4:44 बजे किया गया। एजेंसी ने बताया कि इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम देने में कई महीने लगे। एसबीयू ने कहा कि हमले में 1,100 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था, जिससे पुल को सहारा देने वाले पानी के नीचे के खंभों को गंभीर नुकसान पहुंचा। मंगलवार सुबह पुल पर ट्रैफिक रोक दिया गया, फिर दोपहर में भी रोका गया और शाम छह बजे के करीब फिर से आवागमन शुरू किया गया। नुकसान का पूरा आकलन तुरंत नहीं हो पाया है। रविवार को भी एसबीयू ने रूस के उन हवाई अड्डों पर एक बड़ा ड्रोन हमला किया, जहां रूस के परमाणु क्षमता वाले बमवर्षक विमान तैनात थे। एसबीयू प्रमुख वासुल मलियूक ने बताया कि उस हमले से रूस को करीब 7 अरब डॉलर का नुकसान हुआ और रूस की रणनीतिक क्रूज मिसाइल ले जाने वाले 34 फीसदी विमान बुरी तरह प्रभावित हुए।

# 'इंडिया' ब्लॉक ने की विशेष संसद सत्र बुलाने की मांग, संजय राउत बोले, विपक्ष जनता की आवाज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद मंगलवार को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष की आवाज की महत्वपूर्ण है। राउत ने बताया, हमने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है, उस पर 16 सियासी दलो के हस्ताक्षर हैं। यह कोई सामान्य पत्र नहीं है। विपक्ष जनता की आवाज है। हम चाहते हैं कि देश में अब तक जो कुछ भी हुआ है, उस पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाया जाए। राउत ने सरकार से सवाल किया कि जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सुझाव पर संघर्ष विराम हो सकता है, तो विपक्ष की बार-बार की मांग के बावजूद संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा सकता? क्या अब हमें भी विशेष सत्र के लिए ट्रंप से ही अनुरोध करना पड़ेगा? जब उनसे पूछा गया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) का नाम उस पत्र पर क्यों नहीं है, तो उन्होंने कहा कि शरद पवार हमारे साथ हैं। सुप्रिया सुले इस वक्त एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बाहर गई हैं। जब मैं मुंबई लौटूंगा, तो शरद पवार से इस विषय पर बात करूंगा। विपक्षी इंडिया गठबंधन के 16 दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है, जिसमें पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और ट्रंप की घोषणा पर चर्चा की मांग की गई है। इससे एक दिन पहले पत्रकारों से बाचतीत करते हुए कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सशस्त्र बलों को धन्यवाद देने के लिए एक विशेष सत्र बुलाने और आतंकवाद को समाप्त करने की



रणनीति पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। हुड्डा ने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया के 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। पहलगाम आतंकवादी हमले और भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान सभी विपक्ष दल अपने सशस्त्र बलों और भारत सरकार के समर्थ में खड़े थे। जब अमेरिका ने संघर्ष विराम की घोषणा की तो हमने मांग की कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए, ताकि सभी दल हमारे सशसत्र बलों को धन्यवाद दे सकें। उन्होंने यह भी कहा कि पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर और अमेरिका की घोषणा तक, इन सभी घटनाओं पर संसद में खुलकर चर्चा होनी चाहिए। हमें यह भी तय करना होगा कि आतंकवाद का खात्मा कैसे हो और हमारी भविष्य की रणनीति क्या हो। सरकार जब दुनिया के सामने अपनी बात रख रही है, तो उसे संसद में भी यही करना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद डेरेक ओ%ब्रायन ने भी इसी बात को दोहराते हुए कहा कि सरकार संसद के प्रति जवाबदेह है और संसद देश की जनता के प्रति। उन्होंने कहा कि 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। ओ%ब्रायन ने यह भी बताया कि इन 16 दलों के साथ-साथ आम आदमी पार्टी (आप) बुधवार को प्रधानमंत्री को एक अलग पत्र लिखकर इस मांग का समर्थन करेगी। पत्र पर जिन दलों ने हस्ताक्षर किए हैं, उनमें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), द्रमुक, शिवसेना (उद्धव गुट), राजद, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनस), माकपा, आईयूएमएल, भाकपा, आरएसपी, झामुमो, वीसीके, केरल कांग्रेस, एमडीएमके और भाकपा (माले) लिबरेशन शामिल हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)